CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 12-16-2025 23:11 Color:





प्लास्टिक सर्जरी के दावों पर भड़क उठीं रकुल प्रीत

▸p9


NBT नवभारत टाइम्स

**4 am** मंगलवार तड़के यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा, आगरा से नोएडा साइड माइल स्टोन 127 पर एक्सिडेंट।

**2-2** लाख रुपये मृतकों के परिजनों को, घायलों को 50-50 हजार मुआवजे का यूपी सरकार ने ऐलान किया।

# यमुना एक्सप्रेसवे: कोहरे में भयंकर हादसा

## मथुरा में टकराकर जल उठीं कई बसें, 13 ज़िंदा जले



**चश्मदीदों ने बताया** टक्कर के बाद ऐसा लगा जैसे बम फटा, आग की लपटें उठते ही लोग बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूदने लगे।

■ एनबीटी न्यूज, मथुरा

**यमुना एक्सप्रेसवे** पर मथुरा में मंगलवार तड़के घने कोहरे के कारण बड़ा हादसा हुआ। आगरा से नोएडा की साइड एक के बाद एक - सात बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर लगने के बाद गाड़ियों में भयंकर आग लगी। इस हादसे में 13 की जान गई और 100 के करीब घायल हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है, क्योंकि हादसे की शिकार कई बसों में कटे अंग मिले हैं। पुलिस ने बताया कि तड़के 4 बजे के करीब हुआ। चश्मदीदों ने बताया कि आग की लपटें उठते ही लोग बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूद रहे थे। कई लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। लोगों ने कहा, पुलिस और एंबुलेंस घंटेभर बाद पहुंची। पुलिस का कहना है कि सूचना देर से मिली। घना कोहरा बचाव में सबसे बड़ी बाधा बना। दमकल ने आग पर काबू पाया। मृत यात्रियों के कई अवशेष बसों की सीटों पर चिपके मिले। पुलिस इन्हें 17 पॉलिथीन बैग में भरकर ले गई है। DNA टेस्ट से पहचान की जाएगी।

### बच्चे बचाए, लेकिन...

**जलती बस** में फंसी 42 वर्षीय पार्वती के सामने मौत थी। उन्होंने टूटी खिड़की से दोनों बच्चों को बाहर लटकाकर उनकी जान बचाई, लेकिन इस दौरान कांच का टुकड़ा उनकी गर्दन में घुस गया और वह लहूलुहान गिर पड़ीं। इसके बाद से उनका पता नहीं चला। रिश्तेदार अस्पतालों में उन्हें तलाश रहे हैं। ▸▸ पेज 9

### इसका ध्यान रखें

1. विजिबिलिटी कम होती है, ओवर स्पीडिंग न करें, अपनी लेन में ड्राइविंग करें।
2. फॉग लैंप का प्रयोग करें, गाड़ी का इंडिकेटर ऑन रखें, उचित दूरी बनाकर रखें।
3. सड़क के संकेत और रोड मार्किंग को नजरअंदाज न करें, लो बीम पर गाड़ी चलाएं, गाड़ी की मेंटिनेंस ठीक रखें।



**दमकल की** गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। हादसे के बाद बसों से कंकाल और अधजले शव मिले।

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 3

GOOD न्यूज
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-7

### अंतर्ज्ञान

इच्छा स्वाभाविक है, पर तृष्णा रोग है। इच्छा आत्मा की अभिव्यक्ति है, जबकि तृष्णा अहंकार की भूख। इच्छा पूरी न हो, तो भी शांति रहती है। तृष्णा अधूरी रही, तो बेचैनी बढ़ती है। ध्यान रखिए कि जो चाहत प्रेम से उठे, वह इच्छा है और जो भय से उठे, वह तृष्णा। जब हम तृष्णाओं की भीड़ को घटाते हैं, तब जीवन की गुणवत्ता बढ़ जाती है। सच्चा साधक वही है, जो तृष्णाओं की आग को पहचानकर भीतर संतोष का दीप जला सके। इच्छा आपको बढ़ाती है, पर तृष्णा आपको खा जाती है। जब चाहत प्रार्थना बन जाए और तृष्णा मौन हो जाए, तभी आत्मा मुस्कराती है। इच्छाओं से घबराएं नहीं, तृष्णाओं के जाल में आएं नहीं।

# 'जी राम जी' बिल लोकसभा में पेश, लेगा मनरेगा की जगह

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** विपक्ष के तीखे विरोध के बीच लोकसभा में सरकार ने मंगलवार को 'विकसित भारत- जी राम जी विधेयक 2025' पेश किया। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी ऐक्ट (मनरेगा) की जगह पर लाया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस विधेयक को पेश का प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। विपक्ष मनरेगा का नाम बदलने का विरोध कर रहा है और महात्मा गांधी का नाम हटाने को राष्ट्रपिता का अपमान बता रहा है। विपक्ष ने संसद परिसर में विरोध मार्च भी निकाला और नारेबाजी की। केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा, 'कांग्रेस की सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या वह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था? हम इस विधेयक में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दे रहे हैं। यह कोई कोरी गारंटी नहीं है बल्कि 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है।' उन्होंने कहा कि इस विधेयक से गांवों का संपूर्ण विकास होगा।

**विपक्ष ने कहा, नाम बदलना महात्मा गांधी का अपमान**

> इसमें 125 दिन के रोजगार की गारंटी है। ₹1.51 लाख करोड़ से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है। -शिवराज सिंह चौहान

> मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सचाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है। -प्रियंका गांधी



**विपक्ष का मार्च** संसद परिसर में विपक्षी दलों के नेताओं ने किया प्रदर्शन

### हेरल्ड केस में गांधी परिवार को राहत

**दिल्ली की** एक अदालत ने नैशनल हेरल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और 5 अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। ईडी ने कहा कि वह कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगा। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि इस मामले में दाखिल चार्जशीट एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध से संबंधित प्राथमिकी पर। उन्होंने कहा कि कानून के तहत इस पर संज्ञान लेना स्वीकार्य नहीं है।

### दिल्ली की कोर्ट में पेश किए गए लूथरा ब्रदर्स

■ पीटीआई, नई दिल्ली: थाईलैंड से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद मंगलवार को गोवा नाइटक्लब के सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। 6 दिसंबर को गोवा के 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। गोवा पुलिस ने इन्हें ट्रांजिट रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया। इससे पहले, लूथरा ब्रदर्स के भारत प्रत्यर्पण के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। दोनों को मेडिकल जांच के लिए सफदरजंग अस्पताल भी ले जाया गया था।

**आग लगने के बाद दोनों भाग गए थे थाईलैंड**

### त्रिभाषा नीति पर बनी समिति को 1 माह की मोहलत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत राज्य के स्कूलों में लागू होने वाली त्रिभाषा नीति को लेकर गठित डॉ. नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता वाली समिति को राज्य सरकार ने एक महीने की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब यह समिति 4 जनवरी 2026 तक अंतिम रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। यह समिति जाधव की अध्यक्षता में गठित की गई थी। समिति का उद्देश्य राज्य के स्कूलों में त्रिभाषा नीति का स्वरूप तय करना और विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपना है। पहले समिति को 3 महीने में रिपोर्ट सौंपनी थी, जिसकी अंतिम तारीख 4 दिसंबर 2025 थी।

# IPL में ग्रीन सबसे महंगे, टॉप-5 में तीन विदेशी

IPL के अगले सीजन के लिए मंगलवार को हुए अबू धाबी में हुए मिनी ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे महंगे रहे। उन्हें KKR ने अपने साथ जोड़ा। ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रेकॉर्ड तोड़ा। टॉप-5 में तीन विदेशी रहे।



**स्टार्क से आगे निकले**

**कैमरन ग्रीन ₹25.20 करोड़**

कैमरन ग्रीन, ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर, बेस प्राइस 2 करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा



मथीशा पथिराना ₹18 करोड़

कोलकाता ने ही श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को 18 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। पथिराना IPL में बिकने वाले सबसे महंगे श्रीलंकाई प्लेयर बने।



लियाम लिविंगस्टोन ₹13 करोड़

SRH ने लियाम लिविंगस्टोन को 13 करोड़ रुपये में अपने खेमे में शामिल किया। LSG ने भी बोली लगाई, लेकिन बाद में पीछे हटी।

### सबसे महंगे अनकैप्ड प्रशांत और कार्तिक



प्रशांत वीर ₹14.20 करोड़

चेन्नै सुपर किंग्स ने प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा -दोनों को ही 14.20-14.20 करोड़ में खरीदा। दोनों का बेस प्राइस 30 लाख ही था।



कार्तिक शर्मा ₹14.20 करोड़

19 साल के कार्तिक शर्मा राजस्थान के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। यूपी के 20 वर्षीय प्रशांत बाएं हाथ के स्पिनर हैं।

### 'अनकैप्ड' का जलवा

**इंटरनेशनल मैच** नहीं खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बड़ी सफलता मिली। शुरुआती बिके 67 खिलाड़ियों में से 36 अनकैप्ड थे। इनमें जम्मू-कश्मीर के फास्ट बोलर आकिब नबी डार भी हैं, जिन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा। उनकी भी शुरुआती कीमत भी 30 लाख रुपये थी। ▸▸ पेज 8

### फटाफट खबरें

#### प. बंगाल के खेल मंत्री बिस्वास का इस्तीफा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी से जुड़े कार्यक्रम में हुई अराजकता पर खेल मंत्री अरूप बिस्वास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। हालांकि बिस्वास कैबिनेट मंत्री के रूप में बने रहेंगे।



#### रक्षा उत्पादों की कंपनी पर ड्रोन, जांच जारी

नागपुर में रक्षा संबंधी उत्पादों का निर्माण करने वाली 'सोलर इंडस्ट्रीज' की हवाई पट्टी के ऊपर एक अज्ञात ड्रोन दिखने से हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक डॉ.हर्ष पोद्दार ने बताया कि इस बाबत कोंधली पुलिस थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। मामले की जांच जारी है। ▸▸ पेज 4

#### बंगाल : वोटर लिस्ट में 58 लाख नाम हटे

निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्ट समीक्षा (SIR) के बाद पश्चिम बंगाल की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें मृत्यु, पलायन और गणना प्रपत्र जमा न करने सहित विभिन्न कारणों से 58 लाख से अधिक वोटर्स के नाम हटा दिए गए हैं। प्रभावित वोटर्स के लिए सुनवाई प्रक्रिया एक सप्ताह में शुरू हो जाएगी।

# MBVV को मिली सुभाष सिंह ठाकुर की हिरासत

■ मनीष झा/सुरेंद्र नेगी, मुंबई/वसई

लगभग पौने चार साल बाद मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय (MBVV) ने आरोपी सुभाष सिंह ठाकुर उर्फ बाबा को सोमवार रात हिरासत में ले लिया। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के गुर्गे बाबा पर 26 फरवरी 2022 में विरार (पूर्व) के मनवेलपाड़ा इलाके में दिनदहाड़े बिल्डर समरजीत उर्फ समय चौहान पर गोली चलवा कर हत्या करने का आरोप है। पहले से गिरफ्तार 13 आरोपियों से पूछताछ में ठाकुर का नाम सामने आया था। इसके बाद MBVV पुलिस ने 11 आरोपियों के खिलाफ मकोका लगाया था। MBVV क्राइम ब्रांच की शाखा-4 के अनुसार, एक टीम रविवार देर रात उत्तर प्रदेश के फतेहगढ़ जेल पहुंची, जहां कागजी कार्रवाई के बाद सोमवार को बाबा को हिरासत में मुंबई लाया गया।



### जमीन विवाद में हत्या

पुलिस के मुताबिक, विरार (पश्चिम) में रहने वाले समरजीत चौहान बिल्डर था। उसका मनवेलपाड़ा स्थित मोहक सिटी में जमीन को लेकर विवाद था। समरजीत ने जमीन पर अवैध दुकानें बनाई थीं। यह बात यूपी के जेल में बंद ठाकुर तक पहुंची। उसने जेल से ही समरजीत को जमीन खाली करने की धमकी दी, जिसे उसने अनसुना कर दिया। 26 फरवरी, 2022 को उत्तर प्रदेश से आए चार शूटरों ने समरजीत पर चार राउंड फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी थी। ▸▸ पेज 5

# जॉर्डन में मोदी की शाही सवारी



■ अरब देश के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय मंगलवार को खुद कार चलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जॉर्डन म्यूजियम लेकर गए।

■ मोदी 3 देशों की 4 दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को जॉर्डन से इथियोपिया पहुंचे। यात्रा के तीसरे चरण में इथियोपिया से ओमान जाएंगे।

■ भारत में अमेरिकी दूतावास ने X पर लिखा, राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है और एक अच्छा दोस्त बताया है।

# 20 एकड़ परिसर पर म्हाडा करेगा क्लस्टर डिवेलपमेंट

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई को खतरनाक और जर्जर इमारतों से राहत दिलाने के लिए महाराष्ट्र गृहनिर्माण क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) क्लस्टर डिवेलपमेंट योजना के तहत घरों का निर्माण करेगा। मुंबई और उपनगरों में 20 एकड़ या उससे बड़े परिसर पर म्हाडा क्लस्टर डिवेलपमेंट होगा। इसके तहत प्रोजेक्ट के लिए गृहनिर्माण संस्थाओं की मंजूरी अनिवार्य नहीं होगी। मुंबई में म्हाडा की कुल 56 कॉलोनियां हैं, जिनमें 5 हजार से अधिक गृहनिर्माण संस्थाएं शामिल हैं।

समय के साथ कई इमारतें जर्जर और खतरनाक हालत में पहुंच चुकी हैं। म्हाडा ने क्लस्टर डिवेलपमेंट को अपनाकर पुरानी इमारतों के पुनर्विकास को गति देने का किया है। योजना में 30 साल से अधिक पुरानी या अत्यंत जर्जर इमारतों को शामिल किया जाएगा।

### निजी जमीन पर भी तैयार होंगे प्रोजेक्ट

इस क्लस्टर डिवेलपमेंट योजना में निजी जमीन को भी शामिल किया जाएगा। निजी जमीन की भागीदारी के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। साउथ मुंबई में लगभग 13 हजार इमारतें जर्जर अवस्था में हैं, लेकिन कानूनी अड़चनों के कारण उनका विकास नहीं हो पा रहा है। क्लस्टर डिवेलपमेंट योजना के जरिए प्रशासन ने पुरानी और खतरनाक इमारतों के त्वरित पुनर्विकास का रास्ता साफ किया है।

### सराफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| मुंबई | 1,31,249 (-1466) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| मुंबई | 1,91,975 (-1442) |

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,679.86 (-533.50) |
| निफ्टी | 25,860.10 (-167.20) |
| रु/यूएस डॉलर | 91.03 (+0.29) |
| रु/यूरो | 107.0135 (+0.46) |

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 32.4 | 21.7 |
| सांताक्रूज | 33.1 | 17.0 |
| सूर्यास्त बुधवार | 6:04 बजे | |
| सूर्योदय गुरुवार | 7:06 बजे | |

NBT नवभारत टाइम्स सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

# कमाई वाली कामकाजी पत्नी अंतरिम मेंटेनेंस की हकदार नहीं: बॉम्बे हाई कोर्ट

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पर्याप्त आय वाली कामकाजी पत्नी हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अंतरिम मेंटेनेंस की हकदार नहीं है। कोर्ट ने माना है कि अधिनियम की धारा 24 के तहत मेंटेनेंस के लिए पत्नी के पास भरण पोषण के लिए पर्याप्त साधनों की कमी का होना जरूरी है। यह टिप्पणी कर हाई कोर्ट ने कामकाजी पत्नी को मेंटेनेंस देने से इंकार करने वाले फैमिली कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से मना कर दिया। फैमिली कोर्ट ने भी यही फैसला सुनाया था। इसके खिलाफ पत्नी ने हाई कोर्ट में अपील की थी। याचिका में पत्नी ने निचली अदालत के आदेश को गलत बताया था और उसे रद्द करने की मांग की थी।

जस्टिस मंजूषा देशपांडे ने माना है कि पत्नी आर्थिक रूप से स्वतंत्र है और उसके पास भरण पोषण करने के लिए पर्याप्त साधन है। इसीलिए यहां मेंटेनेंस के लिए धारा 24 के तहत निर्धारित जरूरत नहीं पूरी होती है। जस्टिस देशपांडे ने कहा कि अंतरिम मेंटेनेंस का हक स्वतः प्राप्त होने वाला अधिकार नहीं है। यह अधिकार वैवाहिक विवाद के पेंडिंग रहते पत्नी द्वारा स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थता पर निर्भर करता है।

AI Image



■ HC ने फैमिली कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से किया इनकार

■ पत्नी ने फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में की थी अपील

### बेटी को ₹15 हजार मेंटेनेंस का आदेश

मामले से जुड़े दंपती का विवाह 2010 में हुआ था। शादी के बाद 2014 में उन्हें एक बेटी हुई थी। इस बीच आपसी अनबन के बाद बैंक में कार्यरत पत्नी ने क्रूरता के आधार पर तलाक के लिए फैमिली कोर्ट में अर्जी लगाई थी। इसके साथ ही खुद के लिए और बेटी के खातिर 25-25 हजार रुपये मेंटेनेंस के लिए आवेदन किया था। फैमिली कोर्ट ने महिला को मेंटेनेंस देने से मना कर दिया, जबकि बेटी को 15 हजार रुपये मेंटेनेंस दिया।

**हैदराबाद कनेक्शन** तेलंगाना पुलिस ने कहा, मारा गया संदिग्ध 1998 में गया था ऑस्ट्रेलिया

# फिलिपींस का दावा, भारतीय पासपोर्ट पर आया था सिडनी बीच का हमलावर

■ एएफपी, मनीला (फिलिपींस)

**ऑस्ट्रेलिया** में सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के संदिग्ध पिता-पुत्र ने नवंबर फिलिपींस में बिताया था। मनीला के इमीग्रेशन विभाग ने मंगलवार को बताया, 'आरोपी साजिद अकरम (50) ने भारतीय पासपोर्ट और उनका बेटा नवीद अकरम (24) ने ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट पर 1 नवंबर को सिडनी से फिलिपींस में एंट्री की थी। दोनों दावो शहर गए थे और वहां से 28 नवंबर को मनीला होते हुए सिडनी लौटे थे।


दावो फिलिपींस के मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलिपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। यह इस्लामी उग्रवादी का गढ़ माना जाता है।



**वायरल तस्वीर** साजिद-नवीद की यह फोटो हमले के वक्त की है।

### अब तक 6 बार आया भारत: पुलिस

तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को बताया कि साजिद 1998 में रोजगार की तलाश में ऑस्ट्रेलिया गया था। वह हैदराबाद का रहने वाला है। ऑस्ट्रेलिया में बसने के बाद वह अपने माता-पिता से मिलने या प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों के लिए 6 बार भारत आया। उसकी नागरिकता अब तक बरकरार थी।



## NBT AI टाइम मशीन

### आज ही उड़ा था पहला प्लेन


आज के दिन, 17 दिसंबर 1903 को अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में दो भाइयों- ऑरविल और विल्बर राइट ने पहली बार इंजन से चलने वाला विमान उड़ाया। गैसोलीन इंजन वाले बाइप्लेन को ऑरविल ने उड़ाया, जो 12 सेकंड तक हवा में रहा और 120 फीट चला। साइकिल मरम्मत से शुरू हुआ उनका सफर लंबे प्रयोगों के बाद सफल हुआ। इस उड़ान के साथ आधुनिक विमानन युग की शुरुआत हुई।

# NBT



### भविष्य में एयर टैक्सी होगी आम


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में विमानन पूरी तरह बदल जाएगा। एयर टैक्सी आम हो जाएगी और शहरों में छोटी दूरी की उड़ानें रोजमर्रा की बात होंगी। विमान ज्यादा सुरक्षित होंगे, क्योंकि एआई और ऑटोमेशन उड़ानों को नियंत्रित करेंगे। हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक विमान प्रदूषण कम करेंगे। यात्रियों के लिए सफर बेहद आरामदायक, शांत और तेज होगा। चेक-इन से लेकर लैंडिंग तक सब कुछ आसान और स्मार्ट होगा। दुनिया और भी नजदीक महसूस होगी।



AI Image

## SPEED News

### ट्रंप ने फेंटानिल को सामूहिक विनाश का




हथियार करार देने वाले कार्यकारी आदेश पर दस्तखत कर दिए। कहा, कोई भी बम वह काम नहीं कर सकता, जो यह (फेंटानिल) कर रहा है।'



### मध्य मेक्सिको में इमरजेंसी में उतरने

की कोशिश करते समय एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सात लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना सैन माटेओ एटेंको में हुई।

### पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बंदूकधारियों



ने 18 लोगों का अपहरण कर लिया। वे सभी यात्री एक बस में क्वेटा जा रहे थे। गोलीबारी में ड्राइवर और कुछ यात्री घायल हो गए।

### भारत ने UNSC में पाकिस्तान की कड़े

शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि वह एक चुने हुए प्रधानमंत्री को जेल में डाल देता है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# PM ने कहा, भारत-जॉर्डन साझेदारी हुई और मज़बूत

## मोदी ने किंग अब्दुल्ला द्वितीय से बात की, कहा- नए रास्ते खुलेंगे

पीटीआई, अम्मान

**पीएम नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को कहा कि किंग अब्दुल्ला द्वितीय के साथ उनकी बातचीत ने कई क्षेत्रों में भारत-जॉर्डन साझेदारी को मजबूत किया है। दो दिनों की यात्रा के अंत में मोदी ने कहा, 'मेरी जॉर्डन यात्रा बेहद फलदायी रही है।' उन्होंने शाह अब्दुल्ला द्वितीय और जॉर्डन के लोगों को उनकी असाधारण मित्रता के लिए धन्यवाद दिया।

> भारत जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार:PM

पीएम ने कहा कि हमने मिलकर जो परिणाम हासिल किए हैं, वे हमारे नागरिकों के लिए प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत से पहले सोमवार को मोदी ने शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ आमने-सामने बैठक की। मंगलवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने अपने देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की सराहना की। दोनों ने बहुआयामी संबंधों का सकारात्मक मूल्यांकन किया, जो राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, सुरक्षा सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं।





प्रधानमंत्री मोदी (दाएं) और जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय के साथ। पीएम जॉर्डन के प्रिंस के साथ (दाएं)।

### व्यापार दोगुना करेंगे: पीएम

मोदी ने भारत-जॉर्डन द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्ष में दोगुना करके पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा। साथ ही उन्होंने जॉर्डन की कंपनियों को देश की उच्च आर्थिक वृद्धि का फायदा उठाने और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए आमंत्रित किया। मोदी और किंग ने भारत-जॉर्डन व्यापार मंच को मंगलवार को संबोधित किया। जॉर्डन, के बाद पीएम मंगलवार को इथियोपिया पहुंच गए। वह ओमान भी जाएंगे।

### मोदी को कार से ले गए प्रिंस

भारत और जॉर्डन के संबंधों में गर्मजोशी को दर्शाते हुए अरब देश के प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय मंगलवार को पीएम नरेन्द्र मोदी को खुद गाड़ी चलाकर जॉर्डन म्यूजियम लेकर गए। युवराज पैगंबर मोहम्मद की 42वीं पीढ़ी के वंशज हैं। मोदी ने कहा कि वह म्यूजियम में जॉर्डन के इतिहास और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दिखाने के लिए अल-हुसैन के प्रति आभारी हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने युवराज के साथ काफी बातचीत की।

# सिडनी बीच फायरिंग IS से प्रेरित थी: पुलिस

एपी, मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया में** सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का फेस्टिवल के दौरान सरेआम गोलीबारी इस्लामिक स्टेट से प्रेरित एक आतंकवादी हमला था। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस कमिश्नर क्रिसी बैरेट ने मंगलवार को यह बात कही। इस हमले में 15 लोग मारे गए थे। इस हमले में घायल हुए 25 लोग अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं जिनमें से 10 की हालत गंभीर है।

> पुलिस ने कहा, फिलिपींस गए थे संदिग्ध

ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध हमलावर पिता और पुत्र थे। उन्होंने बताया है कि एक हमलावर (50) को पुलिस ने मार गिराया जबकि उसका 24 वर्षीय बेटा घायल हो गया और अस्पताल में उसका इलाज हो रहा है। उन्होंने बताया कि जो हमलावर मारा गया उसकी पहचान अधिकारियों ने साजिद अकरम के रूप में की है। मंगलवार को अधिकारियों ने पहली बार संदिग्धों की विचारधाराओं के बारे में पुष्टि की। पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ये टिप्पणियां सबूतों पर आधारित थीं, जिनमें जब्त की गई गाड़ी में इस्लामिक स्टेट के झंडे मिलना भी शामिल है। न्यू साउथ वेल्स के पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध पिछले महीने फिलिपींस गए थे। इसकी पड़ताल की जाएगी।



हमलावर को काबू करने वाले शख्स अहमद से मिले ऑस्ट्रेलियाई PM

### घायलों में तीन भारतीय स्टूडेंट भी

पीटीआई, मेलबर्न: बॉन्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले में घायल हुए 40 लोगों में तीन भारतीय स्टूडेंट भी शामिल हैं। तीन भारतीय छात्रों में से दो का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन ने घायल छात्रों की पहचान जाहिर नहीं की है।

**अल्बनीज ने अहमद को बताया, हीरो:** आतंकी हमले के दौरान साहस की मिसाल पेश करने वाले अहमद अल-अहमद से पीएम अल्बनीज मिले। उन्होंने अहमद को हीरो बताया। अहमद हमलावर से भिड़ गए थे और राइफल छीन ली थी।

## कनाडा में अब नया नागरिकता कानून

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कनाडा ने अपने नागरिकता नियमों में बदलाव किया है, जिससे विदेश में जन्मे ज्यादा लोग अब कनाडाई नागरिक बन सकेंगे। नया कानून बिल C-3 15 दिसंबर 2025 से लागू हो गया है। ET के अनुसार, इसके तहत वे लोग, जिन्हें पहले 'फर्स्ट-जेनरेशन लिमिट' या पुराने नियमों की वजह से नागरिकता नहीं मिल पाई थी, अब अपने आप कनाडा के नागरिक माने जाएंगे। नए नियमों के अनुसार, विदेश में जन्मे या गोद लिए गए कनाडाई माता-पिता अब अपने बच्चों को भी नागरिकता दे सकेंगे, बशर्ते माता या पिता ने बच्चे के जन्म या गोद लिए जाने से पहले कम से कम तीन साल (1,095 दिन) कनाडा में शारीरिक रूप से समय बिताया हो। यह कानून वंश के आधार पर मिलने वाली नागरिकता की व्यवस्था को आधुनिक बनाता है और विदेश में जन्मी पहली पीढ़ी से आगे भी पात्रता को बढ़ाता है।

## राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा शुरू

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा का उद्घाटन किया। इस गैलरी में परमवीर चक्र से सम्मानित सभी 21 विजेताओं के चित्र प्रदर्शित हैं। गैलरी का उद्देश्य विजिटर्स को उन राष्ट्रीय नायकों के बारे में जानकारी प्रदान करना है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा में अदम्य संकल्प, साहस का प्रदर्शन किया।


## कुपवाड़ा में ब्लास्ट, जवान शहीद

भाषा, श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बारूदी सुरंग में विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, '13 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री' के हवलदार जुबैर अहमद सोमवार को सीमावर्ती जिले के त्रेहगाम क्षेत्र स्थित पुताहा खान गली में बारूदी सुरंग में विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि घायल जवान को द्रुगमुल्ला स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# प्रत्यर्पण पर नीरव की अर्ज़ी ब्रिटेन की अदालत ने टाली

पीटीआई, लंदन

**भगोड़े हीरा** कारोबारी नीरव मोदी की ब्रिटेन की हाईकोर्ट में प्रत्यर्पण अपील दोबारा खोलने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी गई। यह मामला अब मार्च में सुना जाएगा। सुनवाई इसलिए टली क्योंकि भारतीय अधिकारियों ने मुंबई में नीरव मोदी की सुनवाई से पहले हिरासत को लेकर अदालत को ठोस आश्वासन दिए हैं। नीरव मोदी भारत में धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में मुकदमे का सामना करने के लिए प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील कर रहा है। 54 साल के भगोड़े कारोबारी की प्रत्यर्पण के खिलाफ अर्जी अदालत पहले भी खारिज कर चुकी है।



नीरव मोदी

# ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया अच्छा दोस्त

NBT रिपोर्ट

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अमेरिका का महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताया है और पीएम नरेन्द्र मोदी को अपना बहुत अच्छा दोस्त कहा है। भारत में अमेरिकी एंबेसी ने मंगलवार को X पर एक पोस्ट में ट्रंप के हवाले से कहा, 'भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक का घर है। यह एक अद्भुत देश है और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। पीएम मोदी हमारे बहुत अच्छे मित्र हैं।'



**ट्रंप ने कहा, रूस और यूक्रेन शांति समझौते के करीब:** अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि उनकी शांति योजना के लगभग 90 प्रतिशत बिंदुओं पर यूक्रेन और यूरोप में सहमति है। US के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम शांति समझौते के पहले से कहीं अधिक करीब हैं।'

### ट्रंप ने BBC पर किया मानहानि का केस

एपी, वॉशिंगटन: अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 10 अरब डॉलर के हर्जाने की मांग करते हुए BBC के खिलाफ मुकदमा दायर किया। उसमें उन्होंने ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि के साथ-साथ भ्रामक और गलत तरीके से व्यापार करने का आरोप लगाया। BBC पर मुकदमे में बातों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का आरोप है।

## वनतारा में फुटबॉल स्टार मेसी







### भव्य स्वागत

'फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी ने अनंत अंबानी के वन्यजीव बचाव, निवारण और संरक्षण केंद्र वनतारा का मंगलवार को विशेष दौरा किया। इस दौरान मेसी के साथ उनके साथी खिलाड़ी- लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल भी मौजूद रहे। इन सभी का वनतारा पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत हुआ। उन्होंने पूजा में भी भाग लिया और दुनिया में शांति की कामना की। इसके बाद मेसी ने वनतारा में शेर, तेंदुआ और अन्य लुप्तप्राय जानवरों को देखा। उन्होंने जिराफ और हाथियों को खाना भी खिलाया। इस दौरान मेसी ने मल्टी-स्पेशियलिटी वाइल्डलाइफ अस्पताल भी देखा।

## मेसी इवेंट में बवाल पर बंगाल के खेल मंत्री का इस्तीफा

FILE





भाषा, कोलकाता: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी से जुड़े हालिया कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित कुप्रबंधन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर खेल मंत्री अरूप बिस्वास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने यह जानकारी दी। बिस्वास ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खेल मंत्री के पद से मुक्त होने का अनुरोध किया था। हालांकि वह कैबिनेट मंत्री रहेंगे और उनके पास बिजली विभाग का प्रभार बना रहेगा। इस्तीफे में बिस्वास ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक जांच समिति बनाई है, इसलिए वह जांच की निष्पक्षता के लिए पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

> मंत्री अरूप बिस्वास के पास बिजली विभाग का प्रभार रहेगा

### DGP को नोटिस

पश्चिम बंगाल सरकार ने मामले में कुप्रबंधन को लेकर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मुख्य सचिव मनोज पंत के कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि राज्य सरकार ने बिधाननगर के DCP अनीश सरकार को भी निलंबित कर दिया है। जांच के लिए गठित जांच समिति की सिफारिशों के बाद यह कार्रवाई की गई।

## सिर्फ बड़ी कंपनियां ही बनाएं स्लीपर बसें, तैयारी में केंद्र

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

नई दिल्ली : स्लीपर बसों में सफर करने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार बड़ा सख्त कदम उठाने पर काम कर रही है। इसके तहत स्लीपर बसों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए सरकार केवल वोल्वो, मर्सिडीज, टाटा, अशोक लेलैंड और आइशर जैसी बड़ी कंपनियों के जिम्मे ही यह जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी कर रही है। जबकि लोकल स्तर पर बस बनाने वाले बस बॉडी बिल्डर यानी लोकल बस वेंडरों पर स्लीपर बसों को बनाने पर प्रतिबंध लगाने की प्लानिंग है। ताकि फिर सुरक्षा मानकों को ताक पर रखते हुए देश में स्लीपर बसें बन ही ना पाएं। लोकल बस वेंडरों पर यह प्रतिबंध केवल स्लीपर बसों को बनाने के लिए ही रहेगा। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में हाल ही में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय मीटिंग हुई। इसमें 2024 और 2025 में स्लीपर बसों में हुई तमाम दुर्घटनाओं का ब्योरा लिया गया।

# उच्च शिक्षा में सिंगल रेगुलेटर वाला बिल JPC के पास भेजने को मंजूरी

**बिल में व्यवस्था, UGC, AICTE जैसी संस्थाओं की जगह एक आयोग होगा | JPC में लोकसभा से 21 सदस्य और राज्यसभा से 10 सदस्य होंगे**

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

नई दिल्ली : लोकसभा ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक सिंगल पॉइंट रेगुलेटर बनाने से जुड़े बिल 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक- 2025' को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बिल को दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति के पास भेजे जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की। समिति में लोकसभा के 21 सदस्य और राज्यसभा के 10 सदस्य होंगे। यह समिति बजट सत्र 2026 के पहले भाग के आखिरी दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। समिति के सदस्यों के जितने भी सवाल होंगे, उनका जवाब दिया जाएगा। बिल के प्रावधानों में कहा गया है कि उच्च शिक्षा आयोग (यानी सिंगल पॉइंट रेगुलेटर) की जिम्मेदारी राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। इसके तहत सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों, शिक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक दायरे में काम करने वाले राष्ट्रीय महत्व के संस्थान शामिल होंगे। IIT, NIT, IISc, IISER, IIM और IIIT उच्च शिक्षा आयोग के दायरे में होंगे। राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की मूल स्वायत्तता बरकरार रहेगी।

### बिल में ऐसे हैं प्रावधान...

12 दिसंबर 2025 को PM मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद में पेश करने के लिए विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 को मंजूरी दी। इसमें 'उच्च शिक्षा या अनुसंधान संस्थानों और वैज्ञानिक एवं तकनीकी संस्थानों में समन्वय और मानकों के निर्धारण' का प्रावधान है। विधेयक में तीन परिषदों के साथ एक शीर्ष निकाय के रूप में विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान की स्थापना का प्रावधान है। इसमें विकसित भारत शिक्षा विनियमन परिषद (रेगुलेटरी काउंसिल), विकसित भारत शिक्षा गुणवत्ता परिषद और विकसित भारत शिक्षा मानक परिषद (स्टैंडर्ड काउंसिल) शामिल हैं।

### 'अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता बढ़ेगी'

सरकार का कहना है कि उच्च शिक्षा में विश्व की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं को अपनाने से भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता में इजाफा होगा। इससे देश के भीतर वैश्विक स्तर पर मानकीकृत संस्थानों की स्थापना में सुविधा होगी, जिससे भारत को ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। घरेलू प्रतिभा को बनाए रखा जा सकेगा। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित किया जा सकेगा।

# नैशनल हेरल्ड केस: राहुल और सोनिया के खिलाफ ED की चार्जशीट खारिज

## आरोपों पर कोर्ट बोला- निजी शिकायत पर टिकी जांच

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कांग्रेस नेताओं** राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पांच अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में दाखिल ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थित विशेष अदालत ने मंगलवार को इनकार कर दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी का कहना है कि वह विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करेगी।

स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि चार्जशीट एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध की एफआईआर पर। कानूनी तौर पर इसका संज्ञान लेना गलत है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा पहले ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कर चुकी है, इसलिए प्रवर्तन निदेशालय के तर्कों पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करना जल्दबाजी होगी।

ईडी ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी, साथ ही दिवंगत पार्टी नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक प्राइवेट कंपनी, यंग इंडियन पर साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है। 2 मई को इस मामले में उन्हें नोटिस जारी किए गए थे। ईडी ने राहुल और सोनिया सहित अन्य के खिलाफ यह चार्जशीट PMLA की धाराओं 3 और 4 के तहत दायर की थी। इसमें कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) की लगभग 2,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया, जो नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करती है।

### खरगे का तंज

भाषा, नई दिल्ली : नैशनल हेरल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को राहत मिलने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी सरकार पर जमकर कटाक्ष किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अदालत ने मोदी सरकार की कार्रवाई को अवैध ठहराकर राजनीतिक बदले की दुर्भावना से रची इस साजिश को नाकाम किया है।'

### FIR की कॉपी नहीं दी

अदालत ने उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें दिल्ली पुलिस को नैशनल हेरल्ड मामले में राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ दर्ज FIR की कॉपी देने का निर्देश दिया गया था। मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर पुलिस ने तर्क दिया था कि राहुल, सोनिया और अन्य FIR की कॉपी पाने के हकदार नहीं हैं।

## SIR: EC से जवाब मांगने से इनकार

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चुनाव आयोग से उस मीडिया रिपोर्ट पर जवाब मांगने से इनकार कर दिया, जिसमें आरोप था कि बिहार में SIR प्रक्रिया के दौरान मतदाता नामों को हटाने के लिए लाखों पूर्व-भरे नोटिस केंद्रीय स्तर से जारी किए गए। अदालत ने कहा कि जब तक कोई मुख्य शपथ पत्र के माध्यम से औपचारिक रूप से रिकॉर्ड पर न लाया जाए, तब तक अदालतें मीडिया रिपोर्टों से प्रभावित नहीं हो सकतीं। बेंच बिहार में SIR प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, मतदाताओं के नामों को हटाने के लिए लाखों पूर्व-भरे नोटिस निर्वाचन आयोग से वोटरों को भेजे गए, जबकि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत ऐसे नोटिस जारी करने का अधिकार स्थानीय निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ERO) को है।



# हिजाबकांड: महबूबा ने उठाए नीतीश पर सवाल

भाषा, श्रीनगर: पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के चेहरे से हिजाब हटाने की घटना से उन्हें गहरा सदमा लगा है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार के पद पर बने रहने पर भी सवाल उठाए।

महबूबा मुफ्ती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नीतीश जी को मैं व्यक्तिगत रूप जानती हूं और उनकी प्रशंसक रही हूं, उन्हें एक युवा मुस्लिम महिला का नकाब खींचते देखकर मुझे गहरा सदमा लगा है। क्या कोई इसे बढ़ती दर से जो देश या मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने वाली सामान्य घटना कहेगा।'



हिजाब हटाने का विडियो वायरल।

उन्होंने कहा कि यह तथ्य और भी अधिक परेशान करने वाला है कि उनके आसपास के लोगों ने इस भयावह घटना को एक तरह के मनोरंजन के रूप में देखा। नीतीश साहब, शायद अब आपके इस्तीफे का समय आ गया है? दरअसल, एक विडियो सामने आया है, जिसमें नीतीश कुमार को एक अभिनंदन समारोह के दौरान एक मुस्लिम महिला का नकाब हटाने की कोशिश करते देखा जा सकता है। वहीं, आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि ये दृश्य विचलित करने वाले थे और गंभीर चिंताएं पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने ये दृश्य देखे हैं और वे परेशान करने वाले थे।'

### बिहार सरकार के मंत्री ने विवाद से पल्ला झाड़ा

इस बीच नीतीश सरकार में मंत्री मोहम्मद जमा खानने कहा कि मामला जो भी हो, हम इसमें शामिल नहीं होना चाहते। उनका कहना है कि हम तो सिर्फ पार्टी के कार्यकर्ता हैं और बड़े फैसले सीनियर नेता लेते हैं। मोहम्मद जमा खान ने मंगलवार को कहा कि नीतीश कुमार का नेतृत्व बिहार के विकास और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 12-16-2025 22:56 Color:



# घाटकोपर: नहीं बैठ पाया मेल, तो बिगड़ सकता है BJP का खेल

## 'N वॉर्ड' में BJP का सिर्फ एक नगरसेवक, मनसे मजबूत

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

■ मुंबई: बीएमसी चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही घाटकोपर वेस्ट विधानसभा में मनपा चुनाव तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। 'एन वॉर्ड' के अंतर्गत आने वाले इलाके में MNS और उद्धव सेना का बोलबाला है, जो BJP की राह में रोड़ा बनकर उसकी जीत का खेल बिगाड़ सकते हैं। जल संकट की राजनीति और पहाड़ पर बने झोपड़ों की जरूरी हमेशा यहां चर्चा का विषय रही है। हाल ही में BJP विधायक राम कदम ने इलाके में 18 लाख लीटर पानी की टंकी का भूमिपूजन किया है। इससे आनंदगढ़, विक्रोली, पार्क साइट, चिराग नगर, वर्षा नगर, अपर और लोअर डिपो पाड़ा की पानी की परेशानी दूर होगी। कल्पना टॉकीज से एलबीएस मार्ग पर प्रस्तावित ब्रिज से ट्रैफिक जाम की समस्या से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

**पहाड़ी पर बनी झोपड़पट्टी का मुद्दा भी है अहम**

### जल संकट है यहां का सबसे बड़ा मुद्दा



आनंदगढ़, विक्रोली, पार्क साइट, चिराग नगर, वर्षा नगर, अपर और लोअर डिपो पाड़ा में जल संकट बरकरार है।

### BJP और उद्धव के लिए बराबरी का मौका

BJP समर्थक अशोक दुबे के मुताबिक, इलाके में MNS की मजबूती को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, लेकिन चुनाव में बीजेपी और शिंदे सेना का संभावित गठजोड़ उद्धव सेना को चुनौती दे सकता है। बीजेपी और उद्धव सेना के बीच सीधी लड़ाई है और दोनों के लिए बराबरी का मौका है। इलाके में स्लम रीडेवलपमेंट बड़ा मुद्दा है। आबादी के अनुपात में संसाधनों की कमी भी चुनाव में निर्णायक साबित होगी। स्वच्छता और शौचालय की खराब स्थिति भी मुद्दा है।

### आरक्षण से बदला सीटों का गणित

प्रभाग 125 में अविभाजित शिवसेना का कब्जा था। यहां से स्थानीय अवलें जीती थीं, जो उद्धव सेना के साथ हैं, ऐसे ही प्रभाग 126 से मनसे से जीती अर्चना संजय भालेराव उद्धव सेना के साथ दिखाई दे रही हैं। प्रभाग 127 में भी अविभाजित शिवसेना के तुकाराम पाटिल ने जीत हासिल की थी। प्रभाग 128 से अविभाजित शिवसेना से जीतने वाले अश्विनी हांडे भी उद्धव सेना के साथ हैं। इलाके में कई सीटों का आरक्षण बदला है। जो आने वाले समय में यहां से नेताओं के पाला बदलने का बड़ा कारण बनेगा।

### करीब दो लाख मराठी मतदाता

ईशान्य मुंबई के अंतर्गत आने वाले घाटकोपर पश्चिम इलाके में हमेशा अविभाजित शिवसेना का दबदबा था। यहां दो लाख के करीब मराठी मतदाता हैं। गुजराती, मुस्लिम और उत्तर भारतीय वोटर की तादाद भी ठीकठाक है। इसलिए इलाके में चुनाव के दौरान एक अलग रोमांच दिखेगा। विधानसभा चुनाव में उद्धव सेना के उम्मीदवार संजय भालेराव ने BJP विधायक कदम के लिए कड़ी चुनौती पेश की थी। बीते लोकसभा चुनाव में उद्धव सेना के संजय दीना पाटील ने BJP के मिहिर कोटेचा को पराजित किया था। यह भी उद्धव सेना समर्थकों में जोश भर रहा है। वर्तमान में यहां से सिर्फ एक प्रभाग 129 में BJP के सुप्रेक्षा गवली नगरसेवक हैं। जिन्होंने 2017 के चुनाव में बीएमसी के चुनाव जीत हासिल की थी। प्रभाग संख्या 124 से अविभाजित NCP से ज्योति हारून खान विजयी हुई थीं, पर हारून खान ने शिंदे सेना का दामन थाम लिया है। वहीं प्रभाग 123 से अविभाजित शिवसेना से जीते भारती बावदाने भी शिंदे सेना के करीब है।

# BMC सहित 7 मनपाओं में साथ लड़ेंगे ठाकरे बंधु: संजय राउत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी सहित 29 मनपाओं का चुनावी बिगुल बजते ही राजनीतिक दलों में हलचल तेज हो गई है। महायुति को बीएमसी में सत्ता में आने से रोकने के लिए उद्धव और राज ठाकरे साथ आएंगे। यह दावा उद्धव सेना के सांसद संजय राउत ने मंगलवार को की। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे से मिलने के बाद संजय राउत ने दावा किया कि ठाकरे बंधु बीएमसी सहित 7 महानगर पालिकाओं का चुनाव गठबंधन में लड़ेंगे। मनसे और उद्धव सेना के बीच गठबंधन की घोषणा अगले आठ दिनों के भीतर हो सकती है। संजय राउत ने कहा है कि हम मुंबई मनपा सहित ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, मीरा-भाईंदर, पुणे, नासिक जैसी बड़ी मनपाओं में साथ मिलकर लड़ रहे हैं।

**8 दिनों में गठबंधन की घोषणा, राज से मिलने के बाद राउत का दावा**

### 'कांग्रेस हमारे साथ नहीं, पर होनी चाहिए'

संजय राउत ने कहा कि बीएमसी चुनाव में कांग्रेस हमारे साथ नहीं लग रही है। बिहार के नतीजे के बाद उनका कॉन्फिडेंस बढ़ा है। मुंबई की इस लड़ाई में उन्हें हमारे साथ होना चाहिए। हमने उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात की, उन्होंने फैसला स्थानीय स्तर पर छोड़ दिया है। हमारी अपील है कि आप ऐसा स्टैंड न लें, जिससे फायदा बीजेपी को मदद मिले।

### भेजें वॉर्ड की समस्याएं



आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर **9967397376** पर। हम उन्हें अखबार के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक और जानेंगे आपके उम्मीदवार का क्या पक्ष है।

# BJP-शिंदे सेना की अहम बैठक में 'महायुति' पर सहमति बनने का दावा

## BMC चुनाव की घोषणा के बाद दोनों दलों के बीच पहली बैठक

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी की सत्ता हथियाने की कोशिश में जुटी बीजेपी और शिंदे सेना के बीच मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में दोनों दलों के बीच इस बात पर सहमति बनी की बीएमसी चुनाव महायुति (NCP अजित गुट छोड़कर) में लड़ा जाएगा। बीएमसी चुनाव की घोषणा के बाद दोनों दलों के बीच पहली बैठक थी। सूत्रों का कहना है कि बीएमसी की 227 सीटों में से BJP ने जहां 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई, वहीं शिंदे गुट 120-125 सीटों पर दावा ठोक रहा है। हालांकि सीटों का फाइनल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे।

**BJP ने 150 सीटें मांगी, शिंदे गुट ने 120-125 पर दावा ठोका**



दादर स्थित मुंबई बीजेपी कार्यालय में हुई समन्वय बैठक में बीजेपी की तरफ से मंत्री आशीष शेलार, मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम, विधायक प्रवीण दरेकर, अतुल भातखलकर शामिल हुए। जबकि शिंदे सेना की ओर से पूर्व सांसद राहुल शेवाले, गृह राज्य मंत्री योगेश कदम, विधायक प्रकाश सुर्वे और शीतल म्हात्रे शामिल हुईं। वहीं मंत्री उदय सामंत वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़े थे। मिली जानकारी के अनुसार बैठक में वर्ष 2017 के चुनाव में किस पार्टी के कितने नगरसेवक जीतकर आए थे, इसके अलावा दूसरे नंबर किस पार्टी का उम्मीदवार थे, इसको लेकर चर्चा हुई।

### और बैठकों की दरकार

बीजेपी जहां 150 सीटों पर लड़ना चाहती है वहीं शिंदे सेना को 50 से 60 सीट देना चाहती है, जबकि शिंदे सेना 120 से 125 सीट पर अड़ी हुई है। शिंदे सेना के एक नेता ने बताया कि 2017 में शिवसेना (अविभाजित) 84 सीटें जीती थी, इसमें से 50 से अधिक पूर्व नगरसेवक हमारे साथ हैं। जबकि अन्य पूर्व नगरसेवकों को मिलाकर हमारी संख्या 126 तक पहुंच रही है। ऐसे में हमारी मांग उचित और जमीनी है। जबकि बीजेपी के एक नेता ने कहा कि भले ही शिंदे सेना के पूर्व नगरसेवकों की संख्या ज्यादा है, लेकिन जमीनी स्तर पर उनके उम्मीदवारों के जीतने के चांस 50-55 ही हैं। इसलिए बीजेपी शिंदे सेना को कह रही है कि वह जीतने वाली सीटों पर ही उम्मीदवार उतारें। बीजेपी ने बताया कि आगे और बैठकें होंगी।

# मयूर शिंदे का BJP में प्रवेश हुआ रद्द



■ NBT न्यूज, ठाणे: मकोका और तड़ीपार की कार्रवाई को झेल रहे आपराधिक पृष्ठ भूमि वाले मयूर शिंदे के BJP में प्रवेश को रद्द कर दिया गया है। BJP अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की मौजूदगी में शहर अध्यक्ष संदीप लेले की अगुवाई में ठाणे में आयोजित कार्यक्रम में मयूर शिंदे BJP में प्रवेश करने वाले थे। कार्यक्रम को लेकर पूरी तैयारी की गई थी। शिंदे के साथ कांग्रेस के मंगेश कोली और एनसीपी एसपी के संदीप जाधव भी BJP में प्रवेश करने वाले थे। शिंदे के खिलाफ भांडुप पुलिस में हत्या, हत्या की कोशिश, पुलिसकर्मी के साथ मारपीट, हफ्तावसूली, अपहरण और दंगा भड़काने का मामला दर्ज है। उनके खिलाफ मकोका के अंतर्गत कार्रवाई हुई है तथा मुंबई से तड़ीपार किया गया है। ऐसे में बीजेपी की जमकर आलोचना हो रही थी।

# ठाणे मनपा: 16 लाख 49 हजार 867 मतदाता चुनेंगे अपनी नगर सरकार

■ NBT न्यूज, ठाणे: 15 जनवरी 2026 को होने वाले चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया को सुचारू और शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए ठाणे मनपा प्रशासन पूरी तरह तैयार है। आचार संहिता लागू होते ही आयुक्त सौरभ राव के आदेश पर अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में उपायुक्त उमेश बिरारी, जी.जी. गोदेपुरे, मनीष जोशी, मधुकर बोडके, मिताली संचेती, सचिन सांगले, दीपक झिंझाड, अनघा कदम, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी, नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा सहित सभी विभागों के प्रमुख मौजूद थे।

ठाणे के 33 वॉर्ड हैं, इनमें 131 नगरसेवक चुने जाएंगे। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 49 हजार 867 है। इसमें 8 लाख 63 हजार 878 पुरुष और 7 लाख 85 हजार 830 महिला तथा 159 ट्रांसजेंडर है। 33 वॉर्डों में कुल 1942 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसके लिए 9 हजार 710 कर्मचारियों और 20% रिजर्व कर्मचारी की नियुक्ति की गई है।

### अति संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान

- ठाणे के 33 वॉर्ड से 131 नगरसेवक चुने जाएंगे
- 1942 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे
- 20% रिजर्व कर्मचारी की नियुक्ति





बैठक में मतदान केंद्र निर्धारण व तैयारी, चुनाव निर्णय अधिकारी कार्यालय निर्धारण व तैयारी, वाहन उपलब्धता व निगरानी, सीसीटीवी व वेबकास्टिंग सुविधा आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। अति संवेदनशील क्षेत्रों में चुनाव निर्णय अधिकारियों के कार्यालय आदि पर वेबकास्टिंग उपलब्ध कराने के निर्देश विभाग को दिए गए। मतदान करने आने वाले नागरिकों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए भूतल पर मतदान केंद्र तैयार किया जा रहा है। मतदान केंद्र पर आने वाले दिव्यांग नागरिकों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

# दहिसर में उद्धव की मुश्किलें बढ़ीं

## पुराने चेहरे गए, नए की खोज और जीत की राह कठिन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: दहिसर विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना में हुई फूट का असर अब खुलकर सामने आने लगा है। जिस क्षेत्र में कभी अविभाजित शिवसेना की मजबूत पकड़ मानी जाती थी, वहां अब उद्धव ठाकरे के लिए सियासी चुनौती लगातार बढ़ती जा रही है। पुराने और पहचाने हुए चेहरे एक-एक कर पार्टी छोड़ रहे हैं, जिससे उद्धव सेना की चुनावी जमीन कमजोर पड़ती दिख रही है। एक समय दहिसर विधानसभा के छह में से तीन प्रभाग में अविभाजित शिवसेना और तीन में बीजेपी के नगरसेवक थे। लेकिन शिवसेना में विभाजन के बाद यह समीकरण पूरी तरह बदल गया। फूट के तुरंत बाद प्रभाग 7 की पूर्व नगरसेविका शीतल म्हात्रे ने उद्धव सेना छोड़कर एकनाथ शिंदे की शिवसेना का रुख किया। इसके कुछ महीनों बाद प्रभाग नंबर 6 के सबसे युवा नगरसेवक रह चुके हर्षद कारकर भी शिंदे गुट में शामिल हो गए।



### तेजस्वी के जाने के बाद नए चेहरे को पार्टी में लाने की चुनौती


इन घटनाओं के बाद प्रभाग 1 की पूर्व नगरसेविका तेजस्वी घोसालकर ही उद्धव सेना के साथ बची थीं, लेकिन सोमवार को उन्होंने भी BJP का दामन थाम लिया। यह घटनाक्रम इसलिए भी अहम है, क्योंकि विभाजन के बावजूद दहिसर के पूर्व विधायक विनोद घोसालकर ने उद्धव ठाकरे का साथ नहीं छोड़ा था। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में उद्धव सेना की ओर से चुनाव भी लड़ा था, हालांकि BJP की मनीषा चौधरी ने उन्हें हराया। अब तेजस्वी घोसालकर के BJP जॉइन करने से उद्धव सेना के सामने दहिसर में बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। जिन नामी चेहरों को अब तक अविभाजित शिवसेना के नाम पर वोट मिलते थे, वे अब विरोधी दलों में शामिल हो चुके हैं। ऐसे में उद्धव ठाकरे को न सिर्फ नए चेहरे तलाशने होंगे, बल्कि कभी अपनी ही पार्टी में रहे नेताओं के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारने की रणनीति भी बनानी पड़ेगी।



# वसई-विरार में दिलचस्प होगी बविआ और BJP की टक्कर

## BVA ने पिछले चुनाव में जीती थी एकतरफा 109 सीटें

■ सुरेंद्र नेगी, विरार: राजनीति के लिहाज से वसई-विरार बहुजन विकास आघाडी का गढ़ माना जाता है। यहां लगभग तीन दशक तक एकतरफा राज करने वाले हितेन्द्र ठाकुर को भले ही लोकसभा व विधानसभा में हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन मनपा चुनाव में बीजेपी-शिंदे गुट को ठाकुर के गढ़ में सेंध लगाना आसान नहीं होगा। हालांकि, BVA को महाविकास आघाडी का साथ मिलने से मुकाबला दिलचस्प होगा। इधर, लोकसभा व विधानसभा चुनाव जीतने वाली महायुति को उम्मीद है कि इस बार भी बविआ से कड़ा मुकाबला होगा।



बता दें कि राज्य में मनपा चुनावों की तारीख तय हो चुकी है। सभी राजनीतिक पार्टी के इच्छुक उम्मीदवार तैयारियों में जुट गए हैं। हर वॉर्ड में उम्मीदवारों द्वारा जनसंपर्क कार्यालय खोले जा रहे हैं, घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाई जा रही है। वसई-विरार बहुजन विकास आघाडी का गढ़ माना जाता है। 115 नगरसेवकों की वाली वसई-विरार मनपा के 2015 के चुनाव में बीजेपी को एक सीट, शिवसेना अविभाजित पांच सीट, निर्दलीय एक सीट, वहीं बहुजन ने एक तरफा जीत हासिल कर 109 नगरसेवक बने थे। हालांकि, पिछले पांच सालों में यहां का राजनीति समीकरण काफी बदल गया है। पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बहुजन विकास आघाडी को करारी हार का सामना करना पड़ा। उनके सभी विधायक हार गए थे। लेकिन मनपा चुनाव को लेकर हितेन्द्र ठाकुर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लगातार मीटिंग कर रहे हैं। उनके लिए यह चुनाव अस्तित्व की लड़ाई है।

### फ्लैश बैक



ब्रिटिश भारत में बीएमसी मेयर का पद 1931 में अस्तित्व में आया था। इसके लिए बीएमसी में प्रस्ताव पारित किया गया था। 1931 से पहले बीएमसी के प्रमुख को चेयरमैन या प्रेसीडेंट कहा जाता था। सर जे. बी. बोमन बेहराम बंबई के पहले मेयर चुने गए थे। मेयर का कार्यकाल एक साल होता था। 1865 में सबसे पहले बीएमसी का नगरीय ढांचा बनाया गया था। सात साल बाद यानी 1872 में पहली बार सीमित लोग वोट दे पाए थे।

# अंबरनाथ नपा चुनाव प्रचार को मिली धार

## आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की जनसभा

■ NBT न्यूज, अंबरनाथ: अंबरनाथ नगर पालिका के चुनाव प्रचार के लिए अब केवल दो दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में प्रचार की सरगर्मी तेज होती जा रही है। बड़े नेताओं की सभाओं से चुनावी माहौल और गरमाने वाला है। बीजेपी नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार तेजश्री करंजुले पाटील और नगरसेवक पद के उम्मीदवारों के प्रचार को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंगलवार को अंबरनाथ में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह चुनावी सभा बुधवार, 17 दिसंबर को शाम 5 बजे अंबरनाथ पूर्व स्थित गावदेवी मैदान में आयोजित की गई है। अंबरनाथ शहर में बीजेपी उम्मीदवारों के समर्थन में फडणवीस के सीधे मैदान में उतरने से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है।



सभा की जानकारी देते हुए मुरबाड के बीजेपी विधायक किसन कथोरे ने बताया कि अंबरनाथ के समग्र विकास और बीजेपी को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से यह जनसभा बेहद महत्वपूर्ण है।

### चुनावों की घोषणा के बावजूद उलझी है गठबंधन की गुत्थी

# मीरा-भाईंदर: महायुति दलों के गठबंधन पर सस्पेंस बरकरार, नेताओं में बेचैनी

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर

**मनपा चुनावों** की घोषणा के बावजूद मीरा-भाईंदर में अभी तक महायुति के दलों में गठबंधन को लेकर सस्पेंस बरकरार है। 95 सदस्यीय मनपा में जहां BJP ने 70 पार का नारा दिया है, तो वहीं शिंदे सेना गठबंधन में 50-50 का गणित यानी लगभग 47 सीट मांग रही है। ऐसे में सवाल है कि दोनों दलों के बीच गठबंधन का गणित कैसे सुलझेगा। गौरतलब है कि पिछले चुनावों (2017) में BJP-61, शिवसेना (अविभाजित)- 22 और कांग्रेस को 12 सीट मिली थी।

शहर में जहां BJP सबसे बड़ा दल है, तो वहीं शिंदे सेना लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। 95 सीट के लिए अभी तक BJP से लगभग 400 दावेदार सामने आ चुके हैं, तो वहीं शिंदे सेना के पास भी सैकड़ों दावेदारों की सूची तैयार है। अगर दोनों दलों के बीच गठबंधन होता है, तो लगभग 500 से अधिक दावेदार/इच्छुक नाराज होंगे और इस नाराजगी के बगावत में बदलने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। ऐसे में दोनों दलों के सामने गठबंधन और बगावत के गणित को सुलझाने का दबाव है।

### BJP पर अपने प्रदर्शन को बरकरार रखने का दबाव

विधायक नरेंद्र मेहता के नेतृत्व में BJP ने 2017 के मनपा चुनावों में 61 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन बार BJP की ताकत ही उसकी कमजोरी भी बन सकती है। 95 सीट के लिए 400 से अधिक लोगों की दावेदारी ने 'बगावत' की आशंका को बढ़ा दिया है। ऐसे में बगावत करने वालों से होने वाले नुकसान और अपने पुराने रेकॉर्ड को बचाने का दबाव BJP पर होगा।



पिछले दिनों BJP ने टिकट के इच्छुक कार्यकर्ताओं के इंटरव्यू लिए थे।

### शिवसेना के पास सीटें बढ़ाने का अवसर

परिवहनमंत्री प्रताप सरनाईक के नेतृत्व में शिवसेना (अविभाजित) ने पिछले चुनावों में 22 सीट हासिल की थी। विगत वर्षों में सरनाईक के नेतृत्व में शिंदेसेना का जनाधार और ताकत दोनों बढ़ी है। कुल मिलाकर शिंदे सेना के पास अपनी सीटों की संख्या को बढ़ाने का अवसर है और सरनाईक इस अवसर को किसी भी कीमत पर छोड़ना नहीं चाहेंगे।

### कांग्रेस के लिए मौका बनने की उम्मीद

बात अगर आघाडी की करें, तो कांग्रेस के अलावा उद्धव सेना और एनसीपी (SP) नेतृत्व संगठन और कार्यकर्ताओं के अभाव से जूझ रही है। कांग्रेस के पास विगत चुनावों में 12 सीट भी थी, लेकिन इस बार कांग्रेस का एक वॉर्ड असुरक्षित हो गया है। अगर महायुति के गठबंधन का गणित गड़बड़ाता है, तो कांग्रेस के लिए कुछ मौका बन सकता है। कांग्रेस चुनौती और अवसर के बीच जूझ रही है।

### निर्दलीय बिगाड़ सकते हैं दलों का गणित

मनपा के चुनाव लगभग नौ सालों बाद हो रहे हैं, इसलिए इस बार चुनावी माहौल उत्साहजनक है। टिकट पाने की होड़ तेज हो गई है और हर दल में दावेदारों की संख्या बढ़ी है। हालांकि, दलों की आंतरिक राजनीति और गठबंधन की मजबूरियां कई इच्छुक उम्मीदवारों को निराश कर सकती हैं। टिकट न मिलने से नाराज कई नेता और कार्यकर्ता निर्दलीय मैदान में उतर सकते हैं। इसका सीधा असर दलों के पारंपरिक वोट बैंक पर पड़ने की संभावना है। यदि बड़ी संख्या में निर्दलीय चुनाव लड़ते हैं, तो वे न केवल मुकाबले को त्रिकोणीय बनाएंगे, बल्कि बड़े दलों का खेल बिगाड़ सकते हैं।

# ठाणे: BJP-शिंदे सेना के बीच गठबंधन पर लग सकता है विराम

■ अनिल कुमार शुक्ला, ठाणे: मनपा चुनाव की घोषणा के बाद ठाणे शहर पर सभी की नजरें लगी हैं। भले ही BJP और शिंदे सेना की तरफ से महायुति में मनपा चुनाव लड़ने की घोषणा की गई है, लेकिन ठाणे में इसको लेकर दोनों ही पार्टियों के भीतर असहज स्थिति बनी हुई है। ठाणे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गृह क्षेत्र है और मनपा चुनाव में उन्हें अपने दबदबे को बनाए रखना है। बीजेपी अपनी बढ़ी राजनीतिक ताकत के चलते पीछे हटने के खिलाफ है। ऐसे में अगर दोनों पार्टी में युति होती है, तो दोनों तरफ से बड़ी संख्या में बगावत हो सकती है। दोनों तरफ से एक-दूसरे को हराने की कोशिश की जा सकती है। महायुति के घटक दल एनसीपी (एपी) ने अकेले चुनाव में उतरने की घोषणा पहले ही की है। बीजेपी और शिंदे शिवसेना के पदाधिकारी तथा चुनाव लड़ने के इच्छुक गठबंधन में चुनाव लड़ने के खिलाफ हैं। महायुति में मनपा चुनाव लड़ने की घोषणा से दोनों तरफ निराशा का माहौल बना है, लेकिन किसी भी परिस्थिति में दोनों पार्टी के लोग एकसाथ चुनाव लड़ने के पक्ष में नहीं हैं। दोनों तरफ से अकेले मैदान में उतरने की पूरी तैयारी लंबे समय से की गई है।



### ऐसा है दोनों पार्टियों का सीटों पर दावा

**शिंदे शिवसेना** का दावा है की शिवसेना के अलावा अन्य पार्टी के पूर्व नगरसेवकों को मिलाकर उनके पास 90 पूर्व नगरसेवक हैं। शिंदे सेना 100 सीट से कम पर दावा नहीं करेगी। उन्हें ठाणे मनपा में अपना दबदबा बनाए रखना है। बीजेपी के पास 24 पूर्व नगरसेवक हैं। वह भी अपनी बढ़ी राजनीतिक साख के चलते 50 सीटों का दावा कर रही है। मनपा में पिछले मनपा चुनाव में अविभाजित शिवसेना के 67, अविभाजित NCP के 34 और BJP के 23 नगरसेवक चुनकर आए थे। सीटों के बंटवारे को लेकर महायुति के भीतर काफी मतभेद की स्थिति बनी है और यह काम सिर दर्द भरा होगा। मनपा के 33 वॉर्डों से कुल 131 नगरसेवक चुने जाएंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 12-16-2025 22:48 Color:



## MVA छोड़ VBA के साथ लड़ेगी कांग्रेस !

NBT रिपोर्ट, मुंबई : कांग्रेस ने महाविकास आघाडी का साथ छोड़कर वंचित बहुजन आघाडी (VBA) के साथ महानगर पालिका का चुनाव लड़ने का फैसला किया है। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने सोमवार को इस संबंध में वीबीए के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर के साथ एक बैठक की। इसमें पूरे राज्य में गठबंधन की संभावना और मुंबई में गठबंधन होने पर सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा की गई। हालांकि कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि मुंबई छोड़कर राज्य की अन्य 28 महानगर पालिकाओं में मिलकर चुनाव लड़ने पर लगभग सहमति बनी है।

## छवि खराब करने के लिए दायर की याचिका: पृथ्वी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: क्रिकेटर पृथ्वी साव ने दिंडोशी कोर्ट में दावा किया है कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सपना गिल ने उनकी



छवि खराब करने और प्रचार पाने के लिए याचिका दायर की है। छेड़छाड़ मामले को लेकर यह याचिका पूरी तरह निराधार है। गिल उन्हें झूठे मामले में फंसाकर पैसे वसूलना चाहती है। साव ने गिल की याचिका में दायर हलफनामे में यह दावा किया है। हलफनामे में कहा है कि उनके खिलाफ 2023 में पब में झगड़े के बाद दर्ज शिकायत निजी प्रतिशोध पर आधारित है। गिल जानबूझकर इस मामले में महिला होने का कार्ड खेल रही है।

# लोकल बॉडी चुनाव की घोषणा के बाद मुंबई में बैनरबाजी शुरू

### बैनरों पर की गई भावनात्मक मुद्दों को उठाने की कोशिश

NBT रिपोर्ट, मुंबई:

**बीएमसी चुनाव** की घोषणा होते ही मुंबई में बैनर बाजी शुरू हो गई है, जिससे चुनावी माहौल गरम हो गया है। मुंबई के विभिन्न हिस्सों में लगाए गए पोस्टर और बैनर में कहीं परिवार के बहकावे में न आने की अपील की गई है, तो कहीं मराठी अस्मिता की लड़ाई का संदेश दिया गया है। वर्ली सहित कई हिस्सों में मंगलवार सुबह से एक बैनर दिखाई दिया, जिस पर लिखा था कि जो हिंदुत्व का नहीं हुआ, वह मराठी मानुस का क्या होगा? मुंबईकर जागो, एक ही परिवार के बहकावे में मत आओ।

बीएमसी चुनाव से पहले ही पक्ष-विपक्ष में काफी तल्खी देखी जा रही है। इस तरह की बैनरबाजी को मुंबई की राजनीति में बीजेपी-शिंदे सेना और उद्धव गुट सहित मनसे के बीच बढ़ते टकराव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा, इस तरह की राजनीतिक बयानबाजी और तेज होगी।

इन संदेशों के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से उद्धव ठाकरे को निशाना बनाया गया है। हालांकि यह पोस्टर और बैनर किसने लगाए है, इसका कहीं कोई उल्लेख नहीं किया गया। फिर भी माना जा रहा है कि यह बैनर बीजेपी नेताओं द्वारा उद्धव ठाकरे को निशाना बनाने के लिए लगाया गया होगा। क्योंकि बीएमसी चुनाव की घोषणा होते ही बीजेपी के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर इसी तरह के स्लोगन वाले पोस्टर साझा किए थे। वहीं, एक अन्य पोस्टर में बीजेपी और शिंदे गुट पर निशाना साधते हुए भी पोस्टर लगाए गए हैं। खासकर दक्षिण मुंबई में घरों और दीवारों पर लगे पोस्टरों में लिखा है कि मराठी माणुस होश में आओ और यह अस्तित्व की अंतिम लड़ाई है।

एक पोस्टर में यह भी लिखा है, कि मराठी माणुस, होश में आओ, जाग जाओ। तुम्हारी मुंबई तुमसे तोड़ने की कोशिश की जा रही है। इस बार मराठी के लिए एकजुट होना ही होगा। पैर के नीचे की जमीन एक बार खिसक गई, तो वह दोबारा नहीं मिलती। मराठी माणुस, मुंबई को बचाओ। ये तुम्हारे अस्तित्व की अंतिम लड़ाई है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यह पोस्टर पहले पोस्टर का जवाब है और इसे उद्धव सेना और मनसे के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा लगाया गया होगा।

### BJP-शिंदे सेना और उद्धव गुट में टकराव के संकेत

#### दक्षिण मुंबई में मराठी माणुस को जागने का आह्वान





#### पुलिस जांच कर रही है, आचार संहिता का पालन जरूरी





### BMC ने हटाए 2103 पोस्टर-बैनर

जैसे-जैसे अलग-अलग इलाकों से इस तरह के पोस्टर-बैनर की जानकारी सामने आई, चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए पोस्टरों को हटाने का काम शुरू किया गया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि पोस्टरों के पीछे कौन है और क्या यह चुनावी नियमों का उल्लंघन है। वहीं बीएमसी ने 16 दिसंबर को कार्रवाई करते हुए कुल 2103 अवैध रूप से लगे पोस्टर, बैनर, स्टिकर, होर्डिंग, साइन, झंडे और दीवारों पर लगे राजनीतिक विज्ञापन हटाए। बीएमसी की अडिशनल कमिश्नर अश्विनी जोशी ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के दौरान इस तरह के पोस्टर-बैनर लगाने की अनुमति नहीं है। चुनाव में पारदर्शिता और संतुलन बनाए रखने के लिए आचार संहिता का पालन बहुत जरूरी है। सभी को नियमों का पालन करना चाहिए।

### JJ में 12 वर्षों में 10,686 मरीजों को मिला थेरेपी का लाभ

# HBOT से मरीजों की रिकवरी को मिल रही नई रफ्तार

NBT रिपोर्ट, मुंबई: जेजे अस्पताल में हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी (HBOT) मरीजों की रिकवरी में मदद कर रही है। बीते 12 वर्षों में 10,686 मरीजों का इस थेरेपी से सफल इलाज मिला। कोविड काल को छोड़ दें तो थेरेपी के लिए लगातार मरीजों की संख्या बनी रही है। लंबे समय से न भरने वाले घावों के इलाज में HBOT के बेहतर नतीजे सामने आए हैं।

चेतन कोठारी ने आरटीआई से HBOT के बारे में जानकारी मांगी थी। जेजे अस्पताल के सर्जरी विभाग के यूनिट हेड और प्रो डॉ. अमोल वाघ के अनुसार, इसमें मरीज को बंद कक्ष में सामान्य से अधिक दबाव पर 100 प्रतिशत शुद्ध ऑक्सीजन दी जाती है। सामान्य स्थिति में ऑक्सीजन लाल रक्त कणों के माध्यम से शरीर तक पहुंचती है। HBOT में अधिक दबाव के कारण ऑक्सीजन खून के प्लाज्मा में भी घुल जाती है।



नई रक्त नलिकाओं का निर्माण होता है

यह थेरेपी डायबिटिक फुट, न भरने वाले घाव, गंभीर संक्रमण जैसे गैस गैंग्रीन, जलने के गंभीर मामले, रेडिएशन थेरेपी के बाद बने घाव, अल्सर, हड्डियों के संक्रमण तथा प्लास्टिक और री-कंस्ट्रक्टिव सर्जरी के बाद उपयोगी साबित हो रही है। HBOT से नई रक्त नलिकाओं का निर्माण होता है, संक्रमण से लड़ने की क्षमता बढ़ती है और अंग काटने की आशंका कम होती है। डॉ. अमोल के अनुसार थेरेपी के साइकल्स होते हैं, तकरीबन 40 मिनट तक दी जाती है।

## वोट चोर, नोट चोर को BMC में रोकने की जरूरतः आदित्य

NBT रिपोर्ट, मुंबई: चुनावी बिगुल बजते ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। उद्धव सेना के विधायक आदित्य ठाकरे ने वर्ली डोम के एक कार्यक्रम में आरोप लगाया कि वोट चोर, नोट चोर और क्रेडिट चोर को बीएमसी की सत्ता से



दूर रखने के लिए हमें कमर कसनी होगी। बीजेपी और शिंदे सेना पर हमला करते हुए आदित्य ने कहा कि बीएमसी का डिपॉजिट 94 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। लेकिन महायुति सरकार आने के बाद बीएमसी की तिजोरी खाली की जा रही है। भ्रष्टाचार की वजह से बीएमसी पर ढाई लाख करोड़ का कर्ज हो गया है।

## पुणे पोर्शे हिट ऐंड रन केसः 7 आरोपियों को बेल नहीं


NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुणे पोर्शे हिट ऐंड रन मामले के सात आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इस मामले में दो लोगों की मौत हो गई थी। जस्टिस श्याम चांडक ने मुख्य आरोपी के पिता समेत सात लोगों को जमानत देने से मना किया है। केस का



मुख्य आरोपी नाबालिग है और हादसे के समय गाड़ी चला रहा था। जिन आरोपियों की बेल अर्जी खारिज हुई है, उनमें आरोपी के घर वाले और ससून अस्पताल के डॉक्टर सहित अन्य लोग शामिल हैं। जस्टिस चांडक ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ दर्ज मामला बेहद गंभीर है। यदि उन्हें बेल दी गई, तो वे केस के सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं।

## कमिश्नर के पास पहुंचा पीड़ित, तब हुई कार्रवाई

NBT रिपोर्ट, मुंबई: साकीनाका पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में डेढ़ साल से फरार वंदना मिश्रा को सोमवार को गिरफ्तार किया। पीड़ित विजय बहादुर प्रजापति को न्याय के लिए पुलिस कमिश्नर के जनता दरबार में गुहार लगानी पड़ी। प्रजापति ने पिछले साल केस दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने आरोपी को नहीं पकड़ा। पीड़ित ने बताया कि वह कुरियर का कारोबार करता है। वंदना सामान कुरियर कराने उसके पास आया करती थी। जान-पहचान बढ़ने पर वंदना ने विजय को साकीनाका सस्ता फ्लैट होने की जानकारी दी। दिसंबर 2023 में वह पीड़ित को साकीनाका मेट्रो स्टेशन के पास फ्लैट दिखाने ले गई और दावा किया कि 24 लाख में दिला देगी।



23.57 लाख की ठगी के आरोप में महिला गिरफ्तार

आरोप है कि जनवरी से अप्रैल 2024 के बीच वंदना ने पीड़ित से 23 लाख, 57 हजार, 200 रुपये लिए। फ्लैट की रजिस्ट्री के समय वह टालमटोल करने लगी। बाद में चेक के बाउंस होने पर पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ, जिसके बाद उसने साकीनाका पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि आरोपी वंदना मिश्रा साकीनाका स्थित अपना घर छोड़कर अंबरनाथ में रह रही थी। एपीआई पूनम रुपे ने आरोपी को अंबरनाथ से गिरफ्तार किया। आरोपी को अंधेरी कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजते हुए भायखला स्थित महिला जेल भेज दिया।

# ऑनलाइन डेटिंग के नाम पर युवक से 10 लाख रुपये की ठगी

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

**ऑनलाइन डेटिंग** और फर्जी वेबसाइटों के जरिए ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। विनोबा भावे नगर के ऐसे ही एक मामले में भावनात्मक दबाव के जरिए एक युवक से करीब 10 लाख रुपये ठग लिए।

31 वर्षीय पीड़ित इंटीरियर डिजाइनर है। उसने विनोबा भावे नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 4 नवंबर को युवक मोबाइल पर इंटरनेट सर्फिंग कर रहा था। इसी दौरान उसे एक गूगल लिंक दिखाई दिया। लिंक खोलने पर "मुंबई कॉल गर्ल्स" से जुड़ा एक वेबपेज खुला, जिसमें एक वेबसाइट के जरिए युवतियों की तस्वीरें और संपर्क दिए थे। युवक ने एक नंबर पर चैटिंग शुरू की। बातचीत के दौरान युवती ने मिलने-जुलने के रेट बताए और पैसे ट्रांसफर करने को कहा। युवक ने पैसे भेज दिए, लेकिन मिलने के समय युवती ने बीमार होने का बहाना बना लिया।

### पैसे न देने पर किया ब्लैकमेल

बाद में युवती ने युवक को धमकी दी कि पैसे नहीं देने पर उसकी चैट पत्नी को भेज दी जाएगी। घबराकर युवक ने परिजनों को पूरी बात बताई, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवती का नाम नताशा ढोकरा बताया जा रहा है और उसकी तलाश जारी है।



पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि ऑनलाइन डेटिंग और अनजान वेबसाइटों से सतर्क रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति को पैसे ट्रांसफर न करें।

### युवती का भावनात्मक खेल

अगले दिन युवक की बातचीत दूसरी युवती से हुई, जिसने मिलने से पहले 600 रुपये ट्रांसफर करने की शर्त रखी। इसके बाद व्हाट्सऐप कॉल कर उसने पिता की बीमारी का हवाला देते हुए 10 हजार रुपये मांगे। कुछ समय बाद पिता की मौत, अंतिम संस्कार और अस्पताल के बिल के नाम पर 11 हजार रुपये और मांगे गए। यहीं ठगी का सिलसिला नहीं रुका। चार दिन बाद मां की तबीयत खराब होने और फिर उनकी मौत का बहाना बनाकर युवक से बार-बार पैसे लिए गए। पीड़ित के अनुसार, 4 नवंबर से 8 दिसंबर के बीच 27 बार में कुल 9,84,850 रुपये ट्रांसफर किए गए।

## शहीद की मां की याचिका पर केंद्र को दिया नोटिस

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू-कश्मीर सीमा पार से गोलीबारी में शहीद अग्निवीर मुरली नाइक की मां ज्योति बाई की याचिका पर जवाब मांगा है। मंगलवार को कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी कर हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। जस्टिस रविंद्र घुगे की बेंच ने 15 जनवरी को याचिका पर सुनवाई रखी है। याचिका में शहीद की मां ने दावा किया है कि उन्हें सेवा से जुड़े वे पूरे लाभ नहीं मिले हैं, जो एक नियमित सैनिक को मिलते हैं।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय से मांगा जवाब

याचिका में दावा किया गया है कि अग्निपथ योजना अग्निवीरों और रेगुलर सैनिकों के बीच मनमाना अंतर पैदा करती है। सेवा के लाभ से जुड़ी यह स्थिति भेदभावपूर्ण है। सैनिकों के बीच ऐसा वर्गीकरण ठीक नहीं है। नाइक 9 मई, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले में गोलीबारी में शहीद हो गए थे। याचिका में कहा गया है कि अग्निवीर रेगुलर सैनिकों के समान कर्तव्य निभाते हैं। उन्हीं जोखिमों का सामना करते हैं, जो रेगुलर सैनिक करते हैं। लेकिन अग्निवीरों के परिवार को पेंशन या दूसरे प्रकार के लाभ नहीं दिए जाते हैं। याचिका के अनुसार, शहीद अग्निवीर के परिवार को सिर्फ एक करोड़ रुपये मिलते हैं। याचिका में शहीद अग्निवीर के परिवार को भी पेंशन और दूसरे लाभ देने का निर्देश देने की मांग की गई है।

## नवलखा को दिल्ली में रहने देने से नुकसान नहीं: HC

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने एल्गार परिषद केस के आरोपी गौतम नवलखा को राहत देने के संकेत दिए हैं। कोर्ट ने मंगलवार को कहा है कि वह मामले में मुकदमे की सुनवाई शुरू होने तक नवलखा को दिल्ली स्थित उनके घर में रहने की अनुमति देने के पक्ष में है। नवलखा के फरार होने की कोई आशंका दिखाई नहीं देती है। उन्हें मुंबई में रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिसके चलते वे अपने सामाजिक दायरे से अलग-थलग हो गए हैं। कोर्ट ने बुधवार को इस मामले में आदेश जारी करने की बात कही है। कोर्ट ने जांच एजेंसी से इस संबंध में उन शर्तों की जानकारी मंगाई है, जो वह नवलखा पर लगाना चाहती है।

कोर्ट ने आज आदेश जारी करने की बात कही



नवलखा ने पिछले दिनों याचिका दायर कर केस के पेंडिंग रहते दिल्ली में रहने की अनुमति मांगी थी। विशेष अदालत ने नवलखा को यह अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसलिए, नवलखा ने अब हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। नवलखा फिलहाल इस मामले में जमानत पर है। जमानत की शर्तों के तहत नवलखा को बिना अनुमति के मुंबई से बाहर जाने पर रोक लगाई गई है।

नवलखा ने याचिका में कहा है कि मुंबई में रहना काफी खर्चीला है। आर्थिक रूप से वह मित्रों और परिवार से जुड़े लोगों पर निर्भर है। चूंकि अब तक केस के मुकदमे की शुरुआत नहीं हुई है। केस के निपटारे में काफी समय लगेगा। इसलिए, उन्हें दिल्ली में रहने की इजाजत दी जाए। दिल्ली में रहने से वे अपने उस डॉक्टर तक आसानी तक पहुंच सकेंगे, जो उनका काफी समय से इलाज कर रहा है।

# BMC के आपला दवाखाना में कफ सिरप की किल्लत, पिछले कई दिनों से नहीं है स्टॉक

Suraj.Pandey@timesofindia.com

मुंबई: बीएमसी के आपला दवाखाना में इन दिनों कफ सिरप की किल्लत चल रही है। सूत्रों के अनुसार, पिछले एक महीने से डिस्पेंसरी में कफ सिरप का स्टॉक खत्म हो चुका है। यह सबसे सामान्य दवाओं में से एक है, जो डिस्पेंसरी में अमूमन उपलब्ध होती है। लेकिन फिलहाल मरीजों को केवल गोलियां दी जा रही हैं।



मुंबई के मौसम का इन दिनों अलग मिजाज चल रहा है। दिन में गर्मी और रात में ठंड पड़ रही है। दिन और रात के तापमान में 15 डिग्री सेल्सियस से अधिक का अंतर है। मौसम के उतार चढ़ाव का असर मुंबईकरों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। लोगों में सर्दी-जुकाम और बुखार की समस्या बढ़ गई है। लोग बीएमसी के आपला दवाखाना का रुख कर रहे हैं, उन्हें गोलियां भी मिल रही हैं, लेकिन अधिकतर डिस्पेंसरी में कफ सिरप का स्टॉक समाप्त हो चुका है। पश्चिम उपनगर की एक डिस्पेंसरी में इलाज के लिए पहुंची मरीज स्वाति ने बताया कि उन्हें सर्दी-जुकाम और बुखार है। डिस्पेंसरी से उन्हें बुखार की गोली मिली है, लेकिन इस बार कफ सिरप नहीं दिया गया। जब फार्मासिस्ट से पूछा गया तो उसने कहा सिरप का स्टॉक नहीं है।

एनबीटी ने कुछ आपला दवाखाना चेक किए और पता चला कि मध्य मुंबई, दक्षिण मुंबई और पूर्वी उपनगर के भी कई दवाखानों में सिरप का स्टॉक उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आई है। नाम न छापने की शर्त पर एक डॉक्टर ने बताया कि कफ सिरप यूं तो अवॉयड किया जाता है, लेकिन लंबे समय से खांसी है या कफ की समस्या ज्यादा है तो कफ सिरप मददगार साबित होता है। प्रोडक्टिव कफ, ड्राई कफ और एलर्जिक कफ के लिए कफ सिरप दिया जाता है। इस संबंध में बीएमसी स्वास्थ्य विभाग के डेप्युटी म्यूनिसिपल कमिश्नर शरद उघडे से कॉल और मैसेज के माध्यम से संपर्क किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।


### खरीदी प्रक्रिया और जांच के चलते लग रहा समय

बीएमसी में पिछले 3 वर्षों से दवा और मेडिकल सामग्री का रेट कॉन्ट्रैक्ट इश्यू नहीं हुआ है। इसके चलते बीएमसी के क्लिनिक से लेकर अस्पताल तक को लोकल परचेस करना पड़ रहा था। अब जाके रेट कॉन्ट्रैक्ट आया है। फिलहाल कफ सिरप की खरीदी के लिए परचेस ऑर्डर निकाले गए हैं, लेकिन ऑर्डर आने में थोड़ा समय लगेगा। वहीं सिरप में मिलावट के चलते दूसरे राज्यों में बच्चों की मौत के बाद अब सरकारी संस्थानों को सिरप की गुणवत्ता जांची जा रही है। यही कारण है कि यह मिस मैनेजमेंट हो रहा है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

## पवार के खिलाफ याचिका पर फैसला सुरक्षित

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने लावासा हिल स्टेशन प्रोजेक्ट के लिए कथित तौर पर अवैध अनुमति दिए जाने के मामले में एनसीपी प्रमुख शरद पवार और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। मंगलवार को कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद उसे खारिज करने के संकेत दिए। चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता ऐसा कोई प्रावधान दिखाने में विफल रहे, जिसके तहत मामले के संबंध में जांच एजेंसी को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया जा सके। पेशे से वकील नाना साहब जाधव ने इस मुद्दे पर याचिका दायर की है।



## जीशान की 'Y प्लस' सुरक्षा पर 10 दिन में निर्णय का निर्देश

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान को 'वाई प्लस' कैटिगरी की सुरक्षा देने की मांग पर पुलिस की सुरक्षा कमिटी को दस दिनों में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। 66 वर्षीय सिद्दीकी 12 अक्टूबर 2024 को बांद्रा इलाके में उनके बेटे के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इससे पहले राज्य के महाधिवक्ता मिलिंद साठे ने कोर्ट को बताया कि अप्रैल में सुरक्षा की समीक्षा के बाद नियमों के तहत सुरक्षा घटाई गई थी, लेकिन अब दो पुलिसकर्मी जीशान की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। वहीं जीशान की मां शहजीन की ओर से पैरवी कर रहे ऐडवोकेट प्रदीप घरत ने कहा कि उनके मुवक्किल को फिरौती मांगने वाले और अंडरवर्ल्ड से लगातार धमकियां मिल रही हैं। 'वाई प्लस' सुरक्षा की मांग को लेकर जीशान ने पुलिस अथॉरिटी को नवंबर 2025 में एक रिप्रेजेंटेशन दिया था। सुरक्षा घटाने को लेकर कोई कारण नहीं बताया गया था।



हाई कोर्ट में सिद्दीकी के बेटे को धमकियां मिलने का किया गया खुलासा

### अगली सुनवाई 13 जनवरी को

इस दौरान बेंच ने पुलिस सुरक्षा से जुड़ी फाइल पर गौर करने के बाद कहा कि याचिका दायर करने के बाद पुलिस सुरक्षा हटाने का निर्णय नहीं हुआ। बेंच ने याचिकाकर्ता को आपात स्थिति में क्रिसमस की छुट्टियों में कोर्ट आने की छूट दी है। अगली सुनवाई 13 जनवरी 2026 को होगी। याचिका में शहजीन ने अपने पति की हत्या के लिए बिल्डर और राजनीतिक सांठगांठ को जिम्मेदार ठहराते हुए SIT गठित करने की मांग की है। दावा किया गया है कि केस के असली दोषियों को पकड़ा नहीं गया है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 11 अरेस्ट, 33 करोड़ का गांजा बरामद

NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम्स अधिकारियों ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 11-15 दिसंबर के बीच लगातार जांच में बैंकॉक से आने वाले कुल 11 यात्रियों से 33.422 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद की गई। इसकी अनुमानित कीमत लगभग 33 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट पर निगरानी और यात्रियों की प्रोफाइलिंग के आधार पर की गई पहली कार्रवाई में 5 यात्रियों के पास से 16.482 किलो और दूसरी कार्रवाई में 6 यात्रियों से 16.940 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई। सभी को एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई मुंबई कस्टम्स जोन-III की सतर्कता और मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी निगरानी का प्रमाण मानी जा रही है।

मादक पदार्थ की कीमत 33 करोड़ रुपये बताई जा रही है

## म्हाडा के कोकण बोर्ड की लॉटरी का विज्ञापन जनवरी में

NBT रिपोर्ट, मुंबई : दो महीने पहले जारी हुई महाराष्ट्र गृहनिर्माण क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के कोकण बोर्ड की लॉटरी में जगह नहीं पाने वालों के लिए खुशखबरी है। कोकण बोर्ड 2026 के पहले महीने में ही घरों का विज्ञापन जारी करने की योजना पर काम कर रहा है। जो आवेदक म्हाडा की पिछली लॉटरी की विजेता सूची में जगह बना पाने में असफल हुए थे, उनको जल्द ही अपने घर का सपना पूरा करने का एक और मौका मिलने वाला है।

अपने घर का सपना पूरा करने का एक और मौका

म्हाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पिछली लॉटरी में नहीं बिके घरों समेत अन्य घरों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। जनवरी में घरों की लॉटरी के लिए विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। बता दें कि सितंबर में कोकण बोर्ड की अंतिम लॉटरी

AI Image



जारी हुई थी। 5,354 घरों के लिए 1.58 लाख लोगों ने आवेदन किया था। लॉटरी में ठाणे, नई मुंबई, कल्याण, डोंबिवली, मीरा रोड समेत अन्य इलाकों के घर थे। 5,354 घरों के लिए डेढ़ लाख से अधिक आवेदन दर्शाते हैं कि लोगों की म्हाडा के घरों के प्रति रुचि बढ़ी है। एमएमआर में प्रॉपर्टी की आसमान छूती कीमतों की वजह से लोगों का म्हाडा के किफायती घरों के प्रति रुझान बढ़ा है। बता दें कि लॉटरी में शामिल म्हाडा के घरों की कीमत मार्केट रेट से 25 से 40 फीसदी तक कम रहती है।

## BJP के तेवर के बाद NCP (अजित) ने भी शुरू की तैयारी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीजेपी द्वारा नवाब मलिक के नेतृत्व में एनसीपी (अजित) से मुंबई में गठबंधन की संभावना को नकारने के बाद पार्टी ने बीएमसी चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। मंगलवार को एनसीपी (अजित) के मुंबई प्रमुख नवाब मलिक के नेतृत्व में चुनाव की रणनीति पर बैठक हुई।

नवाब मलिक की अध्यक्षता में मुंबई नेताओं की हुई बैठक

इस बैठक में विधायक सना मलिक, पूर्व विधायक जीशान सिद्दीकी समेत अन्य नेता मौजूद थे। पार्टी द्वारा इच्छुक उम्मीदवारों की स्थिति जानने के लिए कराए गए सर्वे की रिपोर्ट पर बैठक में चर्चा हुई। बुधवार को पार्टी प्रमुख अजित पवार के साथ बैठक होगी, जिसके बाद चुनाव में उतरने का ऐलान होगा।

## वरली महिला आत्महत्याः दहेज उत्पीड़न का आरोप

NBT रिपोर्ट, मुंबई: वरली इलाके में 25 वर्षीय महिला की कथित आत्महत्या के मामले में दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप सामने आया है। मृतका की मां की शिकायत पर पुलिस ने महिला के मंगेतर ऋतिक साल्वी (25) और उसकी मां रंजना साल्वी (49) के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

मंगेतर और सास के खिलाफ किया केस दर्ज

पुलिस के अनुसार, मृतका सिद्धार्थ नगर की रहने वाली थी। 12 दिसंबर को उसने घर में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शुरुआती जांच में आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट दर्ज की गई थी, लेकिन बाद में दहेज प्रताड़ना के आरोप सामने आए।

एफआईआर के मुताबिक, जून

AI Image



2025 में सगाई के बाद शादी के खर्च को लेकर 10 से 20 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। आरोप है कि इस वजह से पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

आत्महत्या से पहले पीड़िता ने एक दोस्त को मंगेतर द्वारा छोड़े जाने का संदेश भी भेजा था। पुलिस मोबाइल से मिले साक्ष्य और परिजनों के बयान के आधार पर जांच कर रही है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपी पक्ष ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

## उत्तर भारतीय कांग्रेस के साथ हैं: वर्षा गायकवाड़

NBT रिपोर्ट, मुंबई: कांग्रेस की पूर्व नगरसेविका स्वर्गीय गीता यादव की स्मृति में कलीना में आयोजित खेल महोत्सव में मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि उत्तर भारतीय समाज हमेशा कांग्रेस के साथ रहा है और कांग्रेस को बढ़ाने में उसकी अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि गीताजी भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके बेटे संतोष यादव संगठन को आगे बढ़ा रहे हैं।

आयोजक संतोष वी. यादव के अनुसार, महोत्सव में खेल प्रतियोगिताओं के साथ मुफ्त चिकित्सा सहायता, आयुष्मान कार्ड, वरिष्ठ नागरिक कार्ड और वोटर आईडी पंजीकरण की सुविधा दी गई। कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को कांग्रेस नेताओं ने पुरस्कृत किया।

## 113 करोड़ की कथित धोखाधड़ी का मामला, EOW जांच में जुटी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: कस्तूरबा मार्ग पुलिस ने फर्जी हस्ताक्षरों और जाली दस्तावेज के जरिए वित्तीय धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। 52 वर्षीय शिकायतकर्ता डॉ. योगेश दुबे और उनके परिवार को करीब 113 करोड़ रुपये का नुकसान होने का दावा किया गया है। जांच मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) को सौंप दी गई है। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने जाली हस्ताक्षरों का इस्तेमाल कर शिकायतकर्ता के पिता दिवंगत घनश्याम दुबे को उनकी जानकारी और सहमति के बिना एक व्यवसाय से 'रिटायर्ड पार्टनर' दर्शा दिया।

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर
प्रबंध शिखर, राऊ-पीथमपुर रोड, इन्दौर – 453556
प्रबंधन में डॉक्टरल कार्यक्रम (डी. पी. एम.) - 2026 के लिए प्रवेश सूचना
विशेषज्ञता: कम्युनिकेशन, इकोनॉमिक्स, फाइनेंस एंड एकाउंटिंग, ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स, मार्केटिंग मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स मैनेजमेंट एंड क्वांटिटेटिव टेक्निक्स, ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर एंड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट
वित्तीय सहायता: रु. 40,000/- से रु. 45,000/- प्रति माह का स्टाइपेंड, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अनुदान 2 लाख रुपये, राष्ट्रीय सम्मेलन अनुदान 1.2 लाख रुपये, अनुसंधान विकास अनुदान 1.5 लाख रुपये छात्रों के लिए नि: शुल्क बोर्डिंग और आवास।
ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2026 है। विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.iimidr.ac.in पर जाएं।
EQUIS AACSB AMBA

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP4 User: cci Time: 12-16-2025 22:57 Color:



# स्वास्थ्य सेवाओं में 'AI' तकनीक का इस्तेमाल जरूरी: फडणवीस

## सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की बैठक में CM ने दिए निर्देश




सीएम फडणवीस ने महाराष्ट्र के हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तन लाने वाले एक विशेष परियोजना पर बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान मंत्री प्रकाश आबिटकर और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त, तेज और जनोन्मुख बनाने के लिए एआई तकनीक का उपयोग करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास 'वर्षा' पर सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में 'समग्र' संस्था की ओर से सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि आधुनिक तकनीक के उचित उपयोग से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि होगी, उपचार अधिक सटीक और समय पर मिल सकेगा तथा ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के नागरिकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सकेंगी। आज के डिजिटल युग में स्वास्थ्य व्यवस्था का डिजिटलीकरण और एआई आधारित समाधान अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों की स्टार रेटिंग, स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा रिपोर्ट, स्वास्थ्य हेल्पलाइन, स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण तथा सेवा गुणवत्ता की नियमित समीक्षा जैसे उपक्रमों का उल्लेख किया। बैठक के दौरान 'आपले गांव, आरोग्य संपन्न गाव' योजना, पैलिएटिव केयर, सिकल सेल रोग के उपचार, चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया को सरल बनाने, चिकित्सा अधिकारियों के मानधन में वृद्धि तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों को शीघ्र नियमित करने जैसी मांगें रखी गईं। इसके साथ ही आयुष निदेशक, प्रशिक्षण निदेशक तथा नर्सिंग क्षेत्र में नए पद सृजित करने की आवश्यकता भी अधिकारियों द्वारा व्यक्त की गई।

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार सभी आवश्यक सहयोग देगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव संसाधन, बुनियादी ढांचे और तकनीक के समन्वय से दीर्घकालिक सुधारों पर सरकार का विशेष ध्यान रहेगा।

# मालाड: डिमेंशिया मरीजों के लिए 'कवच'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : डिमेंशिया के बढ़ते मामलों और परिवारों पर बढ़ते बोझ को देखते हुए मालाड पूर्व में रोटरी क्लब ऑफ मुंबई होराइजन ने 'कवच डिमेंशिया डे केयर सेंटर' शुरू किया है।

बुजुर्गों की देखरेख का नया मॉडल लॉन्च, रोटरी क्लब ने खोला डे-केयर सेंटर



रोटरी क्लब के अनुसार सेंटर का नाम 'कवच' इसलिए रखा गया, क्योंकि यह डिमेंशिया से जूझ रहे बुजुर्गों के लिए एक सुरक्षा कवच का काम करेगा।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3141 के गवर्नर डॉ. मनीष मोटवानी ने सेंटर का उद्घाटन किया। विधायक अतुल भातखलकर, समाजसेवी महेश बेडीचर अग्रवाल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुनील भंडारी, विनोद गोयल, समीर चंदाराना, किरण मालिया, सुशील कानोडिया, गोपाल, सुभाष अग्रवाल, रमेश नागौरी आदि मौजूद थे। विधायक अतुल भातखलकर ने कहा कि डिमेंशिया का दर्द पूरा परिवार झेलता है। मालाड में ऐसे डे-केयर सेंटर खोलना महत्वपूर्ण कदम है। सेंटर प्रबंधकों के अनुसार यह सेंटर सिर्फ डिमेंशिया केंद्रीकृत के प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक मल्टी-यूज सीनियर सर्विस हब के रूप में विकसित किया गया है। यहां डिमेंशिया मरीजों की संरचित देखभाल एवं मॉनिटरिंग, योग और हल्के व्यायाम की सुविधा, सीनियर सिटिजन लाफ्टर क्लब, कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर, फिजियोथेरेपिक मेडिकल कंसल्टेशन, मेंटल हेल्थ थेरेपी, ग्रुप एक्टिविटीज उपलब्ध होंगी।

## फटाफट खबरें

### स्कूलों के मूल्यांकन की समय-सीमा बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज्य में स्कूलों की गुणवत्ता जांच प्रक्रिया के तहत लागू स्कूल क्वॉलिटी अशोरेंस ऐंड एश्योरेंस फ्रेमवर्क (स्कैफ) के बाह्य मूल्यांकन की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। इसे 15 से बढ़ाकर अब 22 दिसंबर किया गया है। एससीईआरटी के निर्देशानुसार पहले चरण में सभी स्कूलों का स्व-मूल्यांकन कराया गया था, जिसका लिंक 30 जून, 2025 को बंद कर दिया गया था। दूसरे चरण में 5% स्कूलों का बाह्य मूल्यांकन सुनिश्चित हुआ, जिसके लिए पहले 31 जुलाई की समय-सीमा थी।

### 'वैज्ञानिक लैब्स का विकास होना जरूरी'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी के-वेस्ट और पी-वेस्ट वॉर्ड के संयुक्त विज्ञान प्रदर्शनी में मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित होगी और देश को 2047 तक आत्मनिर्भर बनने में मजबूती मिलेगी। वर्सोवा वेलकेयर स्कूल में यह आयोजन बीएमसी एवं संबंधित विद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। पूर्व उपमहापौर अरुण देव, शिक्षा उप-निरीक्षक धर्मेंद्र नाईक, प्राचार्य उमेश्वर अठावले, संयोजक डॉ. आशीष बारी, जयबल नडुवाथ आदि मौजूद थे।

# भक्ति और संस्कृति का 'उत्सव' बनी भाईंदर की 'रामलीला'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भाईंदर में इन दिनों भक्ति, संस्कृति, उत्सव और सामूहिक समर्पण का संगम भव्य रामलीला के रूप में नजर आ रहा है। यहां उत्तराखंड मित्र मंडल द्वारा आयोजित रामलीला सामाजिक सरोकार का जीवंत उदाहरण बन चुकी है। पिछले आठ वर्षों से लगातार हो रहे इस आयोजन ने उत्तराखंड समाज की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दी है।



आयोजकों के अनुसार इस रामलीला की विशेषता यह है कि मंच पर नजर आने वाले कलाकार और आयोजन से जुड़े सभी लोग आम जीवन से आते हैं। यह लोग सीमित समय में निःस्वार्थ भाव से इस भव्य प्रस्तुति को साकार करते हैं। निर्देशन अनिल भट्ट एवं जय सिंह गोसाईं के मार्गदर्शन में हो रहा है, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी सुरेंद्र भट्ट और धनंजय रावत संभाल रहे हैं।

आयोजन के ब्रैंड ऐम्बेसडर राकेश भट्ट हैं। अध्यक्ष अर्जुन सिंह रावत, महासचिव सुरेंद्र भट्ट, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह राणा, प्रमुख सलाहकार शंकर सिंह रावत और कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी रावत के सामूहिक प्रयासों से यह रामलीला सफल हो रही है। राम की भूमिका में नीरज बेडवाल, लक्ष्मण के रूप में रोहित भट्ट और सीता के रूप में संस्कृति कंसवाल का प्रभावशाली अभिनय इस मंचन को यादगार बनाता है।

# पेपर लीक, ट्यूशन टीचर पर FIR दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बोरीवली पुलिस ने एक ट्यूशन टीचर के खिलाफ नाबालिग छात्र से परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करवाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। 14 वर्षीय छात्र ने नकली पहचान के साथ गोराई स्थित स्कूल में मैथ प्रोफिशिएंसी परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान उसका व्यवहार संदिग्ध लगने पर जांच की गई, जिसमें उसके पास से मोबाइल मिला। मोबाइल के जरिए छात्र परीक्षा का प्रश्नपत्र वॉट्सऐप पर भेज रहा था।

टीचर के कहने पर नकली पहचान के साथ नाबालिग ने दी स्कूल में परीक्षा

पुलिस के अनुसार अब तक की जांच में सामने आया कि आरोपी महिला उसकी ट्यूशन टीचर थी। आरोपी महिला ने छात्र को फर्जी नाम से परीक्षा देने के लिए कहा था। छात्र के माता-पिता को इस साजिश की जानकारी नहीं थी।

## महानगर खेल

# हैरिस शील्ड: GEA संभली

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अंडर-16 हैरिस शील्ड इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच के पहले दिन अल बरकात MMI इंग्लिश स्कूल (पहली पारी में 0/1) के खिलाफ जनरल एजुकेशन अकैडमी (GEA) की पूरी टीम पहली पारी में 74.4 ओवर में 195 रन बनाकर आउट हो गई। एक समय अकैडमी की टीम का स्कोर 4 विकेट पर 37 रन था। ऐसे मुश्किल समय में स्पर्श गोलप (50 रन, 78 बॉल, 9 फोर), शिव त्रिपाठी (41 रन, 90 बॉल, 5 फोर) और सानिध्य सनप (नॉटआउट 32 रन, 165 बॉल, 4 फोर) ने जुझारू पारियां खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। अल बरकात के अबरार शेख, अली खान और प्रखंकुर भालेराव ने 3-3 विकेट लिए। दूसरे सेमीफाइनल में अंजुमन ए इस्लाम अल्लाना इंग्लिश स्कूल (पहली पारी में 134/3) के खिलाफ ज्ञानदीप सेवा मंडल की पूरी टीम 53.3 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई। कप्तान विराट यादव ने 44 (66 रन, 10 फोर) और लक्षित सिंह ने 33 रन (88 बॉल, 4 फोर) बनाए जबकि अंजुमन ए इस्लाम के आफी शेख ने 3 विकेट लिए। अंजुमन की बैटिंग के दौरान लक्ष्मणप्रसाद शर्मा ने 46 और आरव यादव ने 43 रन की पारी खेली। ज्ञानदीप सेवा मंडल के गोलू पाल ने 3 विकेट लिए।

## स्टेट अपडेट

# 'सुधार के लिए बदलते हैं योजनाओं के नाम'

■ IANS, नागपुर : महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का कहना है कि जब भी सरकार कोई नई योजना लाती है, तो वह कुछ मौजूदा योजनाओं में भी सुधार करती है और नए तत्व जोड़ती है। उन्होंने कहा, "मैं सब कुछ विस्तार से नहीं बता सकता, लेकिन एक बात पक्की है। कुछ भी मनमाने ढंग से नहीं होता। हम रातों-रात किसी का नाम नहीं हटाते। क्या हमने संजय गांधी या इंदिरा गांधी के नाम पर रखी गई कई योजनाओं के नाम हटाए? नहीं, ऐसा नहीं हुआ। अगर कोई बदलाव किया गया है तो वह किसी नए विचार या उद्देश्य को ध्यान में रखकर किया गया होगा।' उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कब क्या बोलते हैं, उनको खुद पता नहीं रहता है। जो मन में आता है, वह बोल देते हैं।

# ड्रोन केस: कोंधली पुलिस खंगाल रही आसपास के गांव

■ पेज 1 से आगे

भाषा, नागपुर : नागपुर-अमरावती रोड पर रक्षा सामग्री बनाने वाली कंपनी 'सोलर इंडस्ट्रीज' की हवाई पट्टी पर ड्रोन देखे जाने के बाद कोंधली पुलिस हरकत में आ गई है। एक अधिकारी के अनुसार कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने आसमान में केवल टिमटिमाती रोशनी देखी, उन्होंने वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों को इसकी सूचना दी, जिन्होंने कोंधली पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मलकापुर, शिवा, सवांगा गांवों में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन ड्रोन से जुड़ी जानकारी नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार खुफिया ब्यूरो की टीम भी जांच में जुटी है। 'सोलर इंडस्ट्रीज' स्वदेशी रूप से सशस्त्र ड्रोन (हेक्साकॉप्टर), सैन्य विस्फोटक, रॉकेट एकीकरण प्रणाली, 'लाइटरिंग मुनिशन्स', ड्रोन रोधी मिसाइलें, बम और सशस्त्र बलों के लिए युद्धक सामग्री का निर्माण करती है।

# महिला अफसर को धमकी, 7 साल बाद 2 दोषी

■ भाषा, पालघर : अडिशनल सेशन कोर्ट ने 2018 में एक महिला पंचायत अधिकारी को धमकाने के मामले में दो लोगों को दोषी ठहराया है। हालांकि, अदालत ने आरोपियों को सरकारी कर्मचारी पर हमला करने और उनके अपमान से जुड़े गंभीर आरोपों से बरी कर दिया। जस्टिस ए.आर.रहाणे ने 1 दिसंबर को दिए आदेश में आरोपियों को जेल भेजना अनावश्यक मानते हुए उन पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। आदेश की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई। घटना 25 सितंबर 2018 की है, जब महाराष्ट्र के पालघर जिले के खरसेत गांव में एक ग्राम सेविका (इस मामले में शिकायतकर्ता पंचायत अधिकारी) आवास योजना के लिए सर्वेक्षण कर रही थीं।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

भर्ती
रिक्त पद
ऑफिस-बॉय/गर्ल के लिए लड़का/लड़की चाहिए, साईंम वेस्ट, संपर्क- कॉल/ अर्ज Whatsapp करें. - 8879602446
VEPL Urgent Hiring 'Electrician' & 'Electrical Engineer & Consultant'. Location: Thane, Airoli. Apply: hr@voltago.in / 9130024066

चाहिए।
नवी मुंबई, रबाले MIDC में प्रेस कंपोनेंट बनानेवाले इंजिनिअरींग कंपनी को निम्नलिखित कर्मचारियों की आवश्यकता है।
• फैक्टरी के लिए हेल्पर्स
• हल्के वजन के वाहन/टेंपो चालक
आवेदकों को आवेदन पत्र और आधार कार्ड के साथ रविवार, दि. २१.१२.२०२५ को सुबह १० से दोपहर २ बजे तक
म्हात्रे इंजिनिअरींग प्रा.लि. W-350, TTC इंडस्ट्रियल एरिया, रबाले - ४०० ७०१ में आना है।
पर्मनंट जॉब, बोनस, पी.एफ., इन्शुरन्स, मकान किराया व मुफ्त बस सेवा.

RRG SPICES Maa Ki Mamta.. Maa Ka Aashirvaad.. since 1970
JOB OPPORTUNITY
HEAD OF DEPARTMENT
PRODUCTION MANAGER
MARKETING EXECUTIVE
SALES CO-ORDINATOR
ACCOUNTANT
Male / Female both can apply.
Interested candidates drop Resume to the E-mail: info@rrgspices.com / or Whatsapp: 93202 21789

URGENTLY required: 1)Accounts Manager (preferably 5 yrs exp.) 2) Project Engineer (Civil/ Billing). (5 yrs exp.) 3) Junior Architect (3 yrs exp). Mail your resume: careersshericon@gmail.com

प्रॉपर्टी
मुंबई प्रॉपर्टीज
ठाणे
FOR Sale 2 BHK Carpet area 730sqft Charai, Thane West Contact 9987204655 / 9619401999
FOR Sale 3 BHK usable Carpet area 1048 sqft Pallipada Thane West Contact 9619401999 / 9987204655
प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज
वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)
MARINE-LINES, Near Stn. Furnished Off.-1000' Rent/Sale, 3rd Flr., Lift, 20 Workstations, 3 Cabins, Toilet + Bathroom Attached. 'Owner': 9819445558

व्यक्तिगत
धन्यवाद ज्ञापन
MAY the Sacred Heart Of Jesus be Praised, Adored, Glorified and Loved today and everyday throughout the world now and forever. Amen! Ask St.Clare for three favours two impossible and say nine Hail Mary's and the above prayer for 9 days with a lighted candle and publish it on 9th day. Your request
नाम परिवर्तन
MY old name is Rupali Subhash Adsare that has been changed now as Rupali Ganesh Gite as per Gazette (M 25349801) Dec. 11 to 17 Dec, 2025.
I no 14687576X HAV Mane Sunil Hiraman, residing at vill at post palashi tal koregaon dist satara(MH) have changed my mother name from Malan to Malan Hiralal Mane affidavit no 57233 date 08/12/2025
I, Lakshmi Mother of Byjukavunkal r/o Koyyon Kannoth, Kanayannur, Kannur, Kerala-670613 have changed my name from Lakshmi to K K Lakshmi vide aff. dt 16/12/2025 No 58AB558277 at Nashik
I, Dipali Ram Dhotre Wife of Pawar Amol Jaysing r/o Sarola Kasar, Ahmednagar, M.H-414005 have changed my name from Dipali Ram Dhotre to Dipali Amol Pawar vide aff. dt 15/12/2025 No 58AB558234 at Nashik
I no 14687576X HAV Mane Sunil Hiraman, residing at vill at post palashi tal koregaon dist satara(MH) have changed my mother Malan Hiralal Mane date of birth from 01/07/1951 to 16/08/1950 correct dob. affidavit no 57234 date 08/12/2025
I, D Alamelu Mother of B R RAMESH r/o Beruhalli, Nagarasampatti, Maruderi, Krishnagiri, T.N - 635204 have changed my name from D Alamelu to Alamelu Ramasamy vide aff. dt 16/12/2025 No 58AB558275 at Nashik
TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

आईटी संबंधित
डेटा एंट्री ऑपरेटर
फ्रेशर्स चाहिए डेटा ऑनलाइन पद के लिए, कॉमर्स ग्रेज्युएट, घर से काम, वेतन 15000/- प्रति माह मुंबई और उपनगरीय उम्मीदवारों के लिए- jobs@informistdata.com इंटरव्यू तारीख और समय- लिखित परीक्षा 19 दिसंबर 2025 को रोज सुबह 10 बजे हमारे कार्यालय में आयोजित की जाएगी। (आयु सीमा - 21 से 30 वर्ष)
प्रशासन
कार्यकारी अधिकारी
REQD. Manager/ Executives/ Assistant having experience in Holiday & Travelling Business. Call: iGA Travel & Holidays- 9820041768 / 9324374858. Email: swatishwar@gmail.com
कार्यालय सहायक
REPUTED Insurance Advisor firm near Santacruz W. Station requires Back Office staff for General Insurance. Min. 5 yrs. Experience in Non life Insurance, New Business & Claims. Decent Salary. Send resume with latest photo on dhanani.lic@gmail.com / WhatsApp on 9821014896.
तकनीकी
इंजीनियर्स
NIKHIL Comforts (Mulund) is looking to hire Graduate Electrical Engineers & Electrical Supervisors for Projects & back office. Exp: 2-5 Yrs. Freshers can also Apply. Email your CV to : vinod.gupta@nikhilcomforts.com
PSN-INTERNATONAL requires for Valves Division (Candidates well conversant with valves industries and worked in valves industries should ONLY apply) Sales Co-ordinator (Engg) - M/F Sales Engineer (M) For Maharashtra & other states Senior Inspector to handle TPI. Email: psninternational22@gmail.com

चिकित्सा
चिकित्सा
REQUIRE, ICU trained RMOs, Gnm and ANM nurses, For Modi Hospital Vikhroli (E), rameshmodi21452@gmail.com Call: 9322019124, 9004518739
REQD cons Prostho (Exp./ Fresher) & BDS Exp. 5 yrs at Vasant Vihar Thane (W). Send CV at adentech7@gmail.com Call Bet 2pm-7pm on 9137134587
REPUTED CLINIC NEAR CHURCHGATE REQUIRES OPHTHALMOLOGIST, (9 - 1 PM), PHYSICIAN ALSO RECEPTIONIST, 9820060665
अन्य रिक्तियां
एकाधिक रिक्तियां
डोंबिवली फैक्टरी में वेल्डर, फैब्रिकेटर फिटर, हेल्पर, बॉयलर, रिपेयर और कंप्यूटर ज्ञान वाले ट्रेनी इंजीनियरों की आवश्यकता है। संपर्क: विजय इंजीनियरिंग वर्क्स, डी-33 एमआईडीसी फेज-2, डोंबिवली (पश्चिम) 9764276164 / 8378024242
SHROFF GROUP requires 1) ACCOUNTS ASSISTANT having knowledge of GST TDS ITR 2) OFFICE ASSISTANT. Walk - in - Interview on Saturday 20 DEC 2025 between 2.00 to 5.00 p.m. at B-303, Kotia Nirman, Nr. Fun Republic Cinema, New Link Road, Andheri (W), Mumbai- 53. Tel. No. 9819850453.

बिजनेस
BUSINESS OFFERS
खुद की ट्रेनिंग कार लेकर हर महीना आकर्षक 1.5 लाख से 2 लाख का पैकेज पाए। हम आपका बिज़नेस स्थापित करेंगे। संपर्क - 7715051159/ 9920925129
सेवाएं
कानूनी सलाह
SEARCH REPORT
OLD AGREEMENT
OLD OC PLANS
AREA CERTIFICATE
POINT ADVISORY 7021653529

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
लेखा
अकाउंटेंट (लेखाकार)
REQ Acc.Consultant (Part Time) & Acc. Assistants (Full Time). Apply to Aphali Pharmaceuticals Ltd. Email: career@aphali.com
SR. ACCOUNTANT Reqd in Pvt Ltd Co. Kandivali (W) with Tally, GST K'ledge. Call- 9320003316, Email with expected CTC :- info@smartincorpn.com
ACCOUNTS Assistant Urgently required for an Established Distribution & Fast Growing Co. Must have good tally and income tax working knowledge & Well versed in Excel Working. It will an Added advantage that that Candidate is Able to handle Share and Mutual transactions. Good Prospects & Permanent Job - Email detailed biodata to jyoti.shetty@chandok.co.in / 9833206774
अकादमिक
शिक्षक
A leading ICSE school in South Mumbai invites applications for the post of Technical Drawing Teacher for the year 2026 - 2027 Eligibility Criteria: • Degree/Diploma in Engineering, Architecture, or an equivalent technical field. Thorough knowledge of the ICSE Technical Drawing syllabus • Proficiency in geometrical constructions, projections, and isometric drawing • Strong communication and classroom management skills • Prior teaching experience is preferred Attractive remuneration will be offered based on qualifications and experience. Interested candidates may send their application and resume, along with relevant documents, to: Careers page on our school's website-campionschool.in. Kindly fill in the Application Form and upload your resume with the latest photograph. The applications received within 07 days of the publication of the advertisement will only be considered.

FOUNDATION ENGINEERING Creating foundation for the future
FEC is Hiring for a Prestigious Project in Uran
WE'RE HIRING
Senior Engineers
Junior Engineers
Quality Officers
Safety Officers
Store Officers
Supervisors
Be part of a team that builds with precision, purpose and pride.
APPLY NOW!
hiringfec@gmail.com
022 4311 7200

WANTED for a Growing PRINTING PRESS at Lower Parel, Bhandup Andheri and Kandivali
Sales Department Male/Female - 8 Nos. Sal. 25000 + Commission
Production Department Production Supervisors - 2 Nos Sal. 35000/50000 Production Co-ordinators 4 Nos Sal. 25000/35000,
Printing Department Printers - 4 Nos Sal. 42000/45000, Feeder men - 4 Nos Sal. 28000/30000, Boilers - 8 Nos Sal. 22000/25000
CTP Department CTP Imposition Operators - 3 Nos Sal. 35000/45000, CTP Machine Operators - 4 Nos Sal. 20000/22000
Binding Department Folding machine Operators 4 Nos Sal. 32000, Cutting Machine Operators - 4 Nos Sal. 28000/30000, Skilled Binders Sal. 25000/28000, Punching Operators 3 Nos Sal. 25000/30000, Lamination Machine Operators - 3 Nos Sal. 25000/30000,
HELPERS - 25 No Sal. 20000/22000
Digital (Canon Machine) Digital layout Operators 3 Nos Sal. 35000/45000 Digital Machine Operators 4 Nos Sal. 25000/35000
Call Mr. Sachin Sawant, Mob: 9820648215 / 9653114479 trident.graphics1@gmail.com Or Visit between 3pm-8pm (Mon-Sat)
TRIDENT GRAPHICS LLP 202/A2 Shah & Nahar Industrial Estate Dhanraj Mill Compound Lower Parel (W) Mum-13 (5min Walk from Station)

BUSINESS SOLUTIONS



FRP GRATINGS
FRP GARDEN BENCH
FRP HANDRAIL/ FENCING
Bulk/ Retail/ Repair Useful for CSR Activities
PRASHANT ✆ 9324960675 / 9820080431 Mail id: sales2@plasticfabricators.in
www.plasticfabricators.in

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

GALLERIA



DIRECT WEAVERS SALE
Fiber to SILK FAB
WEDDING SEASON SPECIAL
TRADITIONAL & LIFESTYLE
EXHIBITION CUM SALE
16 TO 21 DECEMBER
TIME: 11AM TO 9PM
More Than 1,50,000 Latest Varieties By 80+ National Award Winners
Silk & Cotton Saree Suit - Kurti - Ethnic Wear Designer Saree, Suit Wedding Special Saree, Suit
UPTO 5% OFF
KRISHANCHAND VALECHA HALL
Kamla Raheja College, Near Kaifi Azmi Park, JVPD Scheme, Juhu Mumbai
ENTRY FREE | ALL UPI & CARDS ACCEPTED | ORG: I.A.C.E. | PARKING FREE



NBT स्मृति यादों के चिराग


आकस्मिक निधन

SAD DEMISE



Smt. Vimal Bansilal Chhajed
Wife of Late Shri Bansilalji Chhajed and the beloved mother of Amar, Ajay & Anjali
Aged 70 years, passed away due to cardiac arrest & attained her heavenly abode, 16th December 2025.
-:Funeral:-
Today 17th December, at 4:30pm Linking Road, Shastrinagar Santacruz West Crematorium
Mourning: Chhajed Family, Mumbai Webtech Group


नमन श्रद्धांजलि



आपकी यादें सदा हमारे साथ रहेंगी
अत्यंत दुःख के साथ हम आपको सूचना दे रहे हैं कि दिनांक 13 दिसंबर 2025, शनिवार को हमारे प्यारे पिताजी
श्री रतनलालजी हलवाई
का आकस्मिक निधन हो गया है।
पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु
गुरुवार, 18 दिसंबर 2025, 11 am से 1 pm
प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है।
स्थान: Pawandham, Pawandham Marg, Mahavir Nagar, Opp. B.C.C.I. Ground, Kandivali West, Mumbai-67.
शोकाकुल
भाई: कैलाशचन्द-चन्द्रकला
पुत्र-पुत्रवधू: अशोक-प्रमिला, अनिल-अलका, सुनील-सुनीता
भतीजा: अरविंद-एकता, अरुण-सुधा
पौत्र-पौत्रवधू: रोहित-मानसी
पौत्री-दामाद: निधा-माधव
पौत्र-पौत्री: रौनक, अमय, प्रेरणा, यश
पड़-पोती: इशिका
SONAL SYNTHETICS, SUNITA SYNTHETICS, MHA
Ashok Halwai: 9324385174, Sunil Halwai: 9167276212

मृत्यु की सूचना

जय दादी की श्रद्धांजली



श्री आत्मारामजी लोहिया
का स्वर्गवास रविवार दि.14.12.2025 को हो गया है।
शोकसभा:
गुरुवार दि.18.12.2025 सायं 4.30 से 6.30 बजे
स्थान:
श्री वंदना बैंक्वेट सराफ चौधरी नगर, ठाकुर काम्प्लेक्स, कांदिवली (पूर्व)
शोकाकुल:
धर्म पत्नी: श्रीमती शकुंतलादेवी
पुत्र-पुत्रवधु: समीर-चैता
पुत्री-दामाद: शीला-दिनेशजी जेमानी
पौत्र: अखिल, स्वयम्
दोहिती: मेघा-विनीतजी गोयंका
दोहिता: अमर
ससुराल पक्ष: बाबूलाल-परसरामपुरिया परिवार
एवं समस्त लोहिया परिवार

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Jitendra Bericha 9820 137 296 | Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: ccl Time: 12-16-2025 22:21 Color:



## फटाफट खबरें

### भिवंडी: फ्लाइओवर से गिरा युवक

■ NBT न्यूज, भिवंडी: राजीव गांधी फ्लाइओवर से देर रात बाइक सवार गिर गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे आईजीएम उपजिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन सिर में गंभीर चोट के चलते ठाणे के सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। रोहित खैरनार फ्लाइओवर से घर की तरफ जा रहा था। तेज घुमाव के चलते बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह फ्लाइओवर से गिर गया। बता दें कि इस फ्लाइओवर पर अब तक इस तरह के कई हादसे हो चुके हैं, जिसमें कई लोगों की जानें भी गई हैं। इस हादसे और सेफ्टी वॉल को लेकर मनपा के शहर अभियंता जमील पटेल ने बताया कि इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है। अत्यधिक स्पीड के कारण इस तरह से हादसे हो रहे हैं।

### हड़ताल से तलाठी ऑफिस में काम ठप

■ NBT न्यूज, भिवंडी: लोगों को ऑनलाइन राजस्व सेवाएं प्रदान करने के लिए लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराने की मांग को लेकर महाराष्ट्र राज्य तलाठी संघ ने हड़ताल शुरू की है। संघ ने डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्रशासन के पास जमा करके मंगलवार को भी हड़ताल जारी रखी। इससे सारा कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। बता दें कि ग्राम राजस्व अधिकारी और मंडलाधिकारी को 10 साल से नए लैपटॉप और कंप्यूटर उपकरण नहीं मिले हैं।

### भिवंडी मनपा का स्थापना दिवस संपन्न

■ NBT न्यूज, भिवंडी: भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका का 24वां स्थापना दिवस मनपा के आम चुनाव की आचार संहिता के कारण सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने मनपा मुख्यालय परिसर में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान, अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, उपायुक्त विक्रम दराडे, बालकृष्ण क्षीरसागर, सहायक आयुक्त शैलेश वैदे, अतिरिक्त शहर अभियंता सचिन नाइक आदि मौजूद थे।

# अगर खराब सड़क, मेनहोल से हुई मौत, तो मनपा देगी मुआवजा


■ NBT न्यूज, ठाणे: बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार ठाणे मनपा क्षेत्र में गड्ढों, खुली नालियों और सड़क के रखरखाव में कमी के चलते होने वाले हादसों की जांच के लिए कमिटी का गठन किया गया है। यह कमिटी घटना में मृत या घायलों को मुआवजा तय करने और बांटने का काम करेगी। कमिटी के चेयरमैन ठाणे मनपा आयुक्त और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव सदस्य हैं। मंगलवार को आयुक्त सौरभ राव की अध्यक्षता में कमिटी की बैठक संपन्न हुई।

**हाई कोर्ट के निर्देश पर जांच के लिए ठाणे में बनी कमिटी**

हाई कोर्ट ने 13 अक्टूबर को कमिटी बनाने का निर्देश दिया था। शहर में पिछले कुछ अरसे में विभिन्न सड़क दुर्घटना में 30 लोगों की जान गई है और बड़ी संख्या में लोग जख्मी हुए हैं। बैठक में शहर में गड्ढों, खुले मेनहोल या सड़क रखरखाव में हुई खामियों के चलते मरने वालों के परिजनों या जख्मियों से समिति से शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। बैठक में जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं समिति सदस्य रविकांत पाडरकर, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षक अभियंता सिद्धार्थ तोंबे, एमएमआरडीए के अधीक्षक अभियंता विनय सर्वे, मनपा नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, मनपा के कानूनी सलाहकार मकरंद काले, उपनगरीय अभियंता विकास ढोले, ट्रैफिक विभाग, विभिन्न पुलिस स्टेशन और प्राधिकरणों के अधिकारी मौजूद थे।

### ऐसी होगी पूरी प्रक्रिया

- शिकायत मिलने पर समिति दस्तावेजों का सत्यापन करेगी।
- फिर संबंधित पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया जाएगा।
- यदि दुर्घटना या मौत का कारण सड़क पर गड्ढे, खुले मेनहोल या सड़क में खामी साबित होगी, तो नियमानुसार मनपा के जरिये आवश्यक मुआवजा दिया जाएगा।
- शिकायतकर्ता को दुर्घटना के 48 घंटे के भीतर समिति के पास शिकायत दर्ज करानी होगी।




मनपा आयुक्त सौरभ राव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुआवजे की प्रक्रिया को लेकर चर्चा की गई और इसकी रूपरेखा तैयार हुई।

### कैसे काम करेगी समिति

दुर्घटना की जांच करते समय यह पता लगाया जाएगा कि सड़क किसकी है, सड़क मनपा को हस्तांतरित की गई है या नहीं और जहां दुर्घटना हुई, संबंधित पुलिस स्टेशन ने पंचनामा किया या नहीं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखा जाएगा। राव ने साफ किया है कि वाहनों की टक्कर या किसी वाहन की चपेट में आने से होने वाली दुर्घटनाओं को छोड़कर सिर्फ गड्ढे, खुले मेनहोल और सड़क में खामी के चलते हुई क्षति की जांच समिति करेगी।

## बसों के लिए शुरू हुआ वाशी का डिपो

**2 साल से बनकर तैयार था डिपो, अब लोकार्पण | कमर्शल इमारत में अन्य सुविधाएं शुरू होने का इंतजार**



■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: वाशी सेक्टर-9 में करीब दो साल से बनकर तैयार बहुमंजिला बस डिपो को सरकारी बसों के लिए खोल दिया गया है। अब यात्रियों को एनएमएमटी और बेस्ट की बसों के लिए सड़क पर इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

सालभर पहले ही डिपो की इमारत को ओसी मिल गई थी, लेकिन तकनीकी कारणों के चलते खोला नहीं जा सका। कई स्थानीय नेताओं ने नवी मुंबई मनपा से इसके लोकार्पण की मांग की थी। मनपा की तरफ से जवाब आता कि महाराष्ट्र का सबसे बड़ा बस डिपो है, इसलिए इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री से करवाया जाएगा। कभी बताया जाता कि इमारत का कमर्शल इस्तेमाल किया जाना है, टेंडर निकाला गया है लेकिन कम रेस्पॉन्स मिल रहा है। हालांकि, अब इसका उद्घाटन बिना किसी शोर-शराबे के शांति से कर दिया गया है।

> स्कूल के लिए मुझे रोज यहां से आना-जाना पड़ता है। डिपो शुरू न होने से धूप में खड़ा रहना पड़ता था, अब अच्छा लग रहा है।
> – रेशमा शेख, विद्यार्थी

> मैंने वाशी में पढ़ाई की है, जिसके चलते पुराने बस डीपो से हमारी यादें जुड़ी हैं। आधुनिक डिपो देखकर ऐसा लग रहा है कि हम सिंगापुर में खड़े हैं।
> – विनोद पंडित, यात्री

> पूरी बरसात निकल गई। इसे पहले ही शुरू करना चाहिए था। अब भी सिर्फ बसों के लिए शुरू किया है। यह काम पहले भी हो सकता था।
> – पंकज काकडे, यात्री


## APMC में ट्रांसपोर्टर और सुरक्षाकर्मियों में विवाद

### प्रवेश शुल्क की रसीद को लेकर हुआ हंगामा

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: वाशी स्थित एपीएमसी में मंगलवार को ट्रांसपोर्टर और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुए विवाद से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। यह विवाद एपीएमसी के गेट पर बाजार प्रवेश शुल्क और निर्धारित सेस के भुगतान को लेकर हुआ। इसके चलते कुछ समय के लिए बाजार में अव्यवस्था का माहौल बन गया।


**विवाद की वजह से मेन गेट पर लग गया था लंबा ट्रैफिक जाम**

जानकारी के अनुसार, जब ड्राइवर वाहन बाजार से बाहर ले जा रहा था, तब सुरक्षाकर्मियों ने ट्रांसपोर्टर से गेट पास और सेस भुगतान की रसीद मांगी। इस पर विवाद हो गया। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। मामला बढ़ने पर उप-सचिव, सुरक्षा अधिकारी और अन्य कर्मचारियों ने गेट अस्थायी रूप से बंद कर दिया और एपीएमसी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। गेट बंद होने के कारण बाजार परिसर में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे व्यापार और यातायात प्रभावित हुआ।



> हमने आरोपी ट्रांसपोर्टर के खिलाफ एपीएमसी पुलिस स्टेशन में शिकायत कराई है। आगे इस तरह की स्थिति न बने, इसके लिए कदम उठाए जाएंगे।
> – शरद जरे, सचिव, एपीएमसी

बाजार के लोगों ने बताया कि कुछ ट्रांसपोर्टर कम सेस भरकर वाहन बाजार के अंदर लाते हैं। इसे लेकर पहले से ही असंतोष बना हुआ था। सुरक्षा कर्मचारियों का कहना है कि नियमों के पालन के दौरान अक्सर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वहीं, ट्रांसपोर्टरों की ओर से भी शुल्क वसूली की प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताई जा रही है।




## 3 पिस्टल के साथ दो आरोपी हुए गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, ठाणे: मनपा चुनाव के मद्देनजर ठाणे पुलिस महकमा सतर्क है। दो कार्रवाई में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 पिस्टल और कारतूस जब्त किए हैं। क्राइम ब्रांच यूनिट-5, वागले इस्टेट के सीनियर पीआई सलिल भोसले के नेतृत्व में भिवंडी के रांजनोली नाका पर कार्रवाई कर खारबाव निवासी वसीउल्लाह को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी की बाइक, दो पिस्टल और सात कारतूस मिले। इनकी कीमत 1,52,600 रुपये है। वहीं, नौपाडा पुलिस के सीनियर पीआई अभय महाजन के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के भोपाल से आए कुणाल को गिरफ्तार कर 50 हजार की पिस्टल और कारतूस मिला।

## दर्जनभर पुलिसकर्मियों की निगरानी में ठाकुर

■ मनीष झा/ सुरेंद्र नेगी, मुंबई/ वसई: मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय (MBVV) क्राइम ब्रांच की शाखा 4 के अनुसार, समरजीत उर्फ सम्मय चौहान (33) हत्याकांड मामले में हिरासत में आए सुभाष सिंह ठाकुर उर्फ बाबा आधा दर्जन पुलिसकर्मियों की निगरानी में है। मंगलवार सुबह MBVV के पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक और क्राइम ब्रांच के डीसीपी संदीप डाइफोडे के सामने लाया गया।

ठाणे कोर्ट से बाबा को 22 दिसंबर तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। देर शाम तक बाबा को दोबारा काशीमिरा लॉकअप में डाल दिया गया। सूत्र बताते हैं कि दुर्लभ बीमारी, थकान और अधिक उम्र को देखते हुए मंगलवार को बाबा से विशेष पूछताछ नहीं हुई, लेकिन बुधवार को हो सकती है। 1992 में दक्षिण मुंबई स्थित जेजे अस्पताल में हुए हत्याकांड मामले में साथी बृजेश सिंह के साथ ठाकुर की भी भूमिका सामने आई थी। इस केस में बाबा मुख्य आरोपी है। लंबे समय छुपने के बाद बाबा को गिरफ्तार किया गया और इस अपराध में दोषी मानते हुए कोर्ट ने उसे उम्र कैद की सजा सुनाई थी। तब से वह यूपी के फतेहगढ़ जेल में बंद था। बीमारी की वजह से सालों तक बाबा का BHU के सर सुंदरलाल अस्पताल में इलाज चला। MBVV पुलिस 3 साल से उसे हिरासत में लेने की कानूनी प्रक्रिया कर रही थी। इन दिनों, वह फतेहपुर जेल में बंद था।

### क्या है पूरा मामला

समरजीत की विरार में दिनदहाड़े हत्या हो गई थी। हत्या के एक महीने बाद यूपी एसटीएफ की मदद से वाराणसी से दो शूटरों को गिरफ्तार कर लिया। राहुल शर्मा और अभिषेक सिंह पकड़े गए, लेकिन शूटर मनीष सिंह उर्फ सोनू फरार था। सोनू को 21 मार्च 2022 को यूपी पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। सोनू सुपारी किलर था और ठाकुर का करीबी भी। लंबी सुनवाई के बाद स्थानीय कोर्ट ने 13 में से 2 आरोपियों को जमानत दे दी। चौहान की हत्या में ठाकुर मुख्य आरोपी है।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: cci Time: 12-16-2025 21:55 Color:



> रोजगार सृजन राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी है, क्योंकि बिना काम के अर्थव्यवस्था केवल आंकड़ों में जीवित रहती है – *जॉन मेनार्ड कीन्स*

# राज्यों पर भार

**केंद्र सरकार** मनरेगा की जगह विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) लेकर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से सरकार ने 2005 में नरेगा की शुरुआत की थी। बाद में योजना के साथ महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया। अब पूरी स्कीम नए नाम-रूप के साथ आ रही है, तो कांग्रेस का सवाल है कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा? लेकिन इसे लेकर एक चिंता इससे भी बड़ी है।

AI Image



योजना का नाम भी बदलेगा

**जिम्मेदारी डाली** । अभी तक मनरेगा में मजदूरी का पूरा खर्च केंद्र उठाता आया है। वहीं, प्रॉजेक्ट्स में जो मटीरियल लगता है, उसका भी 75% खर्च केंद्र वहन करता है। नए बिल में इस खर्च की बड़ी जिम्मेदारी राज्यों पर डाली गई है। केंद्रशासित प्रदेशों, पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों को छोड़ दें, तो बाकी राज्यों को 40% खर्च उठाना पड़ेगा। सरकार का अनुमान है कि नई योजना लागू होने के बाद पहले साल का खर्च लगभग 1.51 लाख करोड़ होगा। इसमें से केंद्र लगभग 96 हजार करोड़ देगा, जबकि बाकी भार राज्यों पर आएगा।

**बजट की मुश्किल** । राज्यों के लिए इस अतिरिक्त बोझ को उठाना मुश्किल हो सकता है। आंध्र प्रदेश, हरियाणा, केरल, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, बिहार और बंगाल जैसे राज्य पहले ही बजटीय घाटे का सामना कर रहे हैं। नई योजना के लिए अतिरिक्त बजट का इंतजाम करना मुश्किल हो सकता है। आंध्र ने तो अभी से योजना के वित्तीय बंटवारे को लेकर चिंता जाहिर कर दी है, जबकि वहां BJP के सहयोगी TDP की सरकार है। डर यह है कि बजट से जुड़ी परेशानी के कारण योजना का उद्देश्य खतरे में न पड़ जाए।

**काम की कमी** । मनरेगा के तहत 100 दिनों के काम की गारंटी है, जबकि नया बिल 125 दिन काम की गारंटी देता है। हालांकि इन बढ़े दिनों का तब तक कोई मतलब नहीं है, जब तक कि वास्तव में इतना काम न मिले। अभी की हकीकत यही है कि 2024-25 में केवल 40.7 लाख परिवारों को ही सौ दिन रोजगार मिल सका था। इस दौरान मनरेगा के तहत काम मिलने का औसत केवल 50.24 दिन रहा। यानी काम के दिन बढ़ाने से भी ज्यादा जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि वास्तव में काम मिले।

**टकराव की आशंका** । नई योजना में केंद्र ने राज्यों पर ज्यादा जिम्मेदारी तो डाली है, पर अधिक अधिकार अपने पास रखे हैं। किस प्रदेश को कितना काम देना है, यह केंद्र तय करेगा। इससे आगे जाकर विपक्ष शासित राज्यों के साथ टकराव हो सकता है।

## नाभि में तीर

# जाल हुस्न का!

**कुमार साहब** जब तक नौकरी में रहे, मिसेज कुमार की सामाजिक गतिविधियां निर्बाध गति से जारी रहीं। कभी किसी के मुंडन में दिख जाती थीं, तो कभी किसी के नामकरण में। शादी-ब्याह हो या बर्थडे, किटी पार्टी हो या माता की चौकी, किसी मोर्चे में शामिल होना हो या धरना देना, हर जगह उनकी उपस्थिति प्रमुखता से रहती थी। पोते-पोती वाली हो चुकी, फिर भी उनके पांव घर पर टिकते ही नहीं थे। पता नहीं कैसे यह सब मैनेज कर लेती थीं। कुमार साहब को रिटायर होने में छह महीने बचे थे, तभी से कहना शुरू कर दिया था कि अब आगे वह सभी जगह जोड़ी में ही दिखेंगी। लाइफ को दोगुना एंजॉय करेंगी!



हरि मृदुल

छह महीने बाद जब कुमार साहब रिटायर हुए, तो कुछ दिन वह वाकई जोड़ी में दिखीं। आगे-आगे वह होतीं, पीछे-पीछे साहब। लेकिन यह सिलसिला कुछ ही दिन चला। बाद में साहब ने हाथ खड़े कर दिए। पूरी तरह आराम करना है। किसी भी किस्म की आपाधापी में नहीं रहना है। इस असहयोग का मिसेज कुमार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। उल्टे वह ज्यादा बेफिक्र हो गईं। घर की जो थोड़ी-बहुत चिंताएं थीं, साहब के सिर पर डाल दीं। लेकिन यह बेफिक्री ज्यादा दिन टिक नहीं सकी। मिसेज कुमार अब साहब को एक पल भी अकेला नहीं छोड़ना चाहतीं।



क्या कुमार साहब गंभीर रूप से बीमार पड़ चुके हैं? क्या मिसेज कुमार का समय उनकी सेवा में बीत रहा है? ना भाई ना। माजरा कुछ और ही है। दरअसल, पिछले दिनों कुमार साहब को एक सुंदरी ने हनीट्रैप कर अपने जाल में फंसा लिया और एक ही झटके में 25 लाख की चपत लगा दी। कहीं से एक फेसबुक रिक्वेस्ट मिली थी। उसे एक्सेप्ट किया, तो मेसेंजर पर बात होने लगी। इस तरह हुस्न का जाल बिछा और एक OTP से काम-तमाम हो गया। अब मिसेज कुमार ने कसम खा ली है कि साहब को कभी भी घर में अकेला नहीं छोड़ेंगी। उम्र के साथ उतावलापन भी बढ़ गया है। हुस्न के जाल में फिर फंस सकते हैं!


## एकदा

संकलन : रेनू सैनी

# 5 श्रोता भी कम नहीं

**पंडित विष्णु** दिगंबर पलुस्कर अपार प्रतिभा, कठोर साधना और संगीत के प्रति आजीवन समर्पण के प्रतीक थे। उनका विश्वास था कि संगीत केवल दरबारों या सीमित वर्गों की संपत्ति नहीं, बल्कि जनसाधारण की आत्मिक धरोहर है। इसी सोच के साथ वह जीवन भर संगीत को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने में जुटे रहे। एक बार धनार्जन के उद्देश्य से उनका एक संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्भाग्यवश प्रचार-प्रसार के अभाव में कार्यक्रम के दिन सभागार लगभग खाली रहा। केवल 5 श्रोता टिकट लेकर उपस्थित थे। इससे आयोजक निराश हो गए और उन्होंने पंडित पलुस्कर से कार्यक्रम रद्द करने का अनुरोध किया। उन्होंने शांत स्वर में कहा, 'जो 5 श्रोता अपना समय निकालकर संगीत सुनने आए हैं, वे मेरे लिए कम नहीं हैं। संगीत संख्या नहीं, साधना चाहता है।' यह कहकर उन्होंने पूरी तन्मयता और श्रद्धा के साथ गायन आरंभ किया। उनकी स्वर-लहरियां खाली सभागार भी जीवंत हो उठीं। उन श्रोताओं ने पलुस्कर के गायन की चर्चा पूरे नगर में फैला दी। उनकी साधना और समर्पण की गूंज संगीत प्रेमियों तक पहुंची। परिणामस्वरूप अगली बार जब उनका कार्यक्रम हुआ, तो सभागार खचाखच भरा था और टिकटों के लिए लंबी कतारें लगी थीं।


Subrata Dhar



### 2025 की पहली छमाही में प्रिंट मीडिया की ग्रोथ 3%, TV से जुड़े हैं 23 करोड़ घर

# प्रगतिपथ पर अख़बार और TV

**दिल्ली-मुंबई** में कई प्रभावशाली लोगों को गलतफहमी है कि अब कौन TV देखता है या कौन अखबार या किताबें पढ़ता है? खासकर, बड़े सरकारी अफसर और जमीनी सच्चाई से कटे हुए कुछ कॉरपोरेट प्रबंधकों को मैंने भी यह कहते सुना-देखा है। मैं उनसे असहमत हूं।



आलोक मेहता

**90 करोड़ दर्शक** । अधिकृत आंकड़े बताते हैं कि 2025 में 23 करोड़ घर और 90 करोड़ दर्शक TV से जुड़े हुए हैं। तभी तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत यात्रा के एक दिन पहले यहां एक निजी ग्रुप के हिंदी और अंग्रेजी TV चैनलों को इंटरव्यू दिया। 2002 में भी पुतिन ने दूरदर्शन और एक निजी TV चैनल को इंटरव्यू दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो पर मन की बात कार्यक्रम देश के अधिकांश न्यूज चैनल प्रसारित करते हैं।

**प्रिंट मीडिया की ग्रोथ** । मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर की 2.5 लाख करोड़ से बढ़कर 2.7 लाख करोड़ रुपये की आय बताती है कि उद्योग का आर्थिक मॉडल बदला पर मजबूत बना हुआ है। प्रिंट मीडिया ने भी 2025 की पहली छमाही में सर्कुलेशन में 2.77% की वृद्धि दिखाई। इन सबके बीच सबसे बड़ा खतरा और अवसर दोनों डिजिटल में हैं, जहां नियम, टेक्नॉलजी और नागरिक साक्षरता से तय होगा कि अगला दशक मीडिया की सेहत और लोकतंत्र के लिए सकारात्मक बनेगा या नहीं?

**डिजिटल का असर** । 2025 में एक ओर पारंपरिक TV की पहुंच और उस पर भरोसा बना हुआ है। वहीं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स- OTT, सोशल मीडिया, न्यूज ऐप्स भी दर्शक और विज्ञापन खींच रहे हैं। यही द्वैत न केवल दर्शकों का व्यवहार बल्कि मीडिया हाउसों के राजस्व, विज्ञापन मॉडल और नियंत्रण के स्वरूप को भी बदल रहा है। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार, कुल TV स्क्रीन काउंट 2024 में लगभग 19 करोड़ था, जिसके 2026 तक 21.4 करोड़ पहुंचने का अनुमान है।

AI Image



**भरोसे का सवाल**

- भारत आने से पहले पुतिन ने TV के लिए दिया इंटरव्यू
- पारंपरिक समाचार माध्यमों पर बना हुआ है भरोसा
- स्थानीय खबरों के लिए लोग करते हैं अखबारों पर विश्वास

**100 करोड़ मोबाइल** । यह दर्शक आधार TV को, विशेषकर समाचार और क्षेत्रीय सूचनाओं के लिए निर्णायक माध्यम बनाता है, भले ही युवा दर्शक अधिकतर डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जा रहे हों। असल में, बड़े लोग भूल जाते हैं कि मोबाइल फोन देश के गरीब वर्ग तक भी पहुंचा है। 100 करोड़ मोबाइल सेट लोगों के पास हैं। लेकिन दिल्ली-मुंबई में सब्जी-फल बेचने वाले या रिक्शा चालक या घरों में काम करने वाली महिलाएं मोबाइल फोन का इस्तेमाल सामान्यतः घर परिवार या काम की बात करने-सुनने के लिए करती हैं।

**अखबारों की तरक्की** । विश्वास करना मुश्किल लग सकता है कि जनवरी-जून 2025 ऑडिट-पीरियड में दैनिक अखबारों की एवरेज क्वॉलिफाइंग सेल्स 2.974 करोड़ प्रतियां रही, जो जुलाई-दिसंबर 2024 के 2.89 करोड़ से 2.77% अधिक थीं। यानी इसमें 8.02 लाख प्रतियों की वृद्धि हुई।

**प्रिंट पर भरोसा** । कई क्षेत्रों में पाठक आज भी स्थानीय खबरों, सूचनाओं, रोजगार सूचनाओं और क्षेत्रीय भाषा की खबरों के लिए अखबार पर भरोसा रखते हैं। कस्बों-गांवों में ही नहीं महानगरों में भी सामान्य लोग अखबारों को विश्वसनीय मानते हैं। मगर राहुल गांधी मेनस्ट्रीम मीडिया के बजाय इंटरनेट पर ज्यादा भरोसा करते हैं।

**फेक न्यूज का खतरा** । डिजिटल माध्यमों पर नई पीढ़ी का समाचार देखना-पढ़ना बढ़ा है, पर भरोसा घट रहा है। रॉयटर्स इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट्स के अनुसार, डिजिटल न्यूज की व्यापक पहुंच शहरी व युवा वर्ग में है। लेकिन फेक न्यूज और हेट स्पीच का खतरा साथ में बढ़ रहा है। सोशल मीडिया, मेसेजिंग ऐप्स और वायरल विडियो के माध्यम से गलत सूचनाएं तेजी से फैलती हैं। मेसेजिंग ग्रुप्स (जैसे व्हाट्सऐप) में वायरल अफवाहें सहजता से फैलती हैं।

**नियमन जरूरी** । 2025 तक AI सक्षम ऑडियो/विडियो एडिटिंग ने धोखे और गलत पहचान की घटनाएं बढ़ा दी हैं। उनके लिए नियमों में विशेष प्रावधान की कमी चिंता का विषय है। अब नियंत्रित कंटेंट और सत्यापन डिटेक्शन, ऑटोमेटेड सत्यापन टूल और स्टैंडर्ड मेट्रिक्स की आवश्यकता बढ़ेगी। जैसे-जैसे डिजिटल माध्यमों पर नियंत्रण बढ़ेगा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सेंसरशिप के बीच संतुलन साधना होगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# अब शांत ज्वालामुखियों से है बड़ा ख़तरा!

## ज्ञान-विज्ञान

**दुनिया में** अगला ज्वालामुखी विस्फोट ऐसे ज्वालामुखियों में हो सकता है जो शांत दिखते हैं और जिन पर नजर नहीं रखी जाती। इटली में सिसिली के माउंट एटना या अमेरिका के येलोस्टोन जैसे ज्वालामुखियों की निरंतर निगरानी की जाती है, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब शांत ज्वालामुखियों से भी सतर्क रहने की सलाह दी है। ऐसे विस्फोट दूर तक असर करने वाले हो सकते हैं।



मुकुल व्यास

**12 हजार सालों से सुप्त** । एक ज्वालामुखी ने अभी ठीक ऐसा ही किया है। नवंबर में इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी करीब 12,000 सालों में पहली बार फटा। इससे राख के गुबार करीब 14 किलोमीटर ऊपर आसमान में उठे। ज्वालामुखी से निकला मलबा यमन में गिरा और राख का बादल उत्तरी भारत के ऊपर हवा में भी पहुंचा।

**जंगल हुए समतल** । ऐसे ही 1982 में मेक्सिको का एल चिचोन ज्वालामुखी सदियों तक शांत रहने के बाद अचानक फट गया। इसके इरप्शन की श्रृंखला ने हैरान कर दिया था। चट्टान,राख और गैस के गर्म स्खलन ने जंगल के बड़े इलाकों को समतल कर दिया। नदियों पर बांध बन गए, इमारतें तबाह हो गईं और राख ग्वाटेमाला तक पहुंच गई।

**वैश्विक तापमान में गिरावट** । इंडोनेशिया के माउंट टैम्बोरा ज्वालामुखी में 1815 में एक भयंकर विस्फोट ने अनगिनत लोगों की जान ले ली और बड़े पैमाने पर फसलों को बर्बाद कर दिया। विस्फोट के बाद आसमान में राख भर गई, सूरज की रोशनी फीकी पड़ गई और वैश्विक तापमान महीनों गिरता रहा।

**सक्रिय ज्वालामुखी** । ज्वालामुखी विस्फोटों से मिले सबक के बावजूद आज आधे से भी कम सक्रिय ज्वालामुखियों पर नजर रखी जाती है। इंडोनेशिया, फिलीपींस और वेनवातु के 160 ज्वालामुखी धरती पर सबसे ज्यादा आबादी वाले ज्वालामुखी क्षेत्रों में गिने जाते हैं और इन्हें सबसे कम समझा गया है। बड़े विस्फोट सिर्फ अपने आसपास की आबादियों पर ही असर नहीं डालते। वे कुछ समय के लिए ग्रह को ठंडा कर सकते हैं, मॉनसून में रुकावट डाल सकते हैं और पूरे क्षेत्रों में फसल कम कर सकते हैं।

AI Image



**कोई ग्लोबल सिस्टम नहीं** । फिर भी, वैज्ञानिकों के पास अभी भी भविष्य के इन खतरों का अंदाजा लगाने या उन्हें मैनेज करने के लिए कोई ग्लोबल सिस्टम नहीं है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आपदा आने के बाद ही जवाब देने के बजाय जल्दी एक्शन लेकर अगले छिपे हुए ज्वालामुखी को ग्लोबल संकट बनने से रोका जा सकता है।

**सबसे बड़ा खतरा** । दुनिया के लैटिन अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और प्रशांत जैसे इलाकों में कम निगरानी वाले ज्वालामुखियों की ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। ये ऐसे स्थान हैं जहां लाखों लोग ऐसे ज्वालामुखियों के पास रहते हैं। यही सबसे बड़ा खतरा है। निगरानी, चेतावनी, समुदायों की तैयारी में थोड़ा सा निवेश भी बहुत से लोगों की जानें बचा सकता है।

## कांटे की बात

> नीतीश जी के मुस्लिम महिला का नकाब खींचने को उस का असर माना जाए या मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने को नॉर्मलाइज करना कहा जाए? शायद अब उनके पद छोड़ने का समय आ गया है।




**महबूबा मुफ्ती,** *जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री*

## छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

# बच्चों में डायबिटीज़ से इस तरह लड़ रहा तमिलनाडु

*दुनिया में डायबिटीज के मरीज सबसे तेजी से भारत में बढ़ रहे हैं। चिंता की बात है कि बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इंटरनैशनल डायबिटीज फेडरेशन के मुताबिक, देश में टाइप-1 से 3.1 लाख बच्चे पीड़ित हैं। ऐसे में तमिलनाडु सरकार की एक पहल कारगर हो सकती है।*





### रजिस्ट्रेशन का फायदा

**तमिलनाडु सरकार** ने पिछले साल अगस्त में Type-1 Diabetes Registry बनाई थी। इस साल दिसंबर में रजिस्ट्रेशन पांच हजार के पार हो गया। मकसद यह जानना है कि राज्य में कितने बच्चे टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित हैं, उन्हें किस तरह का इलाज चाहिए। टाइप-1 पर फोकस इसलिए, क्योंकि इसमें रोज खुद इंसुलिन लेना पड़ता है।

### कंट्रोल में आया ब्लड शुगर

**राज्य सरकार** ने 7 स्पेशलाइज्ड केयर सेंटर बनाए हैं और 13 की प्लानिंग चल रही है। यहां बच्चों को अच्छी क्वॉलिटी का इंसुलिन और जरूरी टेस्ट की सुविधा मिलती है। उनके माता-पिता को बीमारी के बारे में जागरूक भी किया जाता है। जिन बच्चों का इलाज इस योजना के तहत हो रहा है, उनका ब्लड शुगर पहले से बेहतर कंट्रोल में है।

## जनता जंक्शन

इरफान





# बड़े नामों को छोड़ 'नया नाम' क्यों चुना BJP ने

पूनम पाण्डे

**पिछले एक साल से** BJP के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर जो चर्चाएं चल रही थीं, उनमें कई 'बड़े नाम' उछल रहे थे। किसी को संघ की कसौटी में कसकर रेस में आगे बताया जा रहा था तो किसी को सांगठनिक क्षमता और मोदी-शाह की पसंद के तौर पर पुख्ता दावेदार माना जा रहा था। लेकिन जब नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का ऐलान हुआ तो वे सारे नाम पीछे छूट गए।

### पीढ़ीगत बदलाव का संकेत

45 वर्षीय नितिन नवीन के बारे में लोग इंटरनेट पर सर्च करने लगे। ऐसा भी नहीं कि नितिन नवीन कोई अनजान शख्सियत हों, लेकिन अब तक उनकी पहचान और उनकी क्षमता की चर्चा प्रायः बिहार में ही रही है। बिहार से बाहर सिर्फ छत्तीसगढ़ में जरूर वे पहचाना नाम रहे क्योंकि BJP के छत्तीसगढ़ प्रभारी थे और 2023 विधानसभा चुनाव में वहां बूथ स्तर तक काम करने का जिम्मा भी संभाला था।

नितिन नवीन की शीर्ष पद पर नियुक्ति के जरिए पार्टी ने एक बार फिर अपने उसी अंदाज को दिखाया है जिसके लिए 2014 के बाद की BJP जानी जाती है। चाहे राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चयन रहा हो या उपराष्ट्रपति पद के लिए, चाहे किसी राज्य के सीएम का चयन रहा हो या फिर मंत्रियों का, BJP के फैसले ने हर बार साबित किया है कि शीर्ष नेतृत्व के फैसलों की भनक पार्टी के लोगों को भी नहीं लग पाती।

नितिन नवीन BJP में युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 45 साल की उम्र में उन्हें ये जिम्मेदारी देकर BJP ने पीढ़ीगत बदलाव का संकेत भी दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उम्र को लेकर विपक्ष कई बार तंज कसता रहा है। इसी साल पीएम 75 साल के हुए लेकिन एक साल पहले से ही विपक्ष ने पूछना शुरू कर दिया था कि क्या पीएम अब मार्गदर्शक मंडल में जाएंगे। हालांकि BJP की तरफ से ही नहीं RSS की तरफ से भी इसका जवाब दे दिया गया और फिर विपक्ष चुप हुआ।



विशुद्ध राजनीति

कसौटी

नितिन नवीन के जरिए BJP ने संदेश दिया है कि वह नई पीढ़ी के नेतृत्व की खेप तैयार कर रही है। इससे पहले कुछ राज्यों में भी 'बड़े नाम' वाले नेताओं को सीएम ना बनाकर BJP ने अपेक्षाकृत युवा लोगों को चुना। अभी BJP अपना हर चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर लड़ती है। नितिन नवीन के जरिए संदेश साफ है कि नई पीढ़ी तैयार करने में BJP पीछे नहीं रहेगी।

### कार्यकर्ताओं को संदेश

BJP हमेशा ही दूसरी पार्टियों पर परिवारवाद का आरोप लगाती रही है। वह कहती रही है कि वहां अध्यक्ष जैसे पद पर एक खास परिवार के लोग ही बैठ सकते हैं। हालांकि नितिन नवीन खुद भी एक BJP नेता के परिवार से ही आते हैं। उनके पिता नवीन किशोर सिन्हा बिहार में BJP विधायक रहे और उनके निधन के बाद खाली हुई सीट पर ही उपचुनाव लड़कर नितिन नवीन ने चुनावी राजनीति में प्रवेश किया। लेकिन BJP इसे परिवारवाद नहीं मानती है।

पीएम मोदी संसद में कह चुके हैं कि अगर दो लोग किसी परिवार से आगे बढ़ते हैं, तो वह स्वागत योग्य है, लेकिन अगर वही परिवार पूरी पार्टी को चलाने लगता है, तो वह परिवारवाद है जो लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। नितिन नवीन के जरिए BJP ने फिर अपने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि पार्टी में अनुशासन के साथ काम करने और प्रतिबद्ध रहने का इनाम मिलता है। साथ ही 'बड़े नाम' का मिथ BJP ने फिर एक बार तोड़ा है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in


# जीवन एक वाद्य यंत्र है, इसी में आनंद के सुर

निर्मल जैन

**जीवन सतत** प्रवाह है, जिसकी धारा कभी एक-सी नहीं बहती। इसमें संगीत के सुरों की तरह उतार-चढ़ाव है, सुख-दुख है, कहीं गहनता है तो कहीं विरलता। सही मायने में कहा जाए तो जीवन सुख और दुख के मिश्रण से अधिक कुछ नहीं। हर सुख अपने साथ दुख की संभावना लेकर आता है, ठीक वैसे ही जैसे खेत में बीज बोने के बाद फसल के साथ-साथ खरपतवार भी उग आते हैं।

प्रशंसा से हमें सुख मिलता है, लेकिन उसी के साथ अहंकार भी जन्म ले लेता है। यही अहंकार आगे चलकर दुख का कारण बनता है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि प्रशंसा के बाद निंदा भी आती है, और जिस सुख का अनुभव प्रशंसा से होता है, उससे कहीं अधिक पीड़ा अपमान के समय महसूस होती है। सुख और दुख मन की अवस्थाएं हैं। जब हम खुश होते हैं, तो समय मानो पंख लगाकर उड़ जाता है, जबकि दुख में वही समय बहुत धीमी गति से सरकता है। अत्यधिक सुख भी दुखदायी हो सकता है, और कोई भी दुख ऐसा नहीं जो समय के साथ सुख में न बदल सके।

AI Image



जीवन एक वाद्य-यंत्र की तरह है, जिसमें अनेक राग बज सकते हैं। यह हमारे ऊपर है कि हम किस क्षण कौन-सी धुन चुनते हैं। जिसका मन उसके वश में है, वही वास्तव में सुखी है, क्योंकि कोई उसे उसकी इच्छा के बिना दुखी नहीं कर सकता। इसके विपरीत, जिसका मन दूसरों की प्रतिक्रियाओं और परिस्थितियों के अधीन है, वह सहज ही दुखी हो जाता है।

प्रकृति जन्म के साथ ही हमें दो वरदान देती है- शरीर और बुद्धि। समय के साथ दोनों का विकास होता है। बुद्धि के विकास ने ही मनुष्य को सुविधाएं जुटाने में सक्षम बनाया। खोने का दुख इसलिए होता है, क्योंकि हम उन चीजों को अपना मान लेते हैं, जिनका वास्तविक मूल्य सीमित है। सुख और दुख मन की स्थितियां हैं। जब तक हम भौतिक वस्तुओं को ही जीवन का सार मानते रहेंगे, तब तक आनंद की अनुभूति नहीं हो पाएगी। जैसे ही हम इस सत्य को समझ लेते हैं, सुख-दुख पर हम नियंत्रित करना सीख जाते हैं।

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### भाषा की गरिमा

**16 दिसंबर** का संपादकीय 'अमर्यादित भाषा' राजनीति में गिरती भाषाई मर्यादा की एक गंभीर समस्या को रेखांकित करता है। लोकतंत्र में विरोध और असहमति स्वाभाविक है, लेकिन वे शालीनता और पद की गरिमा के दायरे में हों, यही अपेक्षा रहती है। जब राजनीतिक दल या नेता मर्यादा लांघते हैं, तो उसका असर केवल आपसी टकराव तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज और संस्थाओं पर भी पड़ता है। संसद का बार-बार ठप होना इसी प्रवृत्ति का परिणाम है, जिससे जनता से जुड़े अहम मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। सत्ता और विपक्ष को समझना होगा कि भाषा का संयम लोकतंत्र की मजबूती है।

**प्रियंका श्रीवास्तव**, ईमेल से

**readersmail.nbt@gmail.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: cci Time: 12-16-2025 23:00 Color:



## फटाफट खबरें

### IOB में 3% हिस्सा बेचेगी सरकार

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने पब्लिक सेक्टर बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) में अपनी 3 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। यह बिक्री ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए की जाएगी, जिसकी शुरुआत बुधवार से हो रही है। शेयर बाजार में अभी जो भाव चल रहा है, उस हिसाब से सरकार को इससे 2,100 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को बैंक का शेयर 1.08 % गिर गया।

### HDFC बैंक को RBI की हरी झंडी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: देश के सबसे बड़े निजी बैंकों में से एक HDFC बैंक को RBI से इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 9.5 फीसदी तक करने की मंजूरी मिल गई है। इंडसइंड बैंक ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि HDFC बैंक ने इस हिस्सेदारी को खरीदने के लिए आरबीआई के पास अर्जी दी थी, जिसके आधार पर यह मंजूरी मिली है।

### 7 कंपनियों के IPO को सेबी की मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मार्केट रेगुलेटर सेबी (SEBI) ने यशोदा हेल्थकेयर सर्विसेज, Fusion CX और ओरिएंट केबल्स समेत कुल 7 कंपनियों को अपना IPO लाने की मंजूरी दे दी है। चार अन्य कंपनियों में टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस, आरएसबी रिटेल इंडिया, एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज और लोहिया कॉर्प शामिल हैं।

### Apple की याचिका पर मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से प्रौद्योगिकी कंपनी ऐपल की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। कंपनी ने कई सालों के ऑडिट किए गए फाइनैंशल डिटेल उपलब्ध कराने के सीसीआई के निर्देश को चुनौती दी है।

# 91 का निचला स्तर छूने के करीब पहुंचा रुपया

## कारोबार के दौरान 91.14 रु./डॉलर के लेवल पर पहुंचा था

AI Image




क्लोजिंग रेट: 90.93 (प्रति डॉलर)
गिरावट : 15 पैसे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय रुपये ने मंगलवार को गिरावट के रेकॉर्ड तोड़ दिए। डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे टूटकर 90.93 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। उधर, राज्यसभा में सरकार ने बताया कि रुपये के गिरने की असली वजह बढ़ता हुआ व्यापार घाटा (ट्रेड डेफिसिट) और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (ट्रेड डील) को लेकर चल रही खींचतान है।

**Q कितनी गिरावट? :** दिन के कारोबार के दौरान रुपये की हालत काफी खराब थी। यह 91 का लेवल तोड़ते हुए 91.14 रुपये प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, बाजार बंद होते-होते इसमें थोड़ी रिकवरी आई और यह अपने पिछले भाव के मुकाबले 15 पैसे गिरकर 90.93 पर बंद हुआ।

**Q क्या है वजह? :** मंगलवार को राज्यसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि इस वित्तीय साल में रुपये की कमजोरी के पीछे मुख्य रूप से बढ़ता व्यापार घाटा और अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता है। इसके अलावा, विदेशी निवेश (कैपिटल अकाउंट) से भी उतनी मदद नहीं मिल पा रही है।

**Q क्या होगा असर? :** मंत्री ने बताया कि करंसी कमजोर होने से हमारा निर्यात सस्ता हो जाता है, जिससे इकॉनमी को फायदा हो सकता है। लेकिन दूसरी तरफ, बाहर से आने वाला सामान (इंपोर्ट) महंगा हो जाता है। उन्होंने कहा कि घरेलू महंगाई पर इसका कितना असर होगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि बढ़ी हुई कीमतें ग्राहकों पर कितनी डाली जाती है।

**Q क्या कहते हैं आंकड़े? :** पंकज चौधरी ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि इस साल 3 दिसंबर तक रुपया 5.1 फीसदी गिर चुका है। 2017 में रुपया मजबूत (6.4% बढ़त) हुआ था, लेकिन उसके बाद से (2018 से 2024 तक) लगातार गिरावट ही देखी गई है। 2022 में तो यह 10.2 फीसदी तक गिरा था।

**Q आगे क्या होगा? :** फिनरेक्स ट्रेजरी अडवाइजर्स के अनिल कुमार भंसाली ने कहा कि अगर RBI ने दखल नहीं दिया तो 92 का भाव जल्द ही देखने को मिल सकता है। सरकार का कहना है कि RBI हालात पर नजर रखे हुए है।

### बेरोजगारी दर घटकर 7 महीने के निचले स्तर पर



■ पीटीआई, नई दिल्ली: रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.7 फीसदी रह गई है। यह पिछले 7 महीनों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले अक्टूबर में यह आंकड़ा 5.2 फीसदी था। सांख्यिकी मंत्रालय (MoSPI) के आंकड़ों के मुताबिक, बेरोजगारी दर अप्रैल 2025 के बाद अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। मंत्रालय ने बताया कि गांवों में बेरोजगारी दर घटकर 3.9 फीसदी के नए निचले स्तर पर आ गई है। वहीं, शहरों में भी हालात सुधरे हैं और यहां बेरोजगारी दर घटकर 6.5 फीसदी हो गई है, जो अप्रैल 2025 के स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में कुल बेरोजगारी दर 5.1 फीसदी थी। नवंबर में महिलाओं की बेरोजगारी दर अक्टूबर के 5.4 फीसदी से गिरकर 4.8 फीसदी रह गई। यह सुधार गांव और शहर दोनों जगह दिखा।

# रुपये की कमजोरी इकॉनमी के लिए चिंता का बात नहीं: रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91 के स्तर के करीब पहुंच चुका है। इस बारे में एक्सिस बैंक के चीफ इकॉनमिस्ट और एक्सिस कैपिटल के ग्लोबल रिसर्च हेड नीलकंठ मिश्रा का मानना है कि रुपये के कमजोर होने को लेकर चिंता करने की कोई वजह नहीं है। एक्सिस बैंक की ओर से जारी FY26/27 के इकॉनमिक आउटलुक पर एनबीटी से बातचीत के दौरान मिश्रा ने कहा, 'हमें इस गलतफहमी को छोड़ना होगा कि मजबूत करंसी का मतलब मजबूत इकॉनमी है। करंसी सिर्फ एक बैलेंसिंग फैक्टर है। ऐसे में रुपये की हालिया कमजोरी इकॉनमी के लिए बड़ी चिंता की बात नहीं है। साथ ही अगले 3-5 सालों में कई ग्लोबल करंसीज की वैल्यू कम होने लगेगी। असल में कम महंगाई के बावजूद रुपये की कमजोरी ने रियल इफेक्टिव एक्सचेंज रेट को प्रतिस्पर्धी स्तर पर ला दिया है।'

रुपये का आउटलुक पूछने पर मिश्रा ने कहा कि अनुमान है कि अगले 3-5 सालों में, ग्लोबल लेवल पर प्रतिस्पर्धी करंसी की वैल्यू कम होगी, जिसका मतलब है कि हर देश अपनी करंसी को कमजोर करने की कोशिश करेगा। अगर अमेरिका अपनी करंसी की वैल्यू कम करना शुरू करता है तो चीनी REER गिर जाएगा। इसलिए, रणनीतिक नजरिए से, थोड़ी कमजोर घरेलू करंसी उतनी बड़ी समस्या नहीं है।

बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि FY26 के आखिर तक रुपया 91-92/USD के आसपास रहने का अनुमान है। नीलकंठ मिश्रा ने गिरावट के पीछे की वजह बताते हुए कहा कि भारतीय कंपनियां खुद को मल्टी-नैशनल कॉरपोरेशन (MNC) के तौर पर स्थापित करने पर ध्यान दे रही हैं, जिससे आउटफ्लो 20 बिलियन डॉलर से बढ़कर 45 बिलियन डॉलर हो गया है।



### '7.5% की दर से बढ़ सकती है इकॉनमी'

रिपोर्ट के अनुसार 2026-27 (FY27) में भारत की अर्थव्यवस्था 7.5% की दर से बढ़ सकती है, क्योंकि फिस्कल और मॉनिटरी मुश्किलों में कमी आने से ग्रोथ अपने लॉन्ग-टर्म ट्रेंड से ऊपर जा सकेगी। बेहतर होते मैक्रो माहौल से कॉर्पोरेट कमाई में फिर से जान आने की उम्मीद है। कैलेंडर वर्ष 2026 में फॉरवर्ड कमाई में लगभग 14% की बढ़ोतरी का अनुमान है। हेडलाइन महंगाई दर औसतन 4% रहने की संभावना है, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तय लक्ष्य को पूरा करता है। एक्सिस बैंक को उम्मीद है कि FY26/27 में भारत का करंट अकाउंट डेफिसिट थोड़ा बढ़कर GDP का 1.2-1.3% हो जाएगा।

# AI पर नया कानून नहीं, केंद्र का इनोवेशन पर ज़ोर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केंद्र सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के लिए अभी कोई नया कानून या सख्त नियम लाने के मूड में नहीं है। सरकार का मानना है कि जब तक बेहद जरूरी न हो, नए कानून बनाने से बचना चाहिए। इसके बजाय, सरकार मौजूदा कानूनों के जरिए ही AI से जुड़ी चुनौतियों से निपटने की तैयारी कर रही है। यह बात इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सचिव एस कृष्णन ने मंगलवार को कही।



यहां आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए कृष्णन ने कहा कि सरकार बहुत सोच-समझकर कदम उठा रही है। मकसद यह है कि नियमों के चक्कर में टेक्नोलॉजी सेक्टर में हो रहे इनोवेशन पर कोई ब्रेक न लगे। उन्होंने कहा, AI को लेकर हमारा नजरिया अब तक बहुत साफ और जमीनी हकीकत से जुड़ा रहा है। हम किसी भी हाल में इनोवेशन के रास्ते में रोड़ा नहीं बनना चाहते। उन्होंने कहा कि इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी (IP) ऐक्ट और हाल ही में आए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (DPDP) ऐक्ट के जरिए AI के इस्तेमाल से जुड़े काफी मुद्दों को सुलझाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वक्त आने पर देखा जाएगा कि और किसी नियम की जरूरत है या नहीं। हालांकि, उन्होंने चेतावनी देते हुए यह भी साफ किया कि अगर इस तकनीक से किसी को नुकसान पहुंचता है, तो सरकार चुप नहीं बैठेगी।

AI की वजह से नौकरियां जाने के डर पर उन्होंने माना कि कुछ पुरानी नौकरियां खत्म हो सकती हैं, लेकिन साथ ही कई नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

# भारत में AI पर गूगल करेगी लाखों डॉलर निवेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत को ग्लोबल AI लीडरशिप की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए गूगल ने स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए निवेश और साझेदारियों की घोषणा की है। ये घोषणाएं मंगलवार को आयोजित लैब टु इम्पैक्ट कार्यक्रम में की गईं, जो इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 के सहयोग से आयोजित हुआ। इस निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा 80 लाख डॉलर भारत सरकार के चार AI सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस (IISc बैंगलोर, IIT कानपुर, IIT मद्रास और IIT रोपड़) को दिया गया है, जो स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शहरी प्रशासन जैसे क्षेत्रों में काम करेंगे।

Wadhwani AI को स्वास्थ्य सेवा (HealthVaani) और कृषि (AgriVaani/Garuda) के लिए AI समाधान विकसित करने हेतु कुल 45 लाख डॉलर की फंडिंग दी गई है। भाषाई विविधता को बढ़ावा देने के लिए IIT बॉम्बे में 'इंडिक लैंग्वेज टेक्नोलॉजीज रिसर्च हब' की स्थापना के लिए 20 लाख डॉलर आवंटित किए गए हैं। भारत के हेल्थ फाउंडेशन मॉडल के विकास के लिए 4 लाख और विभिन्न AI स्टार्टअप्स व रिसर्च प्रोजेक्ट्स (जैसे Gnani.AI, CoRover.AI, BharatGen और IIT बॉम्बे का जेम्मा प्रोजेक्ट) को 50,000-50,000 डॉलर के ग्रांट्स दिए गए हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सामूहिक राष्ट्रीय क्षमता के रूप में देख रहा है। चार AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को एक समन्वित राष्ट्रीय अनुसंधान मिशन के रूप में तैयार किया गया है, जो आधारभूत रिसर्च, जिम्मेदार AI और जनहित में काम आने वाले अनुप्रयोगों को आगे बढ़ाते हैं। यह हमारे विकसित भारत 2047 के बड़े लक्ष्य में भी योगदान देते हैं। गूगल डीपमाइंड के सीनियर रिसर्च डायरेक्टर डॉ. मनीष गुप्ता ने कहा कि AI वैज्ञानिक खोजों को तेज करने, मानवीय क्षमताओं को बढ़ाने और भारत इसको बड़े पैमाने पर अपनाने के कारण दुनिया को बदलने की ताकत रखता है। भारत AI आधारित भविष्य का नेतृत्व कर सकता है।

गूगल ने भारत के हेल्थ फाउंडेशन मॉडल तैयार करने के तहत MedGemma आधारित AI मॉडल बनाए जाएंगे। AIIMS विशेषज्ञों के साथ मिलकर अजनालेस डर्मेटोलॉजी और OPD ट्राइजिंग से जुड़े मामले पर भारत-विशिष्ट मॉडल बनाएगा। IISc की टीम अन्य क्लीनिकल उपयोगों पर शोध करेगी। गूगल राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के साथ मिलकर लाखों मेडिकल रिकॉर्ड्स को FHIR जैसे अंतरराष्ट्रीय मानक में बदलने पर काम कर रहा है, ताकि मरीज अपनी रिपोर्ट बेहतर समझ सकें और नीति निर्माण में मदद मिल सके। साथ ही देश के 4 लाख से अधिक पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रों को गूगल मैप्स और सर्च पर अपडेट किया जा रहा है।

AI Image



**किसको कितना ?**

- AI सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस : 80 लाख डॉलर
- Wadhwani AI : 45 लाख डॉलर
- IIT बॉम्बे (भाषा हब) : 20 लाख डॉलर
- हेल्थ फाउंडेशन मॉडल के लिए: 4 लाख डॉलर
- स्टार्टअप्स और रिसर्च (प्रत्येक): 50,000 डॉलर


### वेदांता के डीमर्जर को NCLT से मिली मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता ग्रुप के लिए मंगलवार को राहत वाली खबर आई। नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने वेदांता के डीमर्जर प्लान (कारोबार को अलग-अलग हिस्सों में बांटने की योजना) को मंजूरी दे दी है। अब वेदांता के एल्युमीनियम, तेल-गैस, पावर (बिजली) और स्टील कारोबार के लिए अलग-अलग कंपनियां बनाने का रास्ता साफ हो गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इसका कड़ा विरोध किया था, लेकिन ट्रिब्यूनल ने वेदांता के पक्ष में फैसला सुनाया। वेदांता के प्रवक्ता ने कहा, अब हम सेक्टर के हिसाब से अलग-अलग लीडिंग कंपनियां बनाएंगे, जिनकी अपनी रणनीति और अपना कैपिटल स्ट्रक्चर होगा।

## गुड न्यूज

# कैसे वन्य जीवों के लिए सबसे बड़ा ठिकाना बन रहा भारत

*चीतों की वापसी ने खूब सुर्खियां बटोरीं, लेकिन इसके पीछे एक बड़ी और खामोश कहानी है। पिछले कुछ सालों में दुनिया भर से हजारों जंगली जानवर भारत आए हैं और यहां के ज़ू (चिड़ियाघरों) में नई जिंदगी शुरू की है। इस सूची में पक्षी, सरीसृप और बंदर तो हैं ही, लेकिन सबसे ऊपर है भारत का प्यार यानि टाइगर... । **अतुल ठाकुर** की रिपोर्ट...*



### 4 साल में 6,400 जानवर भारत पहुंचे

*CITES (वन्य जीवों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन) के आंकड़ों के मुताबिक, 1978 के बाद भारत में आए कुल जानवरों में से 90% सिर्फ पिछले 4 सालों में पहुंचे हैं।*

**ज़ू के लिए जानवरों का आयात तेजी से बढ़ा है:**

| 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 19 | 16 | 2 | 24 | 20 | 234 | 486 | 4,051 | 1,640 |

### 2 साल में सबसे बड़ा आयातक बना भारत

**2,922** जानवर आयात किए गए 2024 में दुनियाभर में ज़ू के लिए। इनमें से 1,640 जानवर भारत आए, जिससे भारत दुनिया का सबसे बड़ा आयातक बन गया। 2023 में भी भारत टॉप पर रहा था।

### 'बिग कैट' की सबसे ज्यादा मांग

*भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टाइगर वाला देश है और ज़ू में भी सबसे ज्यादा मांग टाइगर की ही रही।*

1978 से 2024 के बीच आयात

| जानवर | संख्या |
|---|---|
| टाइगर | 314 |
| शेर | 188 |
| चीता | 159 |
| यूरोपीय भैंसा | 158 |
| कॉमन रिकवरल मंकी | 154 |

*जैगुआर, लेपर्ड, कूगर और स्नो लेपर्ड भी इस सूची में शामिल हैं।*



### हर जगह से आए जानवर

| देश | संख्या |
|---|---|
| द. अफ्रीका | 2,072 |
| UAE | 995 |
| चेक रिप. | 854 |
| मैक्सिको | 816 |
| ऑस्ट्रिया | 687 |
| गुयाना | 364 |
| मोजांबिक | 158 |
| जर्मनी | 136 |
| सिंगापुर | 130 |
| श्रीलंका | 116 |

*भारत में आने वाले करीब 30% जानवर दक्षिण अफ्रीका से हैं। इसके बाद यूरोप और अमेरिका का नंबर आता है।*

1978 से 2024 के बीच भारत को जानवर भेजने वाले देश



*जहां भारत आयात में आगे है, वहीं निर्यात सीमित रहा। 2005 में भारत ने 47 जानवर निर्यात किए, जबकि 1976-2024 के बीच कुल 483 जानवर बाहर भेजे गए। इनमें सबसे ज्यादा घड़ियाल थे।*

### निर्यात में घड़ियाल और मगरमच्छ आगे

निर्यात (1976-2024)

| जानवर | संख्या |
|---|---|
| मगरमच्छ | 102 |
| मगरमच्छ | 48 |
| एशियाई हाथी | 45 |
| शेर | 31 |
| ब्लैकबक | 24 |


# गोली जैसा रोबॉट, पेट में जाकर लेगा सैंपल

katyayani.upreti
@timesofindia.com




■ एक ऐसा माइक्रो डिवाइस जिसे दवा की तरह निगला जा सके, वो पेट के रास्ते आंत तक पहुंचे, सैंपल इकट्ठे करे और फिर शरीर से बिना सर्जरी के खुद निकल जाए। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) दिल्ली और ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) दिल्ली ने मिलकर एक ऐसा माइक्रो रोबॉट तैयार किया है और जल्द ही यह मेडिकल साइंस की दुनिया में मदद देने के लिए तैयार होगा। दोनों इंस्टिट्यूट की रिसर्च टीम ने यह इंस्ट्रूमेंट तैयार किया है, जिससे मानव शरीर में मौजूद माइक्रोबायोम को समझने में मदद मिलेगी। इंस्ट्रूमेंट को जानवरों पर परखा जा चुका है, जो कामयाब हुआ है। अब इंसानों पर ट्रायल होगा।

यह माइक्रो रोबॉट पेट के रास्ते सीधे छोटी आंत पहुंच सकता है और वहां से बैक्टीरिया और बाकी रसायनों के मॉलिक्यूल्स यानी सूक्ष्म नमूने इकट्ठा कर सकता है। इसकी खासियत यह है कि यह पेट से जब गुजरता है, तो पेट के एसिड से खुद को सुरक्षित रखता है। छोटी आंत में पहुंचते ही यह सक्रिय हो जाता है और वहीं मौजूद बैक्टीरिया को अपने अंदर जमा कर लेता है।




जानवरों पर टेस्टिंग में कामयाब, अब इंसानों पर इसका ट्रायल होगा

### गूंजता आस्था का आध्यात्मिक संगीत



बोधगया में काग्यु मोनलम प्रार्थनाओं के दौरान आस्था और शांति का मनमोहक दृश्य देखने को मिला। बौद्ध भिक्षु बड़े-बड़े वाद्ययंत्र लिए 17वें करमापा त्रिनले थाये दोरजे के स्वागत में कतारबद्ध खड़े हैं। फूलों से सजी राह, संगीत की गूंज और अनुशासित कदम बौद्ध परंपरा की गहराई को बयां कर रहा है।

विज्ञापन संख्या – 01/2025/गैर–शैक्षणिक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद
श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली–110016
www.ncert.nic.in

**रिक्ति सूचना**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी.), भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संगठन, अपने मुख्यालय राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली, पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूरु, नेल्लोर, उत्तर–पूर्व क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, शिलांग और क्षेत्रीय उत्पादन–सह–वितरण केंद्र, अहमदाबाद, बेंगलुरु, गुवाहाटी और कोलकाता के लिए खुली प्रतियोगिता परीक्षा, कौशल परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से सीधी भर्ती के तहत नीचे निर्दिष्ट विभिन्न गैर–शैक्षणिक पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रही है।

| पदों का लेवल | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | ओबीसी एनसीएल | ईडब्ल्यू एस | अनारक्षित | कुल | दिव्यांगजन | पूर्व–सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्टिकल आरक्षण | | | | | | हॉरिजॉन्टल आरक्षण | |
| लेवल 10–12 | 1 | 0 | 1 | 1 | 6 | 9 | 2 | 0 |
| लेवल 6–8 | 1 | 2 | 8 | 2 | 13 | 26 | 4 | 0 |
| लेवल 2–5 | 12 | 16 | 35 | 8 | 67 | 138 | 6 | 13 |
| सभी लेवल का कुल योग | 14 | 18 | 44 | 11 | 86 | 173 | 12 | 13 |

नोट:
1. उपरोक्त सभी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन होगी और आवेदन करने की अंतिम तिथि को आवेदकों की पात्रता मानदंड अर्थात ऊपरी आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि पर विचार करने के लिए कट–ऑफ तिथि माना जाएगा।
2. आवेदन पत्र भरने के लिए ऑनलाइन पोर्टल रोजगार समाचार में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से सक्रिय हो जाएगा।
3. पात्रता की शर्तों, ऑनलाइन पोर्टल लिंक और अन्य विवरणों के लिए कृपया एनसीईआरटी की वेबसाइट www.ncert.nic.in पर जाएं (लिंक देखें: Announcement > Vacancy > Non-Academic) या क्यूआर कोड स्कैन करें।

–एसडी/–
अवर सचिव, (गैर–शैक्षणिक)

प्रायोगिक सूक्ष्मतरंग इलेक्ट्रॉनिकी इंजीनियरी तथा अनुसंधान संस्था
आई आई टी परिसर, हिल साइड, पवई मुंबई 400 076
कार्य आधारित शिक्षण (डब्ल्यू.बी.एल.) इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए प्रवेश
विज्ञापन संख्या : 11/2025

प्रायोगिक सूक्ष्मतरंग इलेक्ट्रॉनिकी इंजीनियरी तथा अनुसंधान संस्था (समीर), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास संस्था है। समीर मुंबई/नवी मुंबई के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित "कार्य आधारित शिक्षण (डब्ल्यू.बी.एल.)" इंटर्नशिप कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा है। जिसका उद्देश्य बी.ई. (ई एंड टीसी/इलेक्ट्रॉनिकी/ इंस्ट्रूमेंटेशन/ भौतिकी) और एम.एससी (भौतिकी/ रसायन विज्ञान/ इलेक्ट्रॉनिकी) में योग्यता प्राप्त एससी/ एसटी /महिला/ ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के उम्मीदवारों को सशक्त और समर्थ बनाना है। अंतिम वर्ष के उम्मीदवार भी इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं।

ए.आई.सी.टी.ई इंटर्नशिप पोर्टल के माध्यम से डब्ल्यू.बी.एल के लिए आवेदन करने एवं अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया https://sameer.gov.in/recruitment पर जाएँ।

CBC 06109/12/0008/2526

**INVITATION OF APPLICATION FOR APPOINTMENT AS LAW RESEARCH ASSOCIATE (YOUNG PROFESSIONALS AND CONSULTANTS) ON CONTRACT BASIS IN THE SECURITIES APPELLATE TRIBUNAL, MUMBAI.**

The Securities Appellate Tribunal proposes to engage Law Research Associates (Young Professionals and Consultants) on contract basis. The detailed guidelines and terms of reference for applying for the posts are available on the website of the Tribunal (https://satweb.sat.gov.in). Interested candidates may submit their applications at the following address by post/courier/hand delivery on or before 05th January, 2026.

The Registrar,
Securities Appellate Tribunal,
Mittal Court, 1st Floor, 'B' Wing,
Nariman Point, Mumbai – 400 021.Maharashtra.

sd/-
(Jayant N. Raje)
Registrar, SAT
Email: registrar-sat@nic.in

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक
India Post Payments Bank
(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट कार्यालय, स्पीड पोस्ट सेंटर बिल्डिंग, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली 110001

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक / स्वायत्त संस्थान से सेवानिवृत्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिन्हें राजभाषा अधिकारी के रूप में कार्य करने का पर्याप्त अनुभव हो।

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | नियुक्ति के प्रकार | आयु | पात्रता मानदंड |
|---|---|---|---|---|
| हिन्दी अधिकारी (राजभाषा अधिकारी) | 01 | संविदा | दिनांक 01.11.2025 को 60 वर्ष से अधिक किन्तु 65 वर्ष से कम हो | सेवानिवृत्त अधिकारी जिन्होंने किसी सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन में राजभाषा कार्यों का दायित्व संभाला हो तथा जिन्होंने आईडीए पैमाने के अंतर्गत E6 या उससे उच्चतर स्तर अथवा CDA पैमाने के अंतर्गत स्तर 13 या उससे उच्चतर स्तर पर सेवानिवृत्त प्राप्त की हो। |

महत्वपूर्ण तिथियां:
- विज्ञापन जारी होने की तिथि : 15 नवंबर, 2025
- आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रति careers@ippbonline.in पर भेजनी है।
- आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी तथा सॉफ्ट कॉपी (विज्ञापन में निर्दिष्ट के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों सहित) 30 दिसंबर, 2025 सायं 5 बजे तक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय में अवश्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए।
- अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन भरने से संबंधित दिशानिर्देश की जानकारी के लिए, बैंक की आधिकारिक वेबसाइट को देखें।
https://ippbonline.com/web/ippb/current-openings

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक : 15.11.2025
ह./-
उप महाप्रबंधक (मास)
CBC 06346/12/0010/2526

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 12-16-2025 22:45 Color:



मुंबई के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू मैच से पहले एक भी रात मेरी नींद नहीं उड़ी थी, लेकिन विमिंस वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड मैच से पहले कुछ दिन मेरी रातों की नींद उड़ गई थी क्योंकि वह मैच हर हाल में जीतना था। -अमोल मजूमदार, हेड कोच, भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम



195

विकेट 36 एशेज टेस्ट में लिए हैं शेन वॉर्न ने। वह इंग्लैंड के खिलाफ द एशेज टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले बोलर हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. WTA प्लेयर ऑफ द ईयर 2025 आरिना सबालेंका किस देश की है?
A) बेलारूस B) अमेरिका C) फ्रांस D) रूस
2. एशेज टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट किस बोलर के नाम है?
A) शेन वॉर्न B) ग्लेन मैक्ग्रा C) बॉब विलिस D) इयान बॉथम

**कल के जवाब**
1. B) 6, 2. C) अबू धाबी

**लकी WINNER**



1-नवनीत गुप्ता, गाजियाबाद, यूपी
2-राजीव श्रीवास्तव, लखनऊ, यूपी
3-अमिता जैन, काशी गांव, ठाणे, महाराष्ट्र

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### ऐश्वर्य का वर्ल्ड रेकॉर्ड

■ **नई दिल्ली:** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन फाइनल में 470.5 का वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल जीता। नौसेना के नीरज कुमार ने सिल्वर और उत्तर प्रदेश के अखिल श्योरान ब्रॉन्ज जीता। गुरजोत सिंह ने 55 निशाने लगाकर पुरुषों की स्कीट स्पर्धा जीती। उन्होंने नौ बार के राष्ट्रीय चैंपियन मेराज अहमद खान (54 निशाने) को हराया।

### मंधाना बनी नंबर-1

■ **नई दिल्ली:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनर स्मृति मंधाना वनडे फॉर्मेट में दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट को पछाड़कर मंधाना ने टॉप रैंकिंग्स हासिल की। मंधाना को एक स्थान का फायदा हुआ है, जबकि वोल्वार्ड्ट को एक स्थान का नुकसान हुआ है। भारतीय बैटर जेमिमा रोड्रिग्स 10वें पर है।

### भारत करेगा मेजबानी

■ **नई दिल्ली:** भारतीय साइकलिंग के इतिहास में पहली बार उपमहाद्वीपीय पुरुष टीम एलीट रोड रेस पहले यूसीआई 2.2 बजाज पुणे ग्रां टूर 2026 का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक होगा। इस टूर से अंतरराष्ट्रीय साइकलिंग कैलेंडर का आगाज होगा। यह चार दिन तक चलने वाली चार चरण की 437 किलोमीटर की पुरुष टीम रोड रेस है।

### अनवर ने किया कमाल

■ **दुबई:** भारतीय बॉक्सर फैजान अनवर ने यहां 10 राउंड तक चले कड़े मुकाबले में रूस के सुरेन बाबसानुरोव को हराकर डब्ल्यूबीए (विश्व मुक्केबाजी संघ) अंतरमहाद्वीपीय चैंपियनशिप जीती।

# Gen-Z की ओर बढ़ी चेन्नै सुपरकिंग्स

## IPL 2026 मिनी ऑक्शन

■ **एजेंसियां, अबू धाबी:** प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा उस समय पैदा भी नहीं हुए थे जब महेंद्र सिंह धोनी एक सितारा बन चुके थे। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के शुरुआती वर्षों में जब 'कैप्टन कूल' कामयाबी की नई दास्तान लिख रहे थे तब ये दोनों क्रिकेटर बच्चे ही थे। उन्नीस बरस के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक और 20 वर्ष के बाएं हाथ के स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर वीर ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि चेन्नै सुपरकिंग्स उन पर 14 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च करेगी और वह धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करेंगे। धोनी और संजू सैमसन के रहते कार्तिक को खेलने का मौका मिलेगा या नहीं? क्या वीर को रविंद्र जाडेजा के विकल्प के तौर पर तैयार किया जाएगा? इन सवालों के जवाब के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। मगर, IPL 2026 के लिए अबू धाबी में हुए मिनी ऑक्शन को देखते हुए लगता है कि चेन्नै सुपरकिंग्स ने भविष्य की ओर देखते हुए फैसला कर लिया है। हमेशा अनुभव पर जोर देने वाली चेन्नै की टीम ने ऐसे युवा खिलाड़ियों पर कम ही निवेश किया है जिन्हें आजमाया नहीं गया हो। धोनी के दौर के बाद टीम मैनेजमेंट नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अनुसार टीम तैयार कर रहा है। कोलकाता नाइटराइडर्स के साथ पंद्रह बरस तक रहे एअार श्रीकांत ने स्थानीय और वैश्विक प्रतिभाओं को पहचानने में अहम भूमिका निभाई है। अब वह चेन्नै टीम के प्रतिभा और खिलाड़ी खरीद प्रमुख हैं। उन्होंने अगर कुल जमा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 21 मैचों का अनुभव रखने वाले वीर और कार्तिक को चुना है तो दोनों में कुछ तो बात होगी। इसके साथ ही यह संकेत है कि चेन्नै की टीम अब 'Gen Z' (1997 से 2012 के बीच जन्मे) की ओर बढ़ गई है।

**विदेशी खिलाड़ियों पर बड़ी बोली:** बांग्लादेश के बाएं हाथ के पेसर मुस्ताफिजुर रहमान को कोलकाता ने चेन्नै के साथ कई दौर की बोली के बाद 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंग्लैंड के बैटर लियम लिविंगस्टोन को खरीदने के लिए 13 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स ने ऑस्ट्रेलियन विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस की सेवाएं 8.60 करोड़ रुपये में हासिल कीं। इन दोनों के नाम पर नीलामी की शुरुआती दौर में किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनोली को पंजाब किंग्स ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा।



प्रशांत वीर ₹14.20 करोड़ CSK

| | |
|---|---|
| बेस प्राइस | 30 लाख रुपये |
| उम्र | 20 साल |
| राज्य | उत्तर प्रदेश |
| रोल | स्पिनर, बैटर |
| IPL टीम | चेन्नै सुपरकिंग्स |



कार्तिक शर्मा ₹14.20 करोड़ CSK

| | |
|---|---|
| बेस प्राइस | 30 लाख रुपये |
| उम्र | 19 साल |
| राज्य | राजस्थान |
| रोल | विकेटकीपर बैटर |
| IPL टीम | चेन्नै सुपरकिंग्स |

**13** प्लेयर्स को खरीदा KKR ने जो इस ऑक्शन में जो सर्वाधिक है

**29** विदेशी खिलाड़ी खरीदे गए IPL 2026 के लिए मिनी ऑक्शन में

**77** खिलाड़ियों को खरीदा ऑक्शन में लीग की 10 टीमों ने

**215.45** करोड़ रुपये कुल खर्च किए टीमों ने मिनी ऑक्शन में

### अनजाने चेहरों पर बड़ा दांव



आकिब नबी

इस नीलामी में 'अनकैप्ड' (इंटरनैशनल मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय खिलाड़ियों को बड़ी सफलता मिली। यूपी के प्रशांत के अलावा राजस्थान के कार्तिक को चेन्नै सुपरकिंग्स पर 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। दोनों खिलाड़ी 30 लाख रुपये के बेस प्राइस में आने के बाद IPL ऑक्शन के इतिहास में सबसे अधिक कीमत पाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। दिल्ली कैपिटल्स ने भी इस ऑक्शन में सबसे अधिक कीमत अनकैप्ड खिलाड़ी आकिब नबी डार को दी। जम्मू-कश्मीर के पेसर आकिब को 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा गया। उनकी शुरुआती कीमत भी 30 लाख रुपये थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी मध्य प्रदेश के बाएं हाथ के युवा पेसर मंगेश यादव को 5.20 करोड़ रुपये में खरीदा।

### 19वां सीजन 26 मार्च से 31 मई तक



इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन का आयोजन 26 मार्च से 31 मई तक किया जाएगा। यह देखना होगा कि भगदड़ में लोगों की मौत के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सभी बड़े क्रिकेट आयोजन रुकने के बाद गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के घरेलू मैदान को मेजबानी का मौका मिलता है या नहीं। स्थापित नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू टीम RCB ने IPL 2025 का खिताब जीता था।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में 2-1 से आगे है भारत

# आज सीरीज़ जीत और कप्तान सूर्य व उपकप्तान गिल पर होगा सारा फोकस

## टी20I सीरीज, चौथा मैच

■ **NBT रिपोर्ट/एजेंसी, लखनऊ:** भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। चौथे टी20 मैच में भारतीय टीम का फोकस सीरीज जीत पर तो होगा ही, कप्तान सूर्यकुमार यादव और उप-कप्तान शुभमन गिल से उम्दा पारियों की भी उम्मीद होगी। सूर्य और गिल हाल के दिनों में इस फॉर्मेट में खराब लय में रहे हैं। तीसरे मैच में सूर्य के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था जिसने उन्हें दुनिया का टॉप टी20 का बैटर बनाया था।



**एक भी फिफ्टी नहीं:** कप्तान के आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बताते हैं। भारतीय कप्तान एक साल से अधिक समय से लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। मौजूदा सीजन में इस फॉर्मेट में उनका ऐवरेज 15 से कम है। इसके अलावा 2025 में उनके नाम कोई फिफ्टी नहीं है जो उनके करियर में इस तरह का सबसे लंबा चरण है। वह इस दौरान केवल दो बार 20 गेंद से अधिक बैटिंग करने में सफल रहे हैं। गिल का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। उनके पारी का आगाज करने से भारत का टॉप ऑर्डर अस्थिर हो गया है। गिल ने अच्छी तरह से स्थापित संजू सैमसन की जगह ली। गिल ने टी20 इंटरनैशनल में उस बल्लेबाज की झलक नहीं दिखाई है, जो वह टेस्ट और वनडे में हैं। वह तीसरे टी20 में सिर्फ 28 रन ही बना पाए थे।



Sunil Kumar

सूर्यकुमार लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मंगलवार को प्रैक्टिस सेशन के दौरान

**21** पिछली टी20I पारियों से सूर्यकुमार यादव के बल्ले से एक भी अर्धशतक नहीं निकला है

**5 बार** अर्शदीप सिंह ने क्विंटन डीकॉक का शिकार किया है टी20 क्रिकेट में 56 गेंदों पर सिर्फ 66 रन देकर

सूर्यकुमार ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने दम पर पांचों मैच जिता सकते हैं। अगर वह फॉर्म में नहीं हैं तो इसके यह मायने नहीं है कि वह अच्छे खिलाड़ी नहीं हैं। -शिवम दुबे, भारतीय ऑलराउंडर

| आमने सामने | 34 | 20 | 13 |
|---|---|---|---|
| | कुल मैच | भारत जीता | सा. अफ्रीका जीता |

### संभावित प्लेइंग XI

**भारत:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा

**साउथ अफ्रीका:** रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, ओटनील बार्टमैन, एनरिच नॉर्त्जे

**पिच व मौसम** लखनऊ में भी ठंड होगी, लेकिन धर्मशाला जैसी नहीं। तापमान के 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जिससे स्पिन-अनुकूल पिच तैयार करना अब भी मुश्किल रहेगा। काफी ओस रहने की संभावना है।

LIVE **टेलिकास्ट:** शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

# हरियाणा-झारखंड के बीच होगी खिताबी जंग



Social Media

हैदराबाद पर जीत का जश्न मनाते हरियाणा के प्लेयर्स

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी** सुपर लीग मुकाबले

■ **एजेंसियां, अम्बी (पुणे):** सामंत जाखड़ (60 रन, 22 गेंद) और अंकित कुमार (57 रन, 27 गेंद) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत हरियाणा ने मंगलवार को हैदराबाद को 124 रनों से करारी शिकस्त देकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की की जहां उसका सामना झारखंड से होगा। सामंत और अंकित के अलावा पार्थ वत्स ने आखिर में 19 गेंद पर 45 रन बनाए जिससे हरियाणा ने सात विकेट पर 246 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.1 ओवर में 122 रन पर ऑल आउट हो गई। **इससे पहले** झारखंड ने आंध्र प्रदेश से नौ रन से हार के बावजूद सुपर लीग ग्रुप-ए में टॉप पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया। आंध्र ने सात विकेट पर 203 रन बनाए और झारखंड को आठ विकेट पर 194 रन पर रोक दिया।

**मुंबई के लिए सरफराज की रेकॉर्ड फिफ्टी**

राजस्थान पर जीत के दौरान मुंबई के लिए सरफराज खान ने 22 गेंद में 73 रन की तूफानी पारी खेली। सरफराज ने अपनी पारी के दौरान 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और मुंबई की ओर से फास्टेस्ट फिफ्टी के अपने ही 18 गेंद के पुराने रेकॉर्ड को और बेहतर किया।

# बड़ी जीत में अभिज्ञान और दीपेश का यादगार प्रदर्शन



Social Media

अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट भारत Vs मलयेशिया

**अभिज्ञान कुंडू**
209* रन
125 गेंद
17 फोर
9 सिक्स

**1** पहले भारतीय क्रिकेटर बने अभिज्ञान कुंडू, यूथ वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले

■ **एजेंसियां, दुबई:** अभिज्ञान कुंडू के रेकॉर्ड 209* रन और दीपेश देवेंद्रन के पांच विकेट की मदद से भारत ने अंडर-19 एशिया कप मैच में मंगलवार को मलयेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से यूथ वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था। कुंडू यूथ वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। उन्होंने अपनी नाबाद पारी में 125 गेंदों का सामना करके 17 फोर और नौ सिक्स लगाए जिसकी मदद से भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। सत्रह वर्ष के कुंडू साउथ अफ्रीका के जोरिच वान शाल्कविक के बाद यूथ वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज हो गए। जोरिच ने इस साल की शुरुआत में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ 153 गेंद में 215 रन बनाए थे।

**मलयेशिया का सरेंडर:** जवाब में दाहिने हाथ के मीडियम पेसर देवेंद्रन ने 22 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए मलयेशियन बैटिंग की कमर तोड़ दी। मलयेशिया की टीम 32.1 ओवर्स में 93 रन पर आउट हो गई। भारत के लिये वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंद में 50 रन बनाए। उन्होंने यूएई के खिलाफ इसी टूर्नामेंट में 171 रन की पारी खेली थी। चौथे नंबर पर उतरे वेदांत त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की। कुंडू ने अपनी पारी में 55 सिंगल निकाले। वेदांत ने 90 रन बनाए।

# सबालेंका साल की बेस्ट प्लेयर चुनी गईं

**WTA अवॉर्ड्स**



आरिना सबालेंका

■ **एजेंसियां, न्यूयॉर्क:** आरिना सबालेंका ने लगातार दूसरी बार विमिंस टेनिस असोसिएशन (WTA) की साल की बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड जीता। उन्हें यूएस ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सीजन का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से लगभग 80 प्रतिशत वोट मिले। बेलारूस की सबालेंका पिछले 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

# प. बंगाल के खेल मंत्री का इस्तीफा

■ **आईएएनएस, कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में फुटबॉल के सुपर स्टार लियोनेल मेसी से जुड़े इवेंट के दौरान मैनेजमेंट में हुई कमियों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। फिलहाल सीएम खुद खेल मंत्रालय संभालेंगी। बिस्वास राज्य के बिजली मंत्री भी हैं। ऐसे में वह राज्य कैबिनेट के सदस्य बने रहेंगे।

**मेसी के इवेंट में गड़बड़ी**



अरूप बिस्वास

# सात्विक-चिराग को मिला 'ग्रुप ऑफ डेथ'

■ **एजेंसियां, हांगझोउ:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बुधवार से शुरू होने वाली सीजन की अंतिम प्रतियोगिता BWF (बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन) वर्ल्ड टूर फाइनल्स में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। भारत की टॉप मेंस डबल्स जोड़ी को उस ग्रुप में जगह मिली है, जिसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ टॉप खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं, जिनका सिलेक्शन वर्ल्ड टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। दुनिया की पूर्व नंबर एक सात्विक और चिराग की जोड़ी इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि हैं।



सात्विक-चिराग की जोड़ी

# कमिंस और लियोन टीम में लौटे

■ **एजेंसियां, एडिलेड:** चोट के कारण एशेज सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट से बाहर रहे पैट कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने जा रहे सीरीज के तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी संभालेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम में ब्रैंडन डॉगेट और माइकल नेसर की जगह कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन की बोलिंग अटैक में वापसी हुई है, जबकि टीम-7 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसका मतलब है कि जोश इंग्लिस सातवें नंबर पर बरकरार रहेंगे। अपने 39वें जन्मदिन से सिर्फ दो दिन दूर अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा को ऑस्ट्रेलिया की इलेवन में जगह नहीं मिली।

**तीसरा टेस्ट मैच**

**बांधेंगे काली पट्टी:** बॉन्डी बीच गोलीबारी के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी इस टेस्ट में काली पट्टी बांधकर खेलेंगे और झंडे आधे झुकाए जाएंगे।



FILE

द एशेज

पैट कमिंस


### प्लेइंग XI

**ऑस्ट्रेलिया:** जैक वेदराल्ड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड।

**इंग्लैंड:** जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, जोश टंग, ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

**टेलिकास्ट:** सुबह 5 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। वृश्चिक राशि का चंद्रमा आपके सामने ढेर सारी परेशानियां खड़ी करेगा। आपको आज के दिन नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप समय पर पूरा करेंगे। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश दिलाएगी।

**TARUS** 20 Apr - 19 May
आज का अच्छा दिन शुभ है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का शाम जल्दी खत्म करके [illegible] परिवार के साथ बिताएं।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध सप्तम पारकल त्रिभुति भाव में केतु के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता दिलाता है। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। आपके भाग्योदय का दिन है, इसलिए क्रियाशील रहें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आपके द्वारा लिया गया निर्णय आपके लाभदायक रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। आज दिनभर भागदौड़ रहने से आप थकावट महसूस करेंगे। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना न भूलें, अन्यथा आंख व उदर संबंधी कष्ट हो सकते हैं।

**LEO** 23 Jul - 22 Aug
आज आपका भाग्य हर क्षेत्र में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड्यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही प्रतुल आपकी समस्या भी समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मिलने में परिवर्तित हो सकता है।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
राशि का स्वामी बुध अपने से तृतीय पराक्रम भाव पर गोचर कर रहे हैं। इसके फलस्वरूप कुटुंबजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। संतान पक्ष से सुखद समाचार और दांपत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आपकी राशि का स्वामी शुक्र द्वितीय भाव में और आज राहु पंचम शत्रु भाव में है। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। कुछ शत्रु सक्रिय रहेंगे और हो सकता है आज कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी कुछ रुकावटें डालने का प्रयास करें। दिन के एक हिस्से में धर्म की भागदौड़ और परिश्रम अधिक विशेष रूप से रहेगी।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि पर शनि देव एवं वृश्चिक राशि पर चंद्रमा से आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में सफल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएं तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
राशि का स्वामी बृहस्पति वक्र में है। चंद्रमा आज व्यय भाव में संचार कर रहा है। राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन-धान्य की वृद्धि, प्रिय मित्रों से भेंट, [illegible] पर विजय और मनोकामना सिद्धि होगी। सायंकाल से रात्रि में मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज दिन की शुरुआत में आप उत्साह से भरे रहेंगे और नए विचार भी आपके दिमाग में आएंगे। आज ससुराल के रिश्ते से मन में प्रसन्नता होगी। उच्च अधिकारियों की कृपा से जमीन जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। सायंकाल के समय स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
राशि स्वामी शनि द्वितीय भाव रहेगा और मीन राशि में अपने घर संचार कर रहा है। कन्याकल की सिद्धि उत्सव है। कहीं से रुका हुआ धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से चला आ रहा कोई विवाद सुलझ जाएगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आप हमेशा लोगों की सहायता के लिए तैयार रहते हैं, इसलिए आज भी आपके दिन का एक हिस्सा दूसरों की सहायता करने में बीतेगा। आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी सम्मानी देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष राहु, गुरु वर्ष के स्वामी बन रहे हैं। वर्ष सूर्य पाद से प्रवेश कर रहा है। दिसंबर महीने से जनवरी 2026 तक शुभ व्यय, कीर्ति की वृद्धि, स्थान परिवर्तन और मनोरथ सिद्धि होगी। इस दौरान घर-परिवार में सुख-शांति और स्थिरता बनी रहेगी। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक का समय स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है, फिर भी नियमित कार्यक्रमों में परिवर्तन लाने से वांछित लाभ हो जाएगा। अप्रैल महीने तक सभी रुके हुए कार्य कुछ संघर्ष और व्यय करने के बाद बन जाएंगे। मई माह की शुरुआत से लेकर जून माह के अंत तक में मंगल कार्य की योजना बनेगी। इस दौरान अपने व्यापार में नवीनता लाएंगे, तो लाभ होगा। जुलाई महीने की शुरुआत से लेकर अगस्त महीने के अंत तक सफलतापूर्ण यात्रा और पर्यटन के योग हैं। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी और यात्रा के दौरान किसी ऐसे व्यक्ति से भेंट होगी, जो आगे चलकर आपके काम आएगा। सितंबर महीने में अपने ज्ञान व मनोरंजन पर खर्च करना सुखद सिद्ध होगा। अक्टूबर महीने के उत्तरार्ध अत्यधिक व्यस्तता का है। नवंबर महीने में अच्छे परिणाम के लिए [illegible] स्तोत्र का पाठ विद्वान ब्राह्मण द्वारा कराएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग


(बृहस्पतिवार, 18 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति मार्गशीर्ष 27, शक संवत 1947, पौष, कृष्ण, चतुर्दशी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 4, जमादि उस्सानि 26, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 18 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य दक्षिणायन, उत्तर गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। चतुर्दशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 4 बजकर 50 मिनट तक उपरांत अमावस्या तिथि का आरंभ। अनुराधा नक्षत्र रात्रि 8 बजकर 7 मिनट तक। धृतिमान योग अपराह्न 3 बजकर 6 मिनट तक। विष्टि करण अपराह्न 3 बजकर 48 मिनट तक उपरांत चतुष्पद करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - श्री प्रदोष व्रत।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 6 | | 4 | 2 | | |
| | | | 1 | | 9 | | | |
| 5 | 6 | | | 2 | | | 1 | 3 |
| | 9 | | | | | | 2 | |
| 1 | 7 | | 8 | | 2 | | 3 | 5 |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| 8 | 5 | | | 7 | | | 4 | 6 |
| | | | 9 | | 1 | | | |
| | | 2 | 5 | | 6 | 7 | | |

## TELEVISION



big magic

09.00 [illegible]
10.00 [illegible]
11.00 रुद्र के रक्षक
12.00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
12.30 हम पांच
13.00 रुद्र के रक्षक
13.30 [illegible]
14.00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
15.00 [illegible]
17.00 [illegible]
18.00 चक्रधारी अजेय कृष्णा

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: cci Time: 12-16-2025 22:34 Color:



# Enterटेनमेंट masalamix



कुणाल खेमू

# 'बेटी को मैं बिगाड़ता हूं, सोहा सुधारती है'

**बतौर चाइल्ड ऐक्टर फिल्म जख्म में यादगार अभिनय हो या गोलमाल सीरीज में कॉमिडी या फिर मडगांव एक्सप्रेस की निर्देशकीय पारी, कुणाल खेमू ने हर भूमिका में खुद को साबित किया है। फिर भी इंडस्ट्री ने उनकी प्रतिभा के साथ पूरा न्याय नहीं किया है। इन दिनों अपनी वेब सीरीज सिंगल पापा के लिए तारीफें बटोर रहे कुणाल खेमू से हमने की खास बातचीत:**

Upma.Singh@timesofindia.com

**Q आपने जख्म से लेकर गोलमाल तक हर बार अपनी प्रतिभा साबित की है। फिर भी आपको उतने बड़े मौके नहीं मिले। आप मानते हैं कि इंडस्ट्री ने आपके टैलंट के साथ न्याय नहीं किया?**

कई बार मुझे भी ऐसा लगा। जब आप उस जोन में रहते हैं तो आपको ऐसा लगता है, लेकिन अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो मुझे लगता है कि हमारी जिंदगी में जो कुछ होता है, वो किसी वजह से ही होता है। अगर मुझे उस दबाव में नहीं डाला जाता तो मैं शायद लिखता नहीं। मैं शायद गाने नहीं लिखता, गाने नहीं बनाता, फिल्ममेकर नहीं बनता तो मैं ये मानता हूं कि जब हम ऊपरवाले से कहते हैं कि मुझे मौके दो तो वो ऐसे उठाकर नहीं देता। वह आपको जिंदगी में बहुत सारी चीजें सीखने का मौका देता है। फिर एक पड़ाव या एक उम्र में आपको अहसास होता कि मेरे साथ वो सारी चीजें इसीलिए हुईं ताकि मैं यहां पर पहुंच सकूं।



**Q आपने शुरुआती दौर में गोलमाल, गो गोआ गॉन जैसी कॉमिडी फिल्मों में जो अपनी पैठ बनाई, आपको लगता है कि उससे भी नुकसान हुआ। आपको कॉमिडी से इतर किरदार कम मिले?**

बिल्कुल, मुझे भी कभी-कभी ऐसा लगता है। कई बार यह भी लगता है कि यार मैं बतौर अभिनेता अलग चीजें करना चाहता हूं, पर ऐसा न हो कि वो समय चला जाए और मेरी वो चीजें करने की उम्र ही न रहे। बस यही एक चीज मन में रहती है। बाकी मुझे लगता है कि कुछ बुरा होना होता तो आज अडल्ट ऐक्टर के तौर पर भी मुझे 20 साल हो गए। 9 दिसंबर 2005 को कलयुग आई थी। मेरे साथ और मेरे बाद कई ऐसे लोग आए थे जो अब इंडस्ट्री में काम नहीं कर रहे हैं। मुझे इतना पता है कि इंडस्ट्री में आप सिर्फ अपने को बदल सकते हैं। अपने ऊपर काम कर सकते हैं। बाकी आपके हाथ में कुछ नहीं है तो भी जितना भी फ्रस्ट्रेट या इरिटेट हुआ, मैंने अपने अंदर कुछ नया करने की कोशिश की और जो मौका यहां से नहीं मिला, मैंने राइटर-डायरेक्टर के तौर पर खुद क्रिएट किया। हां, उतार चढ़ाव थे। कई बार बहुत बुरा लगता था कि मेरे साथ ही ऐसा क्यों हो रहा है, लेकिन अगर आप बुराइयां देखते हैं तो अपनी अच्छाइयां भी देखनी चाहिए। मेरा मानना है कि आप जब तक सही सलामत हैं, आपके सारे पुर्जे चल रहे हैं, आपको शुक्रगुजार होना चाहिए।

**Q आपकी सीरीज सिंगल पापा बच्चों की परवरिश में पुरुषों की भागीदारी पर बात करती है। आपकी बेटी इनाया की परवरिश में कितनी और क्या भूमिका रहती है?**

हमारे केस में ये भागीदारी 70-30 की ही चलती है, क्योंकि सोहा (पत्नी सोहा अली खान) की पर्सनैलिटी ऐसी है कि मेरे मुकाबले वह ज्यादा चीजें करने, ज्यादा चीजें प्लान करना पसंद करती हैं लेकिन मेरा मानना है कि हर कपल के बीच यह समझदारी होनी भी जरूरी है कि आप एक दूसरे के स्पेस में नहीं आएं। कहीं न कहीं आपको तय करना पड़ेगा कि अच्छा वो ये काम करने में बेहतर हैं और मैं ये काम अच्छा करता हूं। जैसे हम घर चलाने में करते हैं न कि जिम्मेदारियां बांट लेते हैं, वैसे ही हमने अपनी भूमिकाएं बांट ली हैं। हम जानते हैं कि ये उनकी ताकत है, जबकि मैं इसमें अच्छा हूं। मैं फन पैरेंट हूं। मैं इनाया के साथ मस्ती करता हूं और जो डिसिप्लिन करने का काम है वो सोहा करती हैं। मैं बिगाड़ने वाले में से हूं, वो सुधारने वाले में से हैं।

**Q सीरीज में बतौर सिंगल पापा बच्चे अमूल के साथ आपका रिश्ता बहुत ही प्यारा लगा है। बेटी इनाया का पापा होने से इसमें कितनी मदद मिली?**

देखिए, कहीं न कहीं मेरे खुद पिता होने का असर जरूर पड़ा है क्योंकि वो इमोशन मैंने जिए हैं तो वहीं से महसूस करके यहां पर दिखाया गया है। लेकिन एक सच यह भी है कि अमूल यानी हमी जो बच्चा है, वह इतना प्यारा और खूबसूरत है। वो साढ़े तीन-चार महीने का था जब ये शो शुरू हुआ तो मुझे याद है कि वह अपना सिर नहीं संभाल पाता था। हमारे साथ सेट पर उसने अपना सिर संभालना शुरू किया है तो कहीं न कहीं उससे साथ में एक जुड़ाव हो गया था और उसे देखकर ही वो इमोशन आ रहे थे।



# प्लास्टिक सर्जरी के दावों पर भड़कीं रकुल प्रीत सिंह

रकुल प्रीत सिंह ने उन दावों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है जिसके मुताबिक उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। उन्होंने यह दावा करने वाले एक शख्स को लेकर गुस्सा भी जताया है। रकुल का कहना है कि उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया है और कड़ी मेहनत करके वजन घटाया है।

रकुल ने सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर किया जिसमें एक शख्स खुद को प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जन बताकर रकुल के चेहरे में बदलाव पर बातें कर रहा है। उसने रकुल द्वारा बोटॉक्स, फिलर्स और नोज जॉब जैसी सर्जरीज कराने का दावा किया। इस पर ऐतराज जताते हुए रकुल प्रीत सिंह ने लिखा, 'बिना किसी फैक्ट और मेडिकल जांच के इस तरह के दावे बेहद गंभीर और खतरनाक हैं। यह फ्रॉड अलर्ट है। ऐसे लोग, जो खुद को डॉक्टर बताकर लोगों को गुमराह करते हैं, सोसायटी के लिए चिंता का विषय हैं।' उन्होंने आगे लिखा, 'एक ऐसी ऐक्टर होने के नाते, जिसे प्राचीन और आधुनिक विज्ञान की समझ है, मुझे उन लोगों से कोई दिक्कत नहीं है जिन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। लेकिन वजन घटाना नाम की भी एक चीज है जो कड़ी मेहनत से होता है।' रकुल ने कहा कि इस तरह के 'डॉक्टर्स' से सावधान रहें।

> यह फ्रॉड अलर्ट है। जो डॉक्टर बताकर लोगों को गुमराह करते हैं, सोसायटी के लिए चिंता का विषय है।

# अनुष्का और विराट ने लिया प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद



विराट कोहली और अनुष्का शर्मा प्रेमानंद जी महाराज से आशीर्वाद लेने एक बार फिर से वृंदावन में उनके आश्रम में पहुंचे। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक विडियो वायरल हो रहा है। विडियो में अनुष्का शर्मा पति विराट कोहली के साथ प्रेमानंद महाराज के सामने बैठे हुए नजर आ रहे हैं। सामान्य कपड़ों में दोनों के माथे पर तिलक लगा हुआ था। इस दौरान प्रेमानंद जी महाराज ने उन्हें जीवन से जुड़ी अहम बातें बताईं। उन्होंने कहा, 'अपने कार्यक्षेत्र को भगवान की सेवा समझिए, गंभीर भाव से रहिए, विनम्र रहिए और नामजप कीजिए। जीवन को उन्नतशील बनाना है। जब तक भगवान ना मिल जाएं, हमारी यात्रा रुकनी नहीं है।' अनुष्का कहती हैं, 'हम आपके हैं महाराज जी। इसके जवाब में बाबा कहते हैं, 'हम सब श्रीजी के हैं। उनकी छत्रछाया में हैं। हम सब उन्हीं के बच्चे हैं।'

---

**मेरा गांव, मेरे पास**

# उत्तराखंड: दुनिया की सबसे सेफ 3-एस तकनीक से लैस होंगे रोपवे

## 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने पर भी होगा संचालन

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून:** उत्तराखंड में सोनप्रयाग-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाओं में पहली बार सबसे सुरक्षित और उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला रोपवे तकनीक (3-एस) का इस्तेमाल किया जाएगा। इस तकनीक का प्रयोग फिलहाल स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और चीन जैसे चुनिंदा देशों में ही किया जा रहा है। इस तकनीक का फायदा यह है कि 100 किमी प्रति घंटे से अधिक की तेज हवा चलने पर भी रोपवे का सुरक्षित संचालन संभव होगा। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद वर्धन के अनुसार, दोनों रोपवे परियोजनाओं के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



**एआई और सेंसर से होगी रीयल-टाइम निगरानी**

इस प्रणाली में एआई आधारित स्मार्ट तकनीक का उपयोग किया जाएगा। सेंसर और कैमरों से मिलने वाले रीयल-टाइम डेटा का विश्लेषण कर एआई पहले ही संभावित खराबी का अनुमान लगा लेगा, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका काफी कम हो जाएगी।

**आराम, रफ्तार और पर्यावरण संरक्षण:** प्रत्येक केबिन पूरी तरह बंद, वातानुकूलित और मौसम-रोधी होगा, जिससे हर मौसम में सुरक्षित और आरामदायक यात्रा संभव होगी। कम टावर और टावरों के बीच लंबी दूरी होने से निर्माण कार्य घटेगा और पर्यावरण को भी कम नुकसान पहुंचेगा।

**तीन केबल, कई गुना ज्यादा सुरक्षा:** 3-एस रोपवे प्रणाली में दो स्थिर केबल (ट्रैक रोप) केबिन का पूरा भार संभालती हैं, जबकि एक चलायमान केबल केबिन को आगे-पीछे खींचती है। भार और गति अलग-अलग केबलों पर होने से सामान्य रोपवे प्रणालियों की तुलना में सुरक्षा कई गुना बढ़ जाती है।

# राजस्थान में वोटर लिस्ट से 42 लाख नाम काटे गए

■ **भाषा, जयपुर:** राजस्थान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम के तहत लगभग 42 लाख नाम सूची से हटा दिए गए हैं।

> 11 लाख वोटरों को नोटिस जारी होंगे

मुख्य चुनाव अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्य में कुल 5.46 करोड़ मतदाताओं में से 41.85 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा नहीं किए जा सके, क्योंकि या तो उनका निधन हो चुका है या वे स्थायी रूप से कहीं और चले गए हैं। उन्होंने बताया कि इनके अलावा लगभग 11 लाख मतदाता ऐसे हैं, जिन्हें अपने दस्तावेज जमा करने के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे। जयपुर जिले में सबसे ज्यादा मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

# हरिद्वार: मदरसे के 4 छात्र लापता

■ **NBT रिपोर्ट, हरिद्वार:** उत्तराखंड में हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र में स्थित मदरसे में पढ़ने वाले चार नाबालिग छात्रों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के संबंध में पुलिस ने अपहरण की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस की अलग-अलग टीमें चारों की तलाश में बाहर भेजी गई हैं। पुलिस के अनुसार, अलावलपुर पथरी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 14 दिसंबर को दोपहर में उनका 15 वर्षीय बेटा बिना बताए घर से कहीं चला गया। उसके साथ उसके तीन साथी दोस्त भी थे। सभी मदरसे में पढ़ाई कर रहे थे। पथरी थाना के थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि रेलवे स्टेशनों और संभावित स्थानों पर किशोरों की तलाश की जा रही है। पूछताछ में पता चला कि चारों बच्चे सोमवार शाम ऐथल रेलवे स्टेशन से किसी ट्रेन में सवार होकर कहीं चले गए।


**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रधान मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, निम्नलिखित कार्य के लिए योग्य ठेकेदारों से ई-टेंडरिंग के माध्यम से सिंगल बिड प्रणाली में ओपन टेंडर आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम: कोंकण रेलवे पर कारवार क्षेत्र में सीनियर इंजीनियर, उडुपि के अधिकार क्षेत्र में चार सुरंगों के अंदर और चार प्रमुख पुलों पर और एसईएन/एमएओ के अधिकार क्षेत्र में लोलये - हरवाड़ा खंडों के बीच चार सुरंगों में मैनुअल साधनों द्वारा पूर्ण ट्रैक नवीकरण (पी)। टेंडर नोटिस नं.: केआर-डब्ल्यू-1-58-2025-22. अनुमानित लागत:** रु.4,15,24,896/- जीएसटी को छोड़कर। **समापन तिथि/समय:** 07.01.2026 तक 15:00 बजे तक ऑनलाइन ऑफर/बिड जमा करने के लिए। **पूरा होने की अवधि:** मानसून सहित आठ महीने। मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण / भागीदारी के लिए कृपया **https://ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाएं। शुद्धिपत्र / परिशिष्ट केवल इस वेबसाइट पर होस्ट किए जाएंगे।

**राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड**
पो. बॉ. सं. 40, आणंद – 388001, गुजरात दूरभाष: 02692-260 148/149/160, फैक्स: 02692-260159
वेबसाइट: http://www.nddb.coop, ईमेल: purchase@nddb.coop
बोली के लिए आमंत्रण (IFB)/ स्थानीय प्रतिस्पर्धी बोली (LCB)

निम्नलिखित सूचीबद्ध कार्यों के लिए सेवा प्रदाताओं / एजेंसियों की ओर से पात्र बोलीदाताओं से बोलियां आमंत्रित हैं:

| क्रम सं. | कार्यों का विवरण/बोली संदर्भ | अनुमानित लागत (₹) GST सहित/अवधि | ई-बोली/बिक्री की तिथि | बोली जमा करने/खोलने की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| क | सिविल, संरचनात्मक, जल आपूर्ति, स्वच्छता और अन्य विविध कार्य जिनमें आंतरिक विद्युतीकरण कार्य शामिल है | | | |
| i | दावणगेरे, कर्नाटक में 5 LLPD LMP डेरी प्लांट NDDB/HO/Purchase/85/25-26/ET/85 [Civil-DAVANAGERE-2] | 7000 लाख/ 12 माह | 20.12.25 12.01.26 | 12.01.26 15:00 बजे 12.01.26 15:30 बजे |
| ii | कुप्पम, आंध्र प्रदेश में डेरी प्लांट और CFP के लिए [illegible] सिविल कार्य NDDB/HO/Purchase/86/25-26/ET/86 [Civil-KUPPAM] | 297 लाख/ 08 माह | 19.12.25 09.01.26 | 09.01.26 15:00 बजे 09.01.26 15:30 बजे |
| iii | NDDB, मुंबई में [illegible] TPO [illegible] सिविल कार्य NDDB/HO/Purchase/87/25-26/ET/87 [Waterproof-MUMBAI] | 100 लाख/ 04 माह | 18.12.25 08.01.26 | 08.01.26 15:00 बजे 08.01.26 15:30 बजे |
| ख | [illegible] | | | |
| i | दावणगेरे, कर्नाटक में 5 LLPD LMP डेरी प्लांट NDDB/HO/Purchase/88/25-26/ET/88 [LMP-DAVANAGERE] | 7500 लाख/ 12 माह | 20.12.25 12.01.26 | 12.01.26 15:00 बजे 12.01.26 15:30 बजे |
| ii | FPP, अमृतसर में [illegible] कार्य NDDB/HO/Purchase/89/25-26/ET/89 [Refri-AMRITSAR] | 1395 लाख/ 10 माह | 18.12.25 08.01.26 | 08.01.26 15:00 बजे 08.01.26 15:30 बजे |
| iii | FES, आणंद में HVAC कार्य NDDB/HO/Purchase/90/25-26/ET/90 [HVAC-ANAND] | 66 लाख/ 04 माह | 18.12.25 08.01.26 | 08.01.26 15:00 बजे 08.01.26 15:30 बजे |
| * | NDDB आणंद में सुरक्षा सेवाएं प्रदान करना NDDB/HO/Purchase/91/25-26/ET/91 [Security-ANAND] | 212 लाख/ 12 माह | 17.12.25 07.01.26 | 07.01.26 15:00 बजे 07.01.26 15:30 बजे |
| * | NDDB कोलकाता एवं RDTC सिलीगुड़ी में फैसिलिटी प्रबंधन सेवाएं NDDB/HO/Purchase/92/25-26/ET/92 [FMS-KOL-SILIGURI] | 81 लाख/ 12 माह | 17.12.25 07.01.26 | 07.01.26 15:00 बजे 07.01.26 15:30 बजे |

IFB से संबंधित अधिक जानकारी के लिए और बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए कृपया इन वेबसाइटों: www.nddb.coop और www.mstcecommerce.com/eprocn को देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया ग्रुप प्रमुख (क्रय), एनडीडीबी, आणंद-388 001 से संपर्क करें।
विशेष सूचना: किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन इत्यादि को केवल इन वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**Delhi Tourism & Transportation Development Corporation Ltd.**
(A Government Undertaking)
18-A, DDA SCO Complex, Defence Colony, New Delhi- 110024
www.delhitourism.gov.in

**Tender Notice**
Request for Proposal (RFP) for Organising
"The Delhi International Film Festival"

Bids are invited from experienced agencies through Government e Marketplace (GeM) portal for organizing "The Delhi International Film Festival". The terms and conditions and other details can be downloaded from GeM portal bid no. **GeM/2025/B/7003711.**

The pre-bid meeting is on 22-12-2025 at 11:00 AM at above mentioned address. Last date for submission of bid is 05-01-2026 by 03:00 PM.

Corrigendum/addendum if any, will appear only on GeM portal.

Chief Manager (FSPC)

**ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड**
**Oil and Natural Gas Corporation Ltd.**

**रुचि अभिव्यक्ति (ईओआई) सूचना**
**पीओजी एवं जीटीजी मॉड्यूल्स के निपटान हेतु "जैसी स्थिति है, जहां स्थिति है"**
आधार पर रुचि अभिव्यक्ति (**ईओआई**) आमंत्रित की जाती है। इन मॉड्यूल्स में 2 (दो) प्रोसेस गैस कंप्रेसर (**पीजीसी**) तथा 2 (दो) गैस टर्बाइन जनरेटर (**जीटीजी**) शामिल हैं, जो वर्ष 2017 से हजीरा यार्ड में असंयुक्त एवं संरक्षित अवस्था में उपलब्ध हैं। इस ईओआई का उद्देश्य उचित बाजार मूल्यांकन के आधार पर टॉपसाइड मॉड्यूल्स की बिक्री हेतु इच्छुक संभावित खरीदारों से आवेदन आमंत्रित करना है। ईओआई की तिथि: 16 दिसंबर 2025 दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि: 15 जनवरी 2026 (**ईओआई**) बैठक की तिथि 20 जनवरी 2026 ईओआई से संबंधित विस्तृत विवरण ओएनजीसी की वेबसाइट https://tenders.ongc.co.in तथा https://etenders.gov.in/eprocure/app. पर उपलब्ध है। इच्छुक फर्म/कंपनियां इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपनी रुचि अभिव्यक्ति ई-मेल के माध्यम से निम्नलिखित ई-मेल आईडी paloway_pankaj@ongc.co.in/ kanth_ravi@ongc.co.in पर भेज सकते हैं
अधिक जानकारी के लिए, कृपया ओएनजीसी के ई-पोर्टल पर जाएं: https://tenders.ongc.co.in

कार्यालय
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
तीसरी मंजिल, आयकर भवन
महर्षि कर्वे मार्ग, मुंबई – 400 020
फोन: 022-22095454/ 22039131

Office of the
Pr. Chief Commissioner of Income tax
3rd floor, Aayakar Bhavan,
Maharashi Karve Road, Mumbai – 400 020
Email: mumbai.dcit.hq.coord@incometax.gov.in

**फा.सं./प्र.मुख्य आयकर आयुक्त/मुंबई/ मुख्या/समन्वय/ आयकरउपायुक्त/YPS-ITAT/2025-26**
**दिनांक: 15.12.2025**
**युवा प्रोफेशनल योजना हेतु विज्ञापन**

आयकर अपीलीय अधिकरण (ITAT) में विभागीय प्रतिनिधित्व को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, आयकर विभाग, मुंबई युवा प्रोफेशनल योजना वर्ष 2023 के अंतर्गत प्रतिभाशाली युवा प्रोफेशनल्स (पेशेवार) के एक समूह का चयन करने हेतु इच्छुक है। इस योजना के अंतर्गत विधि एवं लेखा (Law & Accountancy) क्षेत्र में युवा स्नातकों की सहभागिता का प्रावधान है, अर्थात ऐसे भारतीय नागरिक जिनके पास विधि में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री तथा/अथवा चार्टर्ड अकाउंटेंट की योग्यता हो और जो अपने विषय-क्षेत्र में समृद्ध ज्ञान रखते हों। संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पदों की संख्या | 11 |
| 2 | आयु सीमा | विज्ञापन के दिनांक तक आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं |
| 3 | अनुबंध की अवधि | अनुबंध की अवधि एक वर्ष है। संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर इसे और एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। |
| 4 | कार्य स्थान | मुंबई |
| 5 | मासिक पारिश्रमिक | ₹ 60,000/- (एकमुश्त) |

**2.** इस संबंध में विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी नीचे दिए गए लिंक से विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं:

**www.incometaxmumbai.gov.in/pdf/advertisement-for-young-professional-scheme.pdf**

**3.** आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि **05.01.2026 को सायं 06:00 बजे तक है।**

दिनांक: 15.12.2025

हस्ताक्षरित/
**(शरद चंद्र, भा.रा.से.)**
आयकर उपायुक्त (मुख्यालय), समन्वय
कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, मुंबई

कार्यालय
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
तीसरी मंजिल, आयकर भवन
महर्षि कर्वे मार्ग, मुंबई – 400 020
फोन: 022-22095454/ 22039131

Office of the
Pr. Chief Commissioner of Income tax
3rd floor, Aayakar Bhavan,
Maharashi Karve Road, Mumbai – 400 020
Email: mumbai.dcit.hq.coord@incometax.gov.in

**F.No. Pr. CCIT/Mum/Hq/Coord/DCIT/YPS-ITAT/2025-26**
**Dated: 15.12.2025**
**ADVERTISEMENT FOR YOUNG PROFESSIONAL SCHEME**

With a view to augment departmental representation in Income Tax Appellate Tribunal (ITAT), the Income Tax Department, Mumbai is looking for engaging a pool of talented Young Professionals under the Young Professional Scheme, 2023. This scheme envisions engagement of Young Graduates in Law & Accountancy i.e. Indian Nationals holding Graduate/Post Graduates in Law and/or Chartered Accountant qualification, who are rich in domain knowledge, as per the following **brief** details:

| | | |
|---|---|---|
| i | Number of Positions | 11 |
| ii | Age Limit | Not exceeding 35 years of age as on the date of advertisement |
| iii | Period of contract | One year. It may be extended by another year, subject to satisfactory performance. |
| iv | Location | Mumbai |
| v | Remuneration Per month | Rs. 60,000/- (Lump Sum) |

**2.** The **detailed** advertisement along with format of the application Form in this regard has been uploaded on the Departmental Website. **The interested candidates can assess the detailed advertisement from below-mentioned link:**

**www.incometaxmumbai.gov.in/pdf/advertisement-for-young-professional-scheme.pdf**

**3.** The last date for receipt of Application form is **05.01.2026 till 06:00 PM**

**Date:15.12.2025**

Sd/-
**(SHARAD CHANDRA, IRS)**
Dy. Commissioner of Income Tax (HQ), Coordination,
O/o Pr. Chief Commissioner of Income-Tax, Mumbai

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in